हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

www.ksnewsupdates.com

धनबाद, मंगलवार 15 अक्टूबर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 192 , मूल्य : 2 रूपए

धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe
Koylanchal sambad news




PR No. 338911 (IPRD) 24-25

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## संक्षिप्त ख़बरें

### बक्सर में बदमाशों ने की सरेआम फायरिंग, एक घायल

बक्सर, (ईएमएस)। सोमवार को बिहार के बक्सर शहर में अज्ञात बदमाशों ने स्टेशन रोड स्थित महाराजा पेट्रोल पंप के पास सरेआम फायरिंग कर दी। इसके बाद बदमाश वहां से भाग निकले। इस घटना में एक व्यक्ति के गंभीर रूप से घायल होने की भी खबर है। हालांकि पुलिस ने किसी के घायल होने की पुष्टि नहीं की है। वहीं इस घटना के बाद इलाके में दहशत फैली हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर थाना से कुछ दूरी पर फायरिंग होने से पूरा इलाका दहल उठा। बताया जा रहा है कि करीब 25 की संख्या में आए अज्ञात बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर आस-पास दहशत फैला दिया। वहीं एक व्यक्ति को पैर में गोली लगने की खबर है। इस घटना के बाद नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर रही है। सदर डीएसपी धीरज कुमार ने कहा कि फायरिंग की घटना हुई है। इसमें एक व्यक्ति का नाम सामने आ रहा है। वो पूर्व में भी जेल गया है, हम लोग उसका लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास कर रहे हैं। एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। उससे पूछताछ चल रही है। अभी तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं मिली है। बहरहाल दिन दहाड़े दो दर्जन से अधिक बदमाशों द्वारा भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में फायरिंग करने से लोग दहशत में हैं।

### गोड्डा-दिल्ली-गोड्डा एक्सप्रेस का धनबाद मंडल के न्यू गिरीडीह-कोडरमा रेलखंड के धनवार स्टेशन पर ठहराव

हाजीपुर, (ईएमएस)। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गाड़ी सं. 14049/14050 गोड्डा-दिल्ली-गोड्डा एक्सप्रेस का धनबाद मंडल के न्यू गिरीडीह-कोडरमा रेलखंड के धनवार स्टेशन पर 02 मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है। दिनांक 15.10.2024 से गाड़ी सं. 14050 दिल्ली-गोड्डा एक्सप्रेस 09.16 बजे धनवार स्टेशन पहुंचेगी और 09.18 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी । दिनांक 16.10.2024 से गाड़ी सं. 14049 गोड्डा-दिल्ली एक्सप्रेस 16.04 बजे धनवार स्टेशन पहुंचेगी और 16.06 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इस बात की जानकारी पूर्व मध्य रेल के जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में दी गई है।

### पैच दोहरीकरण कार्य हेतु एनआई कार्य के मद्देनजर विभूति एक्सप्रेस का आंशिक समापन/प्रारंभ बनारस में

हाजीपुर, (ईएमएस)। रेलवे द्वारा उन्नयन एवं परिचालनिक सुगमता हेतु पूर्वोत्तर रेलवे के बनारस-प्रयागराज खण्ड पर प्रयागराज रामबाग-प्रयागराज जं. स्टेशनों के मध्य पैच दोहरीकरण कार्य के मद्देनजर विभूति एक्सप्रेस का परिचालन बनारस में आंशिक समापन/प्रारंभ कर किया जायेगा- दिनांक 19.10.2024 तक हावड़ा से खुलने वाली गाड़ी सं. 12333 हावड़ा-प्रयागराज रामबाग एक्सप्रेस का आंशिक समापन बनारस में किया जायेगा अर्थात यह ट्रेन बनारस और प्रयागराज रामबाग के मध्य रद्द रहेगी। दिनांक 20.10.2024 तक प्रयागराज रामबाग से खुलने वाली गाड़ी सं. 12334 प्रयागराज रामबाग-हावड़ा एक्सप्रेस का आंशिक प्रारंभ बनारस से किया जायेगा अर्थात यह ट्रेन प्रयागराज रामबाग और बनारस के मध्य रद्द रहेगी। इस बात की जानकारी पूर्व मध्य रेल के जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में दी गई है।

### पप्पू यादव ने दी लॉरेंस बिश्नोई को खुली चुनौती और कहा, 24 घंटे में इस दो टके का नेटवर्क खत्म कर दूंगा

पटना(ईएमएस)। निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को खुली चुनौती दी है। पप्पू यादव ने कहा है अगर कानून अनुमति दे तो 24 घंटे में लॉरेंस बिश्नोई जैसे दो टके के अपराधी के पूरे नेटवर्क को खत्म कर दूंगा। पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने एक्स पर लिखी अपनी पोस्ट में विवादित शब्दों का इस्तेमाल किया है। उन्होंने लिखा कि यह देश है या हिजड़ों की फौज। एक अपराधी जेल में बैठकर चुनौती दे रहा है, लोगों को मार रहा है, लेकिन सभी मूकदर्शक बने हुए हैं। पप्पू यादव ने कहा कि लॉरेंस बिश्नोई ने कभी मूसेवाला को मरवा दिया, कभी करणी सेना के मुखिया को मरवाया और अब एक उद्योगपति राजनेता को मरवा डाला।पप्पू यादव ने लॉरेंस बिश्नोई को दो टके का अपराधी बताया है। उन्होंने इसी पोस्ट में गैंगस्टर को चुनौती देते हुए कहा कि अगर कानून इजाजत दे तो 24 घंटे में इस लॉरेंस बिश्नोई जैसे दो टके के अपराधी को पूरे नेटवर्क को खत्म कर दूंगा। इससे पहले पप्पू यादव ने जो पोस्ट की थी, उसमें बाबा सिद्दीकी को बिहार का बेटा बताया था। दरअसल बाबा सिद्दीकी बिहार के ही रहने वाले थे और बाद में मुंबई जाकर अपनी राजनीति शुरू की थी। इसमें उन्होंने महाराष्ट्र में महाजंगलराज बताया था। पप्पू यादव ने लिखा था कि वाय श्रेणी की सिक्योरिटी सुरक्षा में सरकार समर्थक पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी जी की हत्या महाराष्ट्र में महाजंगलराज का शर्मनाक प्रमाण है। बिहार के बेटे बाबा सिद्दीकी की हत्या अत्यंत दुःखद है. भाजपा गठबंधन सरकार अपने दल के इतने रसूख़ वाले नेताओं की रक्षा न कर पा रही है तो अमलोगों का क्या होगा?

### चार बच्चों के साथ मां ने खा लिया जहर पांचों की हालत गंभीर

मधेपुरा : मधेपुरा में सोमवार को पारिवारिक विवाद में एक महिला ने चार बच्चे संग जहर खा ली। परिजनों ने महिला और चारों बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया है। मामला मुरलीगंज थाना क्षेत्र के पड़वा नवटोल वार्ड चार का है। बताया जा रहा है कि शैलेंद्र राम की पत्नी सीमा देवी पारिवारिक कलह से तंग आकर अपने चार बच्चे प्रिया कुमारी (7), पल्लवी कुमारी (5), दिव्यांशु कुमार (4) और अयांश कुमार (3) जहर खिला दिया। इसके बाद खुद भी जहर खा ली। आसपास के लोगों ने पांचों को मुरलीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए पांचों को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सदर अस्पताल से भी जन नायक कर्पूरी ठाकुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। पति शैलेन्द्र राम ने बताया कि मामूली बात को लेकर सोमवार को पत्नी के साथ विवाद हुआ था। झगड़ा के बाद वह शौच के लिए खेत की ओर चले गए थे। घर पर उनकी पत्नी सीमा देवी (30) ने खुद भी जहर खा ली और चार बच्चों को भी जहर खिला दिया। जिसमें से दो बच्चे की स्थिति गंभीर है। सदर अस्पताल के डॉक्टर मनोज कुमार ने बताया कि मुरलीगंज सीएचसी से पांचों मरीज आए थे। महिला और चार बच्चों का लगभग एक घंटे तक सदर अस्पताल में इलाज किया गया है। लेकिन, स्टेबल नहीं होने के कारण सभी को हायर सेंटर रेफर किया गया है। चारों बच्चों को एक एम्बुलेंस से और महिला को दूसरे एम्बुलेंस से मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। महिला की गोतनी समसी देवी ने बताया कि सीमा देवी का गांव के एक युवक से अवैध संबंध था। इसी बात को लेकर पति से विवाद हुआ था। जिसके बाद सीमा देवी ने खुद कीटनाशक खा लिया और बच्चों को खिला दिया।

### ग्रुप लोन से तंग होकर महिला ने दे दी जान

पूर्णिया : पूर्णिया में ग्रुप लोन से परेशान महिला ने पंखे से लटककर खुदकुशी कर ली। महिला ने 40 हजार रुपए का ग्रुप लोन ले रखा था, जिसे लेकर लोन कर्मी घर पर ताला मारने की धमकी दे रहे थे। इसी को लेकर वो पिछले कुछ दिनों से काफी परेशान चल रही थी। कर्ज के दबाव में उसने ये खौफनाक कदम उठाया और खुदकुशी कर ली। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है। फोरेंसिक की टीम को भी तहकीकात के लिए बुलाया गया है। इस दुःखद घटना के बाद से मृतक के परिजनों में चीख पुकार मची है। मृतक के परिजनों ने शव के पोस्टमॉर्टम से इनकार कर दिया है। वहीं ये पूरी घटना बायसी टोला की है। मृतका की पहचान नाहेदा खातून 38 के रूप में हुई है। घटना की जानकारी देते हुए मृतका की बेटी दुलारी ने बताया कि पिता के देहांत के बाद घर की स्थिति काफी खराब थी। इसे लेकर मां नाहेदा खातून ने साल भर पहले 40 हजार रुपए का ग्रुप लोन उठाया था। इसकी कुछ किस्त वो जमा कर चुकी थी। वहीं पिछले एक महीने से वो ग्रुप लोन नहीं चुका पा रही थी। जिसे लेकर ग्रुप लोन के कर्मी द्वारा उनकी मां को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था और धमकी दी जा रही थी। ग्रुप लोन वाला हर रोज आकर घर आता था और मां को जेल भेज देने की धमकी देता था। इससे पहले कल भी वो घर पहुंचे थे और घर में ताला मारने की धमकी देकर गए थे। इसी के बाद से मां परेशान थी।

# रेलयात्रियों ने साझा किए हादसे के अनुभव



दरभंगा : मैसूर से दरभंगा आ रही बागमती सुपरफास्ट एक्सप्रेस के मालगाड़ी से टकराने के बाद हादसे का शिकार हुए यात्री आखिरकार सोमवार को सुरक्षित दरभंगा जंक्शन पहुंचे। यात्रियों के चेहरे पर घर लौटने की खुशी साफ नजर आ रही थी। साथ ही, उन्होंने रेलवे प्रशासन और घटनास्थल के स्थानीय लोगों का धन्यवाद किया, जिन्होंने हादसे के तुरंत बाद मदद पहुंचाई और उन्हें सुरक्षित घर पहुंचाने में सहायता की। यात्रियों ने बताया कि रेल प्रशासन ने पूरे सफर के दौरान उनका ध्यान रखा और उन्हें भोजन और पानी की व्यवस्था भी दी।

#### 'भगवान की कृपा से हम सही सलामत'

हालांकि कुछ यात्री इस हादसे में घायल भी हुए, लेकिन सही सलामत घर लौटने की खुशी उनके चेहरों पर झलक रही थी। घटना को याद करते हुए यात्री भगवान का धन्यवाद करते दिखे। एक यात्री ने कहा कि हम सभी बाल-बाल बच गए। चारों तरफ चीख-पुकार मची थी और डिब्बे पटरी से पलटे हुए थे, लेकिन भगवान की कृपा से हम सब सही सलामत घर आ गए।

#### छठ और दीपावली के लिए आ रहे यात्रियों का नुकसान

दुर्घटना के बाद दरभंगा जंक्शन पहुंचे कई यात्रियों ने अपने लाखों के सामान खोने की चिंता व्यक्त की। कई यात्री छठ और दीपावली मनाने अपने परिवार के साथ आ रहे थे, लेकिन हादसे में उनका सारा सामान गायब हो गया। उन्होंने दरभंगा रेलवे स्टेशन पर अपनी शिकायतें भी दर्ज कराईं।

#### यात्रियों ने साझा किए दर्द भरे अनुभव

यात्री सुनील कुमार ने बताया कि हादसे में कई लोगों को चोटें आईं। उन्होंने कहा कि बाहर की स्थिति बेहद डरावनी थी। एक बोगी दूसरी बोगी पर चढ़ गई थी। देखने से स्थिति काफी भयावह लग रही थी। हालांकि, जिस तरह का हादसा हुआ, उस हिसाब से जानमाल की क्षति कम हुई। सुनील का सारा सामान जिसमें पैसा और टिकट भी था, गायब हो गया। उन्होंने दरभंगा जीआरपी में शिकायत दर्ज करवाई है। सोनी देवी जो इलाज कराकर लौट रही थीं, ने बताया कि हादसे के समय वे लोग खाना ऑर्डर कर रहे थे। अचानक तेज आवाज सुनाई दी और बोगियों में अफरा-तफरी मच गई। लोग कहने लगे कि ट्रेन पलट गई है। उनकी बोगी पटरी से अलग हो गई थी, लेकिन वे सभी सुरक्षित बच गए। सोनी देवी ने भगवान को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी बोगी में किसी को गंभीर चोट नहीं आई।


#### सामान गुम होने की शिकायत

दरभंगा जंक्शन पर पहुंचे 16 यात्रियों ने जीआरपी थाने में अपने सामान गुम होने की शिकायत दर्ज करवाई। जीआरपी थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने बताया कि यात्रियों द्वारा सामान गुम होने की शिकायतें मिली हैं। वरीय अधिकारियों के निर्देश पर इस पर कार्रवाई की जाएगी।

### 18 अक्टूबर को सुपौल आएंगे सीएम नीतीश

सुपौल : 18 अक्टूबर को सीएम नीतीश कुमार का सुपौल में कार्यक्रम संभावित है। जिसको लेकर प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर है। हालांकि सीएम के कार्यक्रम की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। लेकिन सूत्रों की मानें तो 18 अक्टूबर को सीएम सुपौल के सरायगढ़ भपटियाही प्रखंड में दो अलग अलग कार्यक्रमों के साथ ही किशनपुर प्रखंड में भी एक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सीएम 18 अक्टूबर की सुबह 11 बजे हेलीकॉप्टर से सरायगढ़ भपटियाही प्रखंड क्षेत्र स्थित बीएन इंटर कॉलेज पहुंचेंगे। 11:07 में वह भपटियाही थाना के नवनिर्मित भवन के उद्घाटन के साथ ही जिले से संबंधित विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। 11:20 बजे उनका भपटियाही में नवनिर्मित आरओबी (रेल ओवर ब्रिज) उद्घाटन का कार्यक्रम है। जिसके बाद वह किशनपुर प्रखंड के मलाढ़ पंचायत स्थित वार्ड 12 महादलित टोला के लिए प्रस्थान करेंगे। यहां प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों और योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए जाएंगे.

# नाराज कर्मचारी ने सीओ की गाड़ी को लगा दी आग





नालंदा : नालंदा में विजयादशमी की रात कतरीसराय में घटी एक चौंकाने वाली घटना ने स्थानीय प्रशासन को हिला कर रख दिया है। 13 अक्तूबर को अज्ञात व्यक्ति द्वारा सीओ धीरज प्रकाश के सरकारी आवास में खड़ी उनकी निजी गाड़ी को आग के हवाले कर दिया गया था। इस घटना की गुत्थी अब सुलझ गई है। इसके पीछे किसी बाहरी नहीं, बल्कि एक सरकारी कर्मचारी का ही हाथ था।

#### काम के दबाव और छुट्टी न मिलने से था खफा

राजगीर के डीएसपी सुनील कुमार की अगुवाई में गठित विशेष जांच दल ने मामले की गहन जांच की। वीडियो फुटेज, फॉरेंसिक साक्ष्य और श्वान दस्ते की मदद से यह सामने आया कि यह घटना कतरीसराय अंचल में कार्यरत राजस्व कर्मचारी सतेंद्र प्रसाद ने अंजाम दी थी। आरोपी ने काम के दबाव और छुट्टी न मिलने से खफा होकर यह कदम उठाया।

#### सीओ से नोंक-झोंक के बाद उठा लिया कदम

थानाध्यक्ष सत्यम तिवारी ने बताया कि आरोपी सतेंद्र प्रसाद मूल रूप से जहानाबाद जिले के काको थानाक्षेत्र का रहने वाला है। सतेंद्र कतरीसराय अंचल में राजस्व कर्मचारी के पद पर कार्यरत था। पूछताछ के दौरान उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि काम के बढ़ते दबाव और छुट्टी न मिलने से वह बेहद नाराज था। उसने सीओ से हुई बहस के बाद बदला लेने के लिए उनकी गाड़ी जलाने का फैसला किया।

#### तत्काल कार्रवाई में गिरफ्तारी और साक्ष्य जब्त

पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के साथ-साथ एक उजले रंग की बोलेरो गाड़ी और दो मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। फिलहाल आरोपी का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। छापामारी टीम में थाना अध्यक्ष सत्यम तिवारी के साथ दारोगा शैलेंद्र कुमार सिंह, प्रशिक्षु दारोगा आदित्य कुमार, जमादार मनीष कुमार, संजय दास और कतरीसराय थाना के सशस्त्र पुलिस बल शामिल थे।

# मूर्ति विसर्जन करने गए पांच युवक नदी में डूबे



गोपालगंज : गोपालगंज जिले के भोरे थाना क्षेत्र के महरादेऊर में स्थित सोनानदी में विसर्जन करने गए पांच युवक डूब गए। जिसमें से स्थानीय लोगों ने चार को सुरक्षित निकाल लिया। जबकि एक युवक की डूबने से की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में कोहराम मच गया। आनन फानन में ग्रामीण उसे लेकर भोरे के एक निजी क्लीनिक पर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरी तरफ घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल परिसर में भोरे थानध्यक्ष, बीडीओ और सीओ भी पहुंच गए। लेकिन परिजन शव को लेकर अपने घर चले गए।

#### प्रतिमाओं का विसर्जन कराया जा रहा था

बताया जाता है कि जिले के भोरे थाना क्षेत्र के महरादेऊर बाजार में दुर्गा पूजा किया गया था। सोमवार को प्रतिमा का विसर्जन हो रहा था। पुलिस की सुरक्षा के बीच प्रतिमाओं का विसर्जन कराया जा रहा था। महरादेउर से होकर गुजरने वाली सोना नदी में प्रतिमा विसर्जन के लिए कुछ युवक उतरे थे। पानी की गहराई का अंदाजा नहीं होने के कारण पांच युवक उसमें डूबने लगे। आसपास के ग्रामीणों ने चार को तो निकाल लिया। लेकिन पांचवां उसी में डूबा रह गया। लगभग 45 मिनट के बाद उसे बाहर निकाला गया, जिसे ग्रामीण भोरे के एक निजी क्लीनिक पर लेकर गए। यहां से अस्पताल में भेज दिया गया। लेकिन परिजन मृत युवक को लेकर अपने घर चले गए।

#### शव को पोस्टमार्टम के लिए नहीं भेजा गया

मृत युवक की पहचान भोरे थाना क्षेत्र के डूमर नरेंद्र गांव के रविंद्र भगत के 22 वर्षीय पुत्र अविनाश कुमार के रूप में की गई है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर एसएचओ संदीप कुमार, बीडीओ दिनेश कुमार सिंह और सीओ अनुभव राय, मुखिया प्रतिनिधि सुरेंद्र मांझी, पूर्व मुखिया बहादुर गोंड डूमर नरेंद्र पहुंचकर मामले की जानकारी ली। समाचार लिखे जाने तक शव को पोस्टमार्टम के लिए नहीं भेजा गया था।

# ऑर्केस्ट्रा में बार बालाओं संग ठुमके लगाते और पैसे लुटाते दिखा चौकीदार



सीतामढ़ी : सीतामढ़ी जिले के बथनाहा थानाक्षेत्र से एक चौकीदार द्वारा ड्यूटी के दौरान कानून की धज्जियां उड़ाने का मामला सामने आया है। दुर्गा पूजा के मौके पर आयोजित ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रम में सुरक्षा के लिए तैनात चौकीदार पप्पू कुमार का बार बालाओं के साथ ठुमके लगाते और पैसे लुटाते हुए वीडियो वायरल हो रहा है। इस घटना ने पुलिस विभाग और कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

#### बार बाला के साथ ठुमके लगाए, उसपर पैसे भी लुटाए

जानकारी के मुताबिक, मामला बथनाहा थानाक्षेत्र के योगवाना गांव का है, जहां दुर्गा पूजा के मौके पर बीती रात ऑर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था के लिए बथनाहा थाने में कार्यरत चौकीदार पप्पू कुमार की ड्यूटी लगाई गई थी। लेकिन अपनी ड्यूटी निभाने के बजाय पप्पू कुमार खुद बार बालाओं के साथ मंच पर चढ़कर नाचने लगा। वीडियो में देखा जा सकता है कि चौकीदार वर्दी पहने हुए और काला गमछा डाले हुए बार बालाओं के साथ ठुमके लगा रहा है। इतना ही नहीं, नाचने के दौरान उसने बार बालाओं पर पैसे भी लुटाए।

#### शराब के नशे में धुत था चौकीदार

वीडियो में यह भी साफ दिखाई दे रहा है कि चौकीदार पप्पू कुमार शराब के नशे में धुत था और लड़खड़ाते हुए नजर आ रहा है। वीडियो बनाते समय कुछ लोग इस नजारे का मजा ले रहे थे, जबकि चौकीदार अपनी मर्यादा भूलकर नाच में मग्न था। बाद में किसी ने यह वीडियो सोशल मीडिया पर डाल दिया, जिसके बाद यह वायरल हो गया।

#### पुलिस कार्रवाई की तैयारी में

इस घटना पर जब पुलिस अधिकारियों से पूछा गया तो सदर डीएसपी 2 आशीष रंजन ने बताया कि घटना की जानकारी उन्हें वीडियो के माध्यम से मिली है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। दोषी पाए जाने पर चौकीदार पप्पू कुमार पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, वीडियो के आधार पर मामले की जांच जारी है।

#### सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया

इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है, जिससे चौकीदार की हरकतों पर कड़ी आलोचना हो रही है। लोग पुलिस विभाग से सवाल कर रहे हैं कि किस तरह के कर्मचारी कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात किए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों में भी इस घटना को लेकर काफी नाराजगी है और वे चौकीदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### तीन दोस्तों को अनियंत्रित बाइक ने रौंदा एक की मौत, दो की हालत गंभीर

बेतिया : बेतिया में अनियंत्रित बाइक सवार ने मेला देख घर लौट रहे तीन दोस्तों को रौंद दिया। इस हादसे में घायल हुए एक युवक की इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान मोतिहारी के पास मौत हो गई। जबकि दो किशोरों की हालत गंभीर बनी हुई है। यह घटना जिले के मझौलिया थानाक्षेत्र के अनवाहॉ मोड़ के पास की है। मृत युवक की पहचान खुटिया विशुनपुर निवासी शेख नसरुद्दीन के बेटे शेख साहिल (18) के रूप में की गई है। वहीं, घायलों की पहचान शेख मृत्युंजय के बेटे वोसीम (16) और मोहम्मद इजहार के बेटे शौकत (15) के रूप में की गई है। इधर, घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज मामले की छानबीन में जुट गई। दोनों घायल किशोर का इलाज जीएमसीएच के सर्जिकल वार्ड में चल रहा है। मृतक के पिता शेख नसरुद्दीन ने बताया कि उनका बेटा शेख साहिल अपने गांव के दोस्त वोसीम और शौकत के साथ दशहरे का मेला देखने रविवार की रात पारस पकड़ी गया हुआ था। देर रात घर लौटने के दौरान तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिसमें तीनों दोस्त गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इलाज के लिए परिजन उन्हें आनन-फानन में जीएमसीएच बेतिया ले गए। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने शेख साहिल की स्थिति गंभीर देखते हुए पटना रेफर कर दिया। वहीं, परिजन इलाज के लिए पटना ले जा रहे थे तब तक रास्ते में मोतिहारी के पास युवक की मौत हो गई। उसके बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इधर, थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि उन्होंने बताया कि पुलिस घटनास्थल से बाइक को जब्त कर थाने लाई है। मामले में मृतक के परिजनों के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई करने में जुटी हुई है।

### पोस्टमार्टम के बाद शव गायब

गया : बिहार पुलिस लापरवाही की रोज नई कहानी गढ़ रही है। ऐसी ही एक कहानी के कारण गया शहर गरम है। हंगामा हो रहा है। डीजीपी आलोक राज का सख्त निर्देश सिर्फ बयान बनकर रह गया है। नतीजा है कि अब पुलिस एक ऐसी लाश ढूंढ़ रही है, जो पोस्टमार्टम के बाद उसके रिकॉर्ड से ही गायब हो गई- सशरीर। पुलिस ने सड़क हादसे का शिकार स्कूटी और उसमें मरने वाले युवक का मोबाइल हाथ में रहते हुए भी परिजनों तक पहुंचने की जगह पोस्टमार्टम के बाद शव को एक होमगार्ड के हवाले कर दिया। होमगार्ड ने भी जिम्मेदारी लिए बगैर पोस्टमार्टम रूम में दिखे एक युवक के हवाले कर दिया। अब जब परिजनों को अपने जवान बेटे की मौत का पता चला है और हंगामा बढ़ा तो पुलिस पता लगा रही कि लाश का हुआ क्या?

# नागी डैम में उतराता मिला मां-बेटे का शव

जमुई : जमुई के झाझा थानाक्षेत्र के नागी डैम में सोमवार को मां-बेटे का शव पानी में उतराता मिला, जिसे देखने के लिए स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। उसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना झाझा थाना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर पानी में उतराते दोनों शवों को बाहर निकाला। फिर कागजी कार्रवाई पूरी कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल जमुई भेज दिया। मृतका की पहचान झाझा थानाक्षेत्र के कर्मा गांव निवासी पप्पू यादव की पत्नी रिंकू देवी (24) और बेटे प्रियांशु कुमार (3) के रूप में हुई है। मृतका के पति पप्पू यादव ने बताया कि रविवार की दोपहर लगभग एक बजे से उसकी पत्नी और बच्चा लापता थे। उनकी काफी खोजबीन की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। वहीं, मृतका के पिता सुरेश यादव ने बताया कि रुपये के लेनदेन को लेकर दामाद ने उसकी बेटी और नाती की हत्या कर शवों को डैम में फेंक दिया। मृतका के पिता ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी रिंकू देवी की शादी 10 साल पूर्व कर्मा गांव निवासी पप्पू यादव के साथ की थी। लेकिन शादी के कुछ ही महीनों के बाद से पति समेत ससुराल वालों द्वारा दो लाख रुपये नकदी, बाइक और बर्तन की मांग की जाने लगी। इसको लेकर बेटी से ससुराल वालों द्वारा अक्सर मारपीट और उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि दो दिन पूर्व भी रिंकू देवी के साथ ससुराल वालों द्वारा बीड़ी बनाने के पैसे 22 सौ रुपये की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट की गई। उसके बाद रविवार की दोपहर लगभग एक बजे से बेटी रिंकू देवी और उसका बेटा प्रियांशु लापता थे। जब लापता होने की सूचना मिली तो उसके ससुराल पहुंचकर खोजबीन करने की बात कही। तब ससुराल वाले उन्हें खोजने को तैयार नहीं थे और न ही उनके लापता होने की सूचना पुलिस को दी गई।मृतका के पिता ने बताया कि सोमवार को ग्रामीणों से सूचना मिली कि नागी डैम में एक बच्चा पानी में उतरा रहा है। जब वहां जाकर देखा तो बेटी का भी शव पानी में उतराता मिला। इधर, पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल जमुई भेज दिया। साथ ही पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई।

### दो दिन बाद तेजस्वी यादव शुरू करेंगे अपनी यात्रा

पटना : नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव फिर से सुर्खियों में है। दुबई से लौटने के बाद उन्होंने बिहार भ्रमण की घोषणा कर दी है। राष्टीय जनता दल ने तेजस्वी यादव के कार्यक्रम को दूसरे चरण की संवाद यात्रा नाम दिया है। राजद की ओर से इस कार्यक्रम का लिस्ट भी जारी कर दिया गया है। राष्ट्रीय जनता दल की ओर से कहा गया है कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का 'कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम ' का दूसरा चरण 16 अक्टूबर को बांका से शुरू होने जा रहा है। इसके लिए वह 15 अक्टूबर को ही बांका के लिए प्रस्थान करेंगे। 16 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक के इस दूसरे चरण में वे 12 जिलों के कुल 54 विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं से मिलकर उनके साथ सीधा संवाद करेंगे। पहले चरण में वे समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी और मुजफ्फरपुर के कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कर चुके हैं। राजद के प्रदेश प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने बताया कि 16 अक्टूबर को बांका में अमरपुर,घोरैया , बांका, कटोरिया एवं बेलहर विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे। 17 अक्टूबर को जमुई में सिकन्दरा, जमुई, झाझा एवं चकाई , 18 अक्टूबर को मुंगेर में तारापुर, मुंगेर एवं जमालपुर,19 अक्टूबर को खगड़िया जिला के गोल्डेन रिसॉर्ट रहिमपुर में अलौली , खगड़िया, बेलदौर एवं परवत्ता , 20 अक्टूबर को बेगुसराय में चेरिया बरियारपुर, बछबाड़ा, तेघड़ा, मटिहानी, बेगुसराय,बखरी एवं साहेबपुर कमाल, 21 अक्टूबर को लखीसराय में सूर्यगढा, लखीसराय, शेखपुरा एवं बरबिघा , 22 अक्टूबर को नवादा में रजौली, हिसुआ, नवादा, गोविंदपुर एवं वारसलीगंज, 23 अक्टूबर को राजगीर में अस्थावां, बिहारशरीफ, राजगीर, इस्लामपुर, हिलसा, नालंदा एवं हरनौत, 24 अक्टूबर को जहानाबाद में जहानाबाद, मखदुमपुर, घोसी ,अरवल एवं कुर्था, 25 अक्टूबर को बोधगया में बाराचट्टी, बोधगया, गया शहर, बेलागंज एवं वजीरगंज के साथ हीं 26 अक्टूबर को इमामगंज,गुरुआ, टेकारी,अतरी एवं शेरघाटी के कार्यकर्ताओं से संवाद करने के साथ ही 'कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम ' का दूसरा चरण सम्पन्न हो जाएगा।

हिंदी दैनिक
# कोयलांचल संवाद
www.ksnewsupdates.com
धनबाद, मंगलवार 15 अक्टूबर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 192, मूल्य : 2 रुपए
धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
YouTube Subscribe Koylanchal sambad news

## संक्षिप्त खबरें

### सालों बाद जम्मू-कश्मीर से हटाया गया राष्ट्रपति शासन



जम्मू : जम्मू-कश्मीर में 2018 से राष्ट्रपति शासन लागू था। 2014 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा-पीडीपी ने गठबंधन की सरकार बनाई थी लेकिन बाद में भाजपा ने सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया था। भाजपा के समर्थन वापस लेने के बाद तत्कलीन मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था।तब राज्य संविधान की धारा 92 के अनुसार जम्मू-कश्मीर में राज्यपाल शासन लगाया गया था। उस समय जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 नहीं हटा था। 6 महीने के बाद केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रपति शासन लगा दिया था, जिसे बाद में और बढ़ा दिया गया।

### राज्यसभा चुनाव हॉर्स ट्रेडिंग : सीडी की सीबीआई जांच के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जायेगी सरकार

रांची : झारखंड सरकार 2016 में हुए राज्यसभा चुनाव से जुड़े हॉर्स ट्रेडिंग मामले में सीडी की जांच सीबीआई से कराने के हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जायेगी. सोमवार को हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान अदालत के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने एसएलपी दाखिल करने के लिए अदालत से मांगा. इस मामले में वर्तमान डीजीपी अनुराग गुप्ता और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के सलाहकार अजय कुमार की भूमिका बताते हुए रांची के जगन्नाथपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई गयी थी. आरोपों के मुताबिक, तत्कालीन राज्यसभा प्रत्याशी मुख्तार अब्बास नकवी और महेश पोद्दार के पक्ष में मतदान के लिए विधायक निर्मला देवी को प्रलोभन दिया गया था. वर्ष 2016 में बाबूलाल मरांडी ने एक ऑडियो टेप जारी किया था. ऑडियो टेप में वर्तमान डीजीपी अनुराग गुप्ता, तत्कालीन विधायक निर्मला देवी और पूर्व मंत्री योगेंद्र साव की बातचीत सामने आयी थी. उस ऑडियो की सीडी की सीबीआई जांच का आदेश हाईकोर्ट ने दिया था.

### रांची में 18 और 19 अक्टूबर को लगेगा मुड़मा मेला, सीएम हेमंत सोरेन को आमंत्रण

रांची(ईएमएस)।रांची जिले में 18 और 19 अक्टूबर को प्रसिद्ध मुड़मा मेले का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए ऐतिहासिक राजी पाड़हा जतरा समिति (मुड़मा) का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को सीएम हेमंत सोरेन से मिला और उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में पूजा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।रांची जिले के मांडर प्रखंड में दो दिवसीय ऐतिहासिक मुड़मा मेले का आयोजन हर वर्ष किया जाता है। इसमें समृद्ध आदिवासी परंपरा और संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आज सोमवार को झारखंड मंत्रालय में ऐतिहासिक राजी पाड़हा जतरा समिति (मुड़मा) के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की।मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने 18 एवं 19 अक्टूबर 2024 को राजकीय परंपरागत ऐतिहासिक पाड़हा जतरा समारोह (मुड़मा मेला) के अवसर पर आयोजित पूजा में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया।मौके पर ऐतिहासिक राजी पाड़हा जतरा समिति, मुड़मा के मुख्य संयोजक धर्मगुरु बंधन तिग्गा और अध्यक्ष जगराम उरांव उपस्थित थे।

### पीएम मोदी से मिली आतिशी पीएमओ ने तस्वीर शेयर की

नई दिल्ली (ईएमएस)। दिल्ली की नई मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पीएमओ ने तस्वीर शेयर कर इसकी जानकारी दी। सीएम बनने के बाद आतिशी की पीएम मोदी से यह पहली मुलाकात है। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के सीएम पद से इस्तीफा देने के बाद आतिशी ने मुख्यमंत्री का पद संभाला था। शपथ लेने के बाद आतिशी अपने तेवर में दिखी थीं। शपथ ग्रहण करते ही उन्होंने जनता को आश्वस्त कर कहा था कि अब दिल्ली वालों के काम रुकने नहीं देंगी। आतिशी दिल्ली की 3 महिला मुख्यमंत्री हैं, इसके पहले सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित दिल्ली के मुख्यमंत्री रह चुकी हैं। दिल्ली में फरवरी 2025 में विधानसभा चुनाव होने प्रस्तावित हैं तब तक आतिशी के पास दिल्ली सीएम पद की कमान है।

### धनबाद और जम्मूतवी के मध्य चलायी जा रही धनबाद-जम्मूतवी-धनबाद स्पेशल ट्रेन की बारंबारता में वृद्धि

**अब सप्ताह में एक दिन के बजाए दो दिन चलेगी**

हाजीपुर, (ईएमएस)। आगामी त्योहरों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु कोडरमा-गया-डीडीयू-प्रयागराज-दिल्ली के रास्ते धनबाद और जम्मूतवी के मध्य चलायी जा रही स्पेशल ट्रेन 03309/03310 धनबाद-जम्मूतवी-धनबाद स्पेशल अब सप्ताह में 01 दिन के बजाए 02 दिन परिचालित की जायेगी। गाड़ी सं. 03309 धनबाद-जम्मूतवी एक्सप्रेस स्पेशल अब 15.10.2024 से 30.11.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार के साथ ही शनिवार को भी धनबाद से परिचालित की जाएगी। इसी तरह गाड़ी सं. 03310 जम्मूतवी-धनबाद एक्सप्रेस स्पेशल 16.10.2024 से 01.12.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक बुधवार के साथ ही रविवार को भी जम्मूतवी से परिचालित की जाएगी। इस बात की जानकारी पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने दी है।

### वैश्विक 6जी पेटेंट फाइलिंग में भारत शीर्ष छह देशों में शामिल

नई दिल्ली (ईएमएस)। देशभर में 5जी को रिकॉर्ड समय में लागू करने के बाद भारत 6जी तकनीक पर काम कर रहा है। देश 6जी से संबंधित पेटेंट दाखिल करने के मामले में शीर्ष है। वैश्विक 6जी पेटेंट फाइलिंग में भारत शीर्ष छह देशों में शामिल हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2030 तक भारत के 6जी तकनीक के डिजाइन, विकास और तैनाती में अग्रणी योगदानकर्ता बनने की परिकल्पना की है। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने 6जी शोध को आगे बढ़ाने दो अगली पीढ़ी के टेस्टबेड को वित्तीय सेवा दी है। मोदी सरकार के नेतृत्व वाली एक समिति के अनुसार, भारत अगले तीन वर्षों में सभी 6जी पेटेंट में 10 प्रतिशत की हिस्सेदारी और वैश्विक मानकों में छठा योगदान हासिल कर सकता है।

## झारखंड कैबिनेट की बैठक में 29 प्रस्तावों को दी गई स्वीकृति

# मंईयां सम्मान योजना की राशि 1000 से बढ़कर हुई 2500 रुपए

रांची(ईएमएस)। झारखंड कैबिनेट (मंत्रिपरिषद) की बैठक में 29 प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई बैठक में झारखंड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना की राशि एक हजार रुपए से बढ़ाकर ढाई हजार रुपए करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।झारखंड कैबिनेट की बैठक सोमवार को प्रोजेक्ट भवन में हुई। सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई बैठक में 29 प्रस्तावों को स्वीकृति मिली।कैबिनेट ने झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि 1000 रुपए से बढ़ाकर 2500 रुपए करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इस वर्ष दिसंबर महीने से महिलाओं को बढ़ी हुई राशि उनके खाते में भेजी जाएगी।इस तरह अब साल में 30 हजार रुपए हेमंत सोरेन सरकार महिला लाभुकों को देगी।

हेमंत सोरेन कैबिनेट ने सोमवार को झारखंड की करीब 50 लाख महिलाओं को बड़ी सौगात दी है। दिसंबर से इनके खाते में 2500 रुपए आएंगे। झारखंड कैबिनेट ने मंईयां सम्मान योजना की राशि एक हजार से बढ़ाकर 2500 रुपए कर दी है।

झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले हेमंत सोरेन सरकार ने आधी आबादी को बड़ा तोहफा दिया है। मंईयां सम्मान योजना की राशि ढाई गुनी बढ़ा दी गयी है। झारखंड कैबिनेट ने इस पर मुहर भी लगा दी।18 वर्ष से 49 वर्ष की हर वर्ग की महिलाओं को झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ दिया जा रहा है।झामुमो ने की थी राशि बढ़ाने की मांग

बीजेपी ने गोगो दीदी योजना के तहत हर महीने 2100 रुपये देने की बात कही है।इसके जवाब में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने झामुमो सम्मान योजना चलाने और हर महीने 2500 रुपए देने की बात कही है।इसे लेकर चुनाव आयोग को पत्र लिखकर पार्टी ने बीजेपी की तरह झामुमो सम्मान योजना का फॉर्म भरवाने के लिए अनुमति मांगी थी।झामुमो ने सरकार से राशि बढ़ाने की मांग की थी।इस आलोक में आज झारखंड कैबिनेट ने इस प्रस्ताव पर मुहर लगाकर बीजेपी को करारा जवाब दिया है।




## सीएम हेमंत सोरेन ने बांटा नियुक्ति पत्र

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये मुंबई में किया झारखंड भवन का शिलान्यास

रांची। सीएम हेमंत सोरेन ने सोमवार को रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन से 498 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को नियुक्त पत्र का वितरण किया। इस दौरान सीएम हेमंत सोरेन ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले को पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी।उन्होंने कहा स्वास्थ्य के हर क्षेत्र में एक नई कड़ी जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। सीएम ने आशा जताई कि सभी चयनित चिकित्सा पदाधिकारी स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने का काम करेंगे।सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि लिस्ट में महिला और पुरुष दोनों की ही सहभागिता है। सीएम ने कहा कि नर्सिंग इंस्टीट्यूट में महिला के साथ पुरुष भी स्वास्थ्य व्यवस्था में अहम भूमिका निभाए।सीएम ने कहा स्वास्थ्य व्यवस्था सिर्फ बड़ी-बड़ी



इमारतों के बनने से मजबूत नहीं होगा। अस्पताल में दवाइयां और नर्सिंग स्टाफ भी बेहद जरूरी है।सीएम ने कहा कि कुछ दिनों पहले ही विश्व स्तरीय अस्पताल की आधारशिला रखी गई। इसमें प्राइवेट कंपनियों को भी जोड़ा गया।सीएम ने कहा कि राज्य के आम जनों के लिए सरकार ने एयर एंबुलेंस की व्यवस्था की है।ये एंबुलेंस ना सिर्फ राज्य के अंदर बल्कि दूसरे राज्यों में एयर एंबुलेंस के जरिये जा सकते हैं।कई माध्यमों से हमारी सरकार ने लोगों के स्वास्थ्य व्यवस्था सुधार करने की कोशिश की है।सीएम हेमंत सोरेन ने नवी मुंबई में बन रहे झारखंड भवन का शिलान्यास किया।अगर इस भवन की खासियत की बात करें तो यह सात मंजिला इमारत होगी जिसमें 28 हजार स्क्वायर फीट स्पेस होगा।सीएम ने जानकारी देते हुए बताया कि इसके तीसरे और चौथे फ्लोर में आर्थिक रूप से कमजोर इलाज के लिए मुंबई जाने वाले लोगों की व्यवस्था होगी।

#### सीएम ने रिम्स में सांसद कालीचरण सिंह का हाल जाना

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को रिम्स पहुंचे, वहां उन्होंने कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट में इलाजरत चतरा सांसद कालीचरण सिंह के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनसे बातचीत कर उनका कुशलक्षेम जाना. इसके बाद मुख्यमंत्री ने पेइंग वार्ड में भर्ती गुवा गोलीकांड के शहीद वंशज दुरगुरिया सिरका के स्वास्थ्य की भी जानकारी ली.

## सुप्रीम कोर्ट का ईडी को निर्देश, मधु कोड़ा के मामले में हाईकोर्ट जाए एजेंसी



रांची : सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग केस में ट्रायल पर लगी रोक हटाने के लिए ईडी को हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने का निर्देश दिया है. दरअसल ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर झारखंड हाईकोर्ट द्वारा 8 नवंबर 2023 को पारित उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें मनी लॉन्ड्रिंग केस में आरोप तय करने के खिलाफ कोड़ा की याचिका को स्वीकार करते हुए ट्रायल कोर्ट को आगे की कार्यवाही पर रोक लगाने का आदेश दिया गया था. सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई. सुप्रीम कोर्ट ने ईडी की याचिका की सुनवाई के लिए 25 नवंबर की तारीख तय की है. हाईकोर्ट को यह निर्देश दिया कि वह ईडी द्वारा याचिका दायर किए जाने के सात दिनों के भीतर याचिका पर विचार करें.

## रांची से लेकर चाईबासा तक आईएएस व मंत्री से जुड़े लोगों के 20 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

रांची : झारखंड में राष्ट्रीय जांच एजेंसी इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की है. ईडी की टीम राजधानी रांची से लेकर चाईबासा तक एक बार फिर सोमवार की सुबह कई ठिकानों पर दबिश दी है. एजेंसी आईएएस मनीष रंजन, मंत्री मिथलेश ठाकुर के पीएस हरेंद्र सिंह, मंत्री के भाई विनय ठाकुर समेत कई विभागीय इंजीनियर्स से जुड़े 20 ठिकानों पर छापेमारी कर रही है. पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के जल जीवन मिशन में अनियमितता से जुड़े मामले को लेकर ईडी की टीम यह छापेमारी कर रही है. जिन जगहों पर ईडी की टीम छापेमारी कर रही है उसमें रातू रोड स्थित इंद्रपुरी रोड में विजय अग्रवाल के आवास के अलावा हरमू और मोरहाबादी में भी छापेमारी चल रही है. गौरतलब है कि सोमवार की सुबह एक साथ ईडी की टीम एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी ऑफिस से निकलकर अलग-अलग ठिकानों पर पहुंचकर तलाशी ले रही है.

#### इन लोगों के ठिकानों पर चल रही छापेमारी

विजय अग्रवाल, आईएएस मनीष रंजन, हरेंद्र सिंह, विनय ठाकुर, मनीष रंजन की बहन

#### चाईबासा में मंत्री के भाई और उनके बिजनेस पार्टनर के घर भी ईडी रेड

ईडी की टीम सोमवार की सुबह से मंत्री मिथिलेश ठाकुर के भाई विनय ठाकुर और उनके बिजनेसमैन पार्टनर वेदांत खिरवार के ठिकानों पर छापेमारी कर रही है. जानकारी के मुताबिक, ईडी की टीम करीब ढाई बजे रात में ही चाईबासा पहुंच गयी थी. ईडी की टीम सबसे पहले अमला टोला स्थित मंत्री के भाई विनय ठाकुर के आवास पर पहुंची और सुबह चार बजे से उनकी आवास में छापेमारी शुरू की. विनय ठाकुर से पूछताछ के बाद उनके बिजनेस पार्टनर मधु बाजार निवासी वेदांत खिरवार के यहां भी एक टीम छापेमारी करने गयी. वहीं वेदांत खिरवार के गोदाम की भी तलाशी ली जा रही है.

## खून के आंसू रोएगी भारतीय रेलवे, मुंबई हावड़ा मेल उड़ाने की मिली धमकी

### खबर मिलते ही जलगांव स्टेशन पर ट्रेन को रोक की गई जांच, एजेंसियां सतर्क

नई दिल्ली,(ईएमएस)। देशभर में ट्रेनों के पटरी से उतरने की घटनाएं आने दिन सुनाई दे रही हैं इसी बीच सोमवार को मुंबई-हावड़ा मेल को टाइम बम से उड़ाने की धमकी मिली है। रेलवे के सूत्रों ने बताया कि उसके नियंत्रण कक्ष को मुंबई-हावड़ा मेल को उड़ाने की धमकी मिली है और एहतियात के तौर पर ट्रेन को जलगांव स्टेशन पर रोका लिया गया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सोमवार सुबह करीब चार बजे ऑफ-कंट्रोल को संदेश मिला, जिसके बाद ट्रेन नंबर 12809 को जलगांव स्टेशन पर रोक दिया गया और उसकी जांच की गई। बताया जा रहा है कि तलाशी में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। इसके बाद ट्रेन को रवाना किया गया। यह जानकारी सेंट्रल रेलवे के सीपीआरओ ने दी। बम की धमकी मिलने के बाद जांच एजेंसियां सतर्क हो गईं और फिर पूरी मुंबई हावड़ा मेल ट्रेन में तलाशी अभियान चलाया गया। धमकी एक्स पर जारी की गई थी और पोस्ट में महाराष्ट्र पुलिस के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया था। धमकी में लिखा था कि भारतीय रेलवे आज सुबह खून के आंसू रोएगी, क्योंकि ट्रेन नंबर 12809 यानी मुंबई-हावड़ा मेल में बम रखे गए हैं। इसमें कहा गया था कि ट्रेन के नासिक पहुंचने से पहले बड़ा धमाका होगा। इसके बाद खबर आई कि संदिग्ध आतंकवादी ट्रेन में विस्फोटक लेकर यात्रा कर रहे हैं। यह अलर्ट एक्स यूजर के जरिए मिला था। हालांकि, बाद में गहन जांच के बाद यह एक अफवाह निकली। बता दें पिछले हफ्ते की शुरुआत में पुरी-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस को बम से उड़ाने की धमकी के बाद यूपी के टूंडला रेलवे स्टेशन पर तीन घंटे से ज्यादा समय तक रोक दिया गया था।

# भारत कनाडा से वापस बुलाएगा उच्चायुक्त, निज्जर मामले में कनाडा के बयान पर सरकार सख्त

नई दिल्ली : कनाडा के भारतीय उच्चायुक्त और अन्य राजनयिकों को खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की कथित हत्या की जांच से जोड़े जाने पर भारत ने सख्त रुख अपनाया है। भारत कनाडा में मौजूद अपने उच्चायुक्त, लक्षित अन्य राजनयिकों और अधिकारियों को वापस बुला रहा है। यह फैसला कनाडा के बेतुके और हास्यास्पद नए आरोपों के बाद किया गया है।

इससे पहले भारत ने कनाडा के उप उच्चायुक्त स्टीवर्ट व्हीलर को तलब कर कड़ी नाराजगी दर्ज कराई और दोटूक कहा कि भारतीय उच्चायुक्त और अन्य राजनयिकों को बेबुनियाद निशाना बनाना पूरी तरह से अस्वीकार्य है। हमें कनाडा में भारतीय राजनयिकों की सुरक्षा को लेकर मौजूदा ट्रूडो सरकार की प्रतिबद्धता पर बिल्कुल भरोसा नहीं है। साथ ही चेताया था कि भारतीय राजनयिकों के खिलाफ मनगढ़ंत आरोप लगाने की कनाडा सरकार की नई कोशिशों के जवाब में अब भारत के पास आगे कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित है। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो अपने राजनीतिक फायदे के लिए जानबूझकर भारत को बदनाम कर रहे हैं। भारत और कनाडा के बीच निज्जर की हत्या से उत्पन्न तनाव की स्थिति और बदतर हो गई है।

#### विदेश मंत्रालय ने कहा - कनाडा ने अभी तक एक भी सबूत नहीं दिया

मंत्रालय ने कहा कि कनाडा के पीएम ट्रूडो ने सितंबर 2023 में कुछ आरोप लगाए थे, लेकिन हमारे कई अनुरोधों के बावजूद कनाडा सरकार ने भारत सरकार के साथ एक भी सबूत साझा नहीं किया। कनाडा का यह नया कदम उन बातचीत के बाद उठाया गया है जिनमें एक बार फिर बिना किसी तथ्य के दावे किए गए। इसमें कोई संदेह



नहीं है कि यह उसकी जांच के बहाने राजनीतिक लाभ के लिए भारत पर कीचड़ उछालने की एक सोची समझी रणनीति है। भारतीय राजनयिकों को निशाना बनाने वाला यह नवीनतम घटनाक्रम अब उसी दिशा में अगला कदम है।

#### हमने सबूत दिए हैं अब भारत उन पर गौर करे : कनाडा उच्चायुक्त

विदेश मंत्रालय से निकलने के बाद कनाडा के उच्चायुक्त स्टीवर्ट व्हीलर ने कहा कि कनाडा ने भारत सरकार के एजेंटों और कनाडा में एक कनाडाई नागरिक की हत्या के बीच संबंधों को लेकर विश्वसनीय सबूत उपलब्ध कराए हैं। अब भारत के लिए समय आ गया है कि वह जो कहता है उस पर खरा उतरे और सभी आरोपों पर गौर करे। इसकी तह तक जाना दोनों देशों और उनके लोगों के हित में है। कनाडा भारत के साथ सहयोग करने के लिए तैयार है।

#### राजनयिक के जरिये मिली जानकारी

विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि भारत को रविवार को कनाडा ने राजनयिक माध्यम से जानकारी दी कि भारतीय उच्चायुक्त और अन्य राजनयिक उनके देश में एक जांच से संबंधित मामले में 'पर्सन ऑफ इंटरेस्ट' हैं। पर्सन ऑफ इंटरेस्ट का मतलब यह है कि किसी एक व्यक्ति के बारे में पुलिस को लगता है कि वह किसी अपराध में शामिल हो सकता है लेकिन उस औपचारिक आरोप नहीं लगाए सकते और न गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। हालांकि उसकी गतिविधियों, संपर्कों और अन्य जानकारी को जांच के दायरे में रखा जाता है। मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार इन बेतुके आरोपों को पूरी दृढ़ता से खारिज करती है और इन्हें जस्टिन ट्रूडो सरकार के राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा मानती है, जो वोट बैंक की राजनीति पर केंद्रित है।

#### पीएम ट्रूडो की लंबे समय से है भारत के प्रति शत्रुता

विदेश मंत्रालय ने कहा था कि प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की भारत के प्रति शत्रुता लंबे समय से साफ दिख रही है। 2018 में भारत की यात्रा में उन्हें असहजता का सामना करना पड़ा। उनकी इस यात्रा का मकसद वोट बैंक को लुभाना था। उनके मंत्रिमंडल में ऐसे लोग शामिल हैं जो भारत के संबंध में चरमपंथी और अलगाववादी एजेंडे से खुले तौर पर जुड़े हुए हैं। दिसंबर 2020 में भारतीय आंतरिक राजनीति में उनके खुले हस्तक्षेप से पता चला कि वह इस संबंध में किस हद तक जाने को तैयार थे।

# चुनाव के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगीः के. रवि कुमार



रांची(ईएमएस)।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन के दौरान इंफोर्समेंट एजेंसी अवैध गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए मुस्तैदी से कार्य करें, इसकी मोनेटरिंग हर स्तर पर की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए निर्वाचन के कार्यों में लगे पदाधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन करें। वे सोमवार को सभी जिलों में आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिए गठित एफएसटी एवं एसएसटी के पदाधिकारियों के लिए ऑनलाइन माध्यम से आयोजित प्रशिक्षण सत्र को संबोधित कर रहे थे।श्री कुमार ने कहा कि विधानसभा चुनाव में सभी एफएसटी एवं एफएसटी के द्वारा अवैध निर्वाचन व्यय एवं एमसीसी उलंघन के मामलों पर पैनी नजर रखी जानी है । उन्होंने कहा कि एफएसटी एवं एसएसटी के पदाधिकारियों को अपने नजदीकी थाना एवं मुख्यालय स्तर से दिए गए संपर्क सूत्र से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करना है। निर्वाचन के दौरान बने सभी चेकपोस्टों पर प्रत्येक वाहनों की चेकिंग की जायेगी। साथ ही सभी चेकपोस्टों पर वेबकास्टिंग के माध्यम से निगरानी रखी जायेगी। चेकपोस्ट पर किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी, लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारी पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी चेक पोस्टों में आवश्यकतानुसार सीएपीएफ की प्रतिनियुक्ति करते हुए निर्वाचन के दौरान प्रतिबंधित सामग्रियों जैसे अवैध शराब, अवैध कैश, हथियार आदि जिससे निर्वाचन को प्रभावित किया जा सकता है उसके आवागमन पर पूर्ण रूप से रोक रखी जानी है। इस हेतु सभी पदाधिकारी अपने कर्तव्यों एवं अधिकारों का अनुपालन करते हुए कार्रवाई करें।इस अवसर पर सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता द्वारा एफएसटी एवं एसएसटी के कर्तव्यों एवं एथिकल वोटिंग से संबंधित माइकिंग, कम्युनिकेशन प्लान, सी–विजिल आदि से पदाधिकारियों को अवगत कराया गया। वहीं सिस्टम एनालिस्ट एस एन जमील द्वारा एफएसटी एवं एसएसटी द्वारा उपयोग में आने आवले मोबाइल एप्लीकेशनों के इंस्टालेशन एवं इनके क्रियान्वयन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर सभी जिलों के एफएसटी एवं एसएसटी के पदाधिकारी ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित थे।

## टोंटो थाना क्षेत्र से पुलिस ने दो आइइडी बरामद, नक्सली योजना विफल

पश्चिमी सिंहभूम। नक्सलियों के खिलाफ जिले में पिछले 10 अक्टूबर से एक संयुक्त अभियान गोइलकेरा थानान्तर्गत ग्राम कुईड़ा, छोटा कुईड़ा, मारादिरी, मेरालगड़ा, हाथीबुरू, तिलायबेड़ा बोयपाईससांग, कटम्बा, बायहातु, बोरोय, लेमसाडीह के सीमावर्ती क्षेत्र तथा टोन्टो थानान्तर्गत ग्राम हुसिपी, राजाबासा, तुम्बाहाका, रेगड़ा, पाटातोरब, गोबुरू, लुईया के सीमावर्ती क्षेत्र में प्रारंभ किया गया है।अभियान के दौरान सोमवार को टोन्टो थानान्तर्गत तुम्बाहाका से चिड़ियाबेड़ा के बीच जंगली/पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाये गये दो आइइडी बरामद कर सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता ने नष्ट कर दिया है।उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने दी। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा अभियान संचालित किया जा रहा है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### ढाई घंटे चांडिल स्टेशन में रूकी रही बक्सर-टाटा ट्रेन, यात्री परेशान

पश्चिमी सिंहभूम (ईएमएस)।चक्रधरपुर रेल मंडल के कांड्रा और मानीकुई रेलवे स्टेशन के बीच ट्रैक मेंटेनेंस का काम चलने के कारण चांडिल-टाटानगर रेलखंड के डाउन लाइन को ब्लॉक कर दिया गया था।इसके कारण इस रूट पर चलने वाली कई ट्रेनों को विभिन्न स्टेशनों पर रूकना पड़ा। कई ट्रेन विलंब से अपने गंतव्य की ओर रवाना हुई तो मालगाड़ियों को भी विभिन्न स्थानों में इंतजार करना पड़ा।रेल लाइन पर मेंटेनेंस का काम चलने के कारण बक्सर-टाटा सुपर एक्सप्रेस आद्रा रेल मंडल के ट्रेन चांडिल जंक्शन पहुंची और ढाई घंटे तक रूकी रही।लंबे समय तक स्टेशन में ट्रेन के रूके रहने से यात्री परेशान रहे। अधिकांश यात्री ट्रेन से उतरकर सड़क मार्ग से जमशेदपुर रवाना हो गये।जानकारी के अनुसार चांडिल-टाटानगर रेलखंड के कांड्रा और मानीकुई स्टेशन के बीच मेंटेनेंस का काम चलने के कारण डाउन लाइन को ब्लॉक कर दिया गया था।इसी रूट पर शाम करीब 4:17 बजे बक्सर – टाटा सुपर एक्सप्रेस ट्रेन चांडिल स्टेशन पहुंची।ट्रेन 4:17 से करीब 6:42 बजे तक स्टेशन में ही रूकी रही। इस बीच ट्रेन में सवार यात्री परेशान रहे।डाउन लाइन में मेंटेनेंस का काम चलने के कारण लिए गए बलॉक से कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ।इस रूप से गुजरने वाली टाटा-गोड्डा, धनबाद-टाटा समेत कई यात्री ट्रेनों के साथ मालगाड़ियों का परिचालन प्रभावित हुआ।कई ट्रेनों को अप लाइन से पार कराया गया।वहीं ब्लॉक खत्म होने के कुछ ही देर बाद इस रूट पर राजधानी एक्सप्रेस गुजरा।

### सुरक्षा गार्डों के आंदोलन से ललमटिया कोलियरी में कोयला दुलाई 4 घंटे ठप

गोड्डा(ईएमएस)।ईसीएल की राजमहल परियोजना की ललमटिया कोलियरी में कार्यरत ठेका कंपनी के सुरक्षा गार्डों ने वेतन बढ़ोतरी की मांग को सोमवार को जोरदार प्रदर्शन किया।मामला निजी एजेंसी आरसीएमएल बिरला में कार्यरत एसआईएस के सिक्योरिटी गार्डों से जुड़ा है। सुरक्षा गार्ड पूर्व से चली आ रही हाई पावर कमेटी (एचपीसी) दर से भुगतान की मांग कर रहे हैं।सुरक्षा गार्डों ने परियोजना के जीरो प्वाइंट स्थित लोडिंग प्वाइंट पहुंचकर कोयला ढुलाई कार्य 4 घंटे तक ठप कर दिया।सूचना मिलते ही ईसीएल के पदाधिकारी ललमटिया थाना पुलिस व सीआईएसएफ जवानों के साथ जीरो प्वाइंट पहुंचे गार्डों को समझाने का प्रयास किया।झामुमो नेता मानस दत्ता ने मध्यस्थता कर प्रबंधन व सुरक्षा गार्डों के बीच वार्ता कराई।तय हुआ कि मंगलवार की शाम चार बजे राजमहल परियोजना के एरिया कार्यालय में प्रबंधन के अधिकारियों व एसआईएस के गार्डों की वार्ता होगी। इसके बाद आंदोलन समाप्त हो गया।

### दर्जनों लोगों ने छोड़ी कांग्रेस, भाजपा में शामिल

हजारीबाग(ईएमएस)।जीटी रोड स्थित मुखिया जी लाइन होटल में सोमवार को भाजपा के मिलन समारोह का आयोजन हुआ।कार्यक्रम में कांग्रेस नेता योगेश सिंह, सुमन सिंह, रामजतन सिंह, गिरजा राणा, समेत दर्जनों महिला व पुरुष कार्यकर्ता कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए।उन्हें पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया।इस दौरान मंच का संचालन महामंत्री आशीष सिंह ने किया।वहीं अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चनद्रवंशी ने की।मौके पर भाजपा नेता हरिश्चंद्र सिंह, शिवकुमार सिंह, रामस्वरुप पासवान, विकास यादव, बिरेन्द्र रजक, रेखा देवी, अरविंद सिन्हा, बलराम दांगी, राकेश रंजन, गजाधर प्रसाद व सुनील सिंह मौजूद थे।इसके अलावा शौकत खान, रंजीत सिंह, जानकी यादव, केशरी नायक, गोपाल विश्वकर्मा, प्रदीप सिंह, रितेश सिंह, योगेश सिंह, रामजतन सिंह, सुमन सिंह , शिवपूजन सिंह, संतोष सिंह, पिन्टू भुइंया, धनजय सिंह, विक्रम भुइंया, बिरेन्द्र सिंह बिगहा, भरत पासवान पपरो, लखिन्दर, अहमद खान, रंजीत साव, रामचन्द्र साव, महिलाओं में फूल कुमारी देवी, यशोमति देवी, किरण देवी, मिना देवी, सन्तु भुइयां, उर्मिला देवी, सारो देवी आदि मौजूद थे।

### रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

रामगढ़(ईएमएस)।जिले के भदानीनगर ग्लास फैक्ट्री डैम स्थित रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव मिला। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह लगभग 10 बजे रेलवे ट्रेक पर क्षत विक्षत शव देखने के बाद भदानीनगर पुलिस और रेलवे को जानकारी दी गई, जिसके बाद भदानीनगर ओपी प्रभारी पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर मामले की जांच की।शव की शिनाख्त के लिए पुलिस प्रयास में जुटी है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, बोकारो**

**ई–प्रोक्युरमेंट सूचना**

**(एफ 2 फॉर्म ऑफ कॉनट्रेक्ट आधारित अल्पकालीन ई–निविदा)**

ई–निविदा प्रसंग संख्या–RCD/BOKARO/1345/F.Y. 2024-2025

दिनांक–14.10.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल, बोकारो के गैर–योजना मद अन्तर्गत निरीक्षण भवन पेटरवार का जीर्णोद्धार, साज–सज्जा एवं उपस्कर कार्य, वर्ष 2024–25. |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | 1,00,00,000.00 (एक करोड़) रूपये मात्र |
| 3. | कार्य पूर्ण होने की अवधि | 06(छः) माह। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन होने की तिथि एवं समय | 28.10.2024, 12.00 बजे दोपहर। |
| 5. | बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 11.11.2024, 12.00 बजे दोपहर तक। |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, बोकारो |
| 7. | प्रोक्युरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 06542–265569 |
| 8. | ई–प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2403007 |

नोटः–प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है।
विस्तृत ब्यौरा के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमण्डल, बोकारो।

PR 338873 (Road) 24-25 (D)

## बेमियादी हड़ताल पर गए एंबुलेंस चालक व ईएमटी



लातेहार(ईएमएस)।108 एंबुलेंस चालक व ईएमटी (इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन) हड़ताल में चले गये है।विगत तीन माह से मानदेय नहीं मिलने के विरोध में उन्होंने यह कदम उठाया है।सोमवार को 108 एंबुलेंस के चालक व ईएमटी कर्मियों ने बकाया मानदेय भुगतान कराने की मांग को लेकर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता को मांग पत्र सौंपा है।बता दें कि एंबुलेंस चालक व टेक्नीशियन की हड़ताल में जाने से जिलेभर में एंबुलेंस की सेवा पूरी तरह प्रभावित है। मरीजों एवं उनके परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एंबुलेंस के अभाव सोमवार को अपील कुजूर व नरेश कुमार समेत कई लोग निजी वाहन से इलाज कराने रांची गए।एंबुलेंस चालक बजरंगी सिंह ने बताया कि ईएलआरआई कंपनी के द्वारा अभी तक किसी भी कर्मचारी को नियुक्त पत्र या अन्य कोई सुविधा नहीं दिया है। नयी कंपनी टेंडर लेती है तो कर्मियो से नौकरी पर रखने के लिए मनमानी तरीके से रूपया की मांग की जाती है।पिछली कंपनी जेडएचएल कंपनी के अधिकारियों से बात किया तो कहा कि एनआरएचएम से अभी तक रूपया का भुगतान नहीं हुआ है इस कारण वेतन भुगतान लंबित है।टेक्नीशियन कृष्ण प्रसाद ने बताया कि वे लोग 24 घंटा ड्यूटी करते हैं।लेकिन उन लोगों का तीन माह से मानदेय नहीं मिल पाया है। परिवार का गुजर बसर करना मुश्किल हो गया है। जब तक मानदेय भुगतान समेत अन्य मांगों पर विचार नहीं किया जाता है तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगा। मौके पर मदन कुमार महतो, क्यूम खान, आकाश गुप्ता, निशा मिंज, मोहम्मद अख्तर, फुलेश्वर नगेसिया, इमरान अंसारी, रोहित कुमार, राकेश कुमार व सुखलाल उरांव उपस्थित थे।

## आदर्श आचार संहिता की घोषणा कभी भी संभव, डीसी ने बैठक कर दिए निर्देश



सरायकेला(ईएमएस)।सरायकेला समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला की अध्यक्षता में आदर्श आचार संहिता को लेकर मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ सोमवार को बैठक की गई। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि राज्य में विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से चुनाव संपन्न कराने को लेकर किसी भी समय आदर्श आचार संहिता की घोषणा हो सकती है।बैठक के दौरान उन्होंने आदर्श आचार संहिता की जानकारी देने के साथ कहा कि किसी भी प्रकार से आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न किया जाए। इसके निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित हो। यदि इससे संबंधित कोई जानकारी प्राप्त करनी हो, तो निर्वाचन कार्यालय से अथवा संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया जा सकता है।उन्होंने कहा कि कोई भी राजनीतिक दल या अभ्यर्थी अपने अनुयायियों को किसी भी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसकी भूमि, भवन, परिसर की दीवारों आदि पर झंडा लगाने, बैनर लटकाने, सूचना चिपकाने, नारा लिखने आदि की अनुमति नहीं देगा।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पार्टी कार्यकर्ताओं, समर्थकों के आवास और वाहनों पर झंडे लगाने समेत विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी साझा की तथा सभी सदस्यों को आदर्श आचार संहिता लागू होने के पश्चात भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों का पालन करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया में जिला प्रशासन का सहयोग प्रदान करने की बात कही।बैठक में अपर उपायुक्त जय वर्धन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी एवं विभिन्न राजनितिक दल के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## केजरीवाल ने भाजपा पर कसा तंज कहा, उमर को आधा राज्य चलाने में दिक्कत हो तो मुझसे ले लेना सलाह



नई दिल्ली(ईएमएस)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला को विधानसभा चुनाव जीतने पर बधाई दी और भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि अगर जम्मू-कश्मीर जैसे 'आधे राज्य' को चलाने में कोई समस्या आती है तो वह (उमर) उनसे सलाह ले सकते हैं। केजरीवाल आम आदमी पार्टी के मेहराज मलिक को जम्मू-कश्मीर विधानसभा में आप का पहला सदस्य चुने जाने पर लोगों को धन्यवाद देने के लिए डोडा में थे। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, 'दिल्ली को आधा राज्य इसलिए कहा जाता है कि मुख्यमंत्री के पास सीमित शक्तियां होती हैं। अब उन्होंने (भाजपा) जम्मू-कश्मीर को भी आधा राज्य बना दिया है, जिसका मतलब है कि निर्वाचित सरकार के पास न्यूनतम शक्तियां हैं, जबकि उपराज्यपाल के पास अधिक शक्तियां हैं।' केजरीवाल ने कहा, 'मैं उमर से कहना चाहता हूं कि अगर उन्हें अपने काम में कोई कठिनाई आती है, तो मुझसे सलाह ले सकते हैं, क्योंकि मैंने दिल्ली में 10 साल तक सरकार चलाई है।केजरीवाल ने कहा, 'उमर अब्दुल्ला अगले कुछ दिनों में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री का पदभार संभालेंगे। मैं उन्हें इंडी गठबंधन का मुख्यमंत्री बनने के लिए बधाई देता हूं। हम सफल सरकार चलाने में उनका पूरा समर्थन करेंगे और उम्मीद करते हैं कि जम्मू-कश्मीर उनके नेतृत्व में विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा।मलिक ने डोडा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के गंजेय सिंह राणा को 4,538 मतों से हराया। मलिक ने इस सीट पर पूर्व मंत्रियों नेशनल कॉन्फ्रेंस के खालिद नजीब सुहरावर्दी और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के अब्दुल मजीद वानी को भी शिकस्त दी। मलिक जम्मू-कश्मीर विधानसभा के लिए जीत दर्ज करने वाले आप के पहले सदस्य बन गए।केजरीवाल ने कहा, 'आप औपचारिक रूप से उमर के नेतृत्व वाली सरकार का समर्थन कर रही है और मुझे उम्मीद है कि उनकी सरकार मेहराज मलिक को जिम्मेदारी देगी ताकि वह न केवल डोडा के लिए काम कर सकें बल्कि जम्मू-कश्मीर के लोगों को अपनी सेवाएं भी दे सकें।' आप नेता ने कहा कि मलिक ने धर्म के नाम पर जीत हासिल नहीं की है, बल्कि उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क जैसे बुनियादी मुद्दों को उठाया है।उन्होंने कहा, 'आम आदमी पार्टी डोडा और जम्मू-कश्मीर का विकास चाहती है...हम सांसद, विधायक, मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री बनने की दौड़ में नहीं हैं, बल्कि हम व्यवस्था के खिलाफ लंबे संघर्ष में हैं और लोगों के जीवन स्तर में सुधार के लिए देश में एक अलग तरह की राजनीति शुरू करना चाहते हैं।' मलिक को वोट देने के लिए लोगों को धन्यवाद देते हुए केजरीवाल ने कहा कि उनकी पार्टी की ऐतिहासिक जीत अगले 10 वर्षों में जम्मू-कश्मीर की स्थिति और इतिहास को बदल देगी।

## एचईसी को हर हाल में बचाना हैः अजय नाथ शाहदेव

रांची(ईएमएस)।पिछले दस महीनों से लगातार संघर्षरत एचईसी सप्लाई कर्मियों के आंदोलन में सोमवार को कांग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव शामिल हुए।अजय नाथ शाहदेव ने उपस्थित कर्मियों से कहा कि उनके न्याय की लड़ाई में वे भी कदम से कदम मिलाकर साथ खड़े हैं।यह बेहद दुखद है कि पर्व त्योहारों के समय भी उन्हें कई महीनों के वेतन से वंचित किया गया है। 1622 सप्लाई कर्मियों का परिवार आज भुखमरी के कगार पर आ गया है। उन्होंने मौके पर एचईसी प्रबंधन से टेलीफोनिक वार्ता कर यथाशीघ्र मुद्दे के समाधान को लेकर वार्ता की है।पिछले दिनों एचईसी प्रबंधन द्वारा बगैर साइन किए गए एकतरफा सुलह पत्र को वायरल करने और समाचार में प्रकाशित होने पर सभी आंदोलनरत कर्मी खफा थे।उन्होंने एचईसी प्रबंधन से कहा है कि अपना हठ छोड़ें और एचईसी को बचाने व मजदूर हित में यथाशीघ्र मामले का समाधान करें। मौके पर मजदूर नेता रंथू लोहार,दिलीप सिंह समेत सैकड़ों की संख्या में एचईसी कर्मी उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, बोकारो**

**ई–प्रोक्युरमेंट सूचना**

(एस0बी0डी0 आधारित अति अल्पकालीन ई–निविदा)

ई–निविदा प्रसंग संख्या– RCD/BOKARO/1335/2024-25(2nd call)

दिनांक–14.10.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल, बोकारो अ न्तर्गत "NH-23 से राधागॉव रेलवे स्ट `शन भाया BPCL LPG Plant & Retail Depot पथ (कुल लम्बाई 7. 179 कि0मी0 में से 1.879 कि0मी0) का पुनर्निर्माण कार्य, वर्ष 2023–24. |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | 11,74,40,156.00 (ग्यारह करोड़ चौहत्तर लाख चालीस हजार एक सौ छप्पन ) रूपये मात्र। |
| 3. | कार्य पूर्ण होने की अवधि | 03 (तीन) माह। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन होने की तिथि एवं समय | 17.10.2024, 12.00 बजे दोपहर। |
| 5. | बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 23.10.2024, 12.00 बजे दोपहर तक। |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, बोकारो |
| 7. | प्रोक्युरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 06542–265569 |
| 8. | ई–प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2400210 |

नोट :– प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है।
विस्तृत ब्यौरा के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

PR 338862 Road (24-25)D

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमण्डल, बोकारो।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो।**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–अतिअल्पकालीन निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/BOKARO/48/2024-25

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बोकारो जिला के चन्द्रपुरा प्रखण्ड अंतर्गत चन्द्रपुरा पंचायत के मंदिर मोहल्ल में सी0वी0 सिंह के घर से लेकर जोरिया नाला तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2781700.00 | 56000.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 2 | बोकारो जिला के चन्द्रपुरा प्रखण्ड अंतर्गत चन्द्रपुरा पंचायत में चर्च रोड के मीलन चौक से लेकर अंडरग्राउण्ड पुल तक पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। | 2299000.00 | 46000.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 3 | बोकारो जिला के चन्द्रपुरा प्रखण्ड अंतर्गत चन्द्रपुरा पंचायत में पंचायत भवन में चारों तरफ बाउण्ड्री का निर्माण। | 1844900.00 | 37000.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 4 | बोकारो जिला के चन्द्रपुरा प्रखण्ड अंतर्गत चन्द्रपुरा पंचायत में चर्च रोड के रेलवे बाउण्ड्री से लेकर जोरिया नाला तक पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। | 2893800.00 | 58000.00 | 5000.00 | 06 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 17.10.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 17.10.2024 से दिनांक 23.10.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, बोकारो।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 24.10.2024 अपराह्न 5:30 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06542 291060 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
बोकारो।

PR 338822 (Rural Development) 24-25 (D)

## रांची में 18 और 19 अक्टूबर को लगेगा मुड़मा मेला, सीएम हेमंत सोरेन को आमंत्रण

रांची(ईएमएस)।रांची जिले में 18 और 19 अक्टूबर को प्रसिद्ध मुड़मा मेले का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए ऐतिहासिक राजी पाड़हा जतरा समिति (मुड़मा) का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को सीएम हेमंत सोरेन से मिला और उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में पूजा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।रांची जिले के मांडर प्रखंड में दो दिवसीय ऐतिहासिक मुड़मा मेले का आयोजन हर वर्ष किया जाता है। इसमें समृद्ध आदिवासी परंपरा और संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आज सोमवार को झारखंड मंत्रालय में ऐतिहासिक राजी पाड़हा जतरा समिति (मुड़मा) के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की।मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने 18 एवं 19 अक्टूबर 2024 को राजकीय परंपरागत ऐतिहासिक पाड़हा जतरा समारोह (मुड़मा मेला) के अवसर पर आयोजित पूजा में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया।मौके पर ऐतिहासिक राजी पाड़हा जतरा समिति, मुड़मा के मुख्य संयोजक धर्मगुरु बंधन तिग्गा और अध्यक्ष जगराम उरांव उपस्थित थे।

## पश्चिमी सिंहभूम जिले में हुए तिहरे हत्याकांड में दो अभियुक्त गिरफ्तार, जमीन विवाद को लेकर हुई थी हत्या

पश्चिमी सिंहभूम (ईएमएस)।पश्चिमी सिंहभूम जिले के टेबो थाना अंतर्गत सियांकेल गांव में पिछले 10 अक्टूबर को हुए तीसरे हत्याकांड का उद्भेदन पुलिस ने कर दिया है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया गया है। पुलिस ने बताया है कि डायन बिसाही के आरोप में हत्या होने की बात कही जा रही थी परंतु मामले के पीछे जमीन विवाद था। इस मामले में मृतकों के ही दो परिजनों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–अतिअल्पकालीन निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/BOKARO/49/2024-25

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बोकारो जिला के चन्द्रपुरा प्रखण्ड अंतर्गत चन्द्रपुरा पंचायत में जीकुरघुटु में चिरंजित सिंह के घर से लेकर जोरिया नाला तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 7132300.00 | 143000.00 | 10000.00 | 06 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 17.10.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 17.10.2024 से दिनांक 23.10.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, बोकारो।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 24.10.2024 अपराह्न 5:30 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06542 291060 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR 338820 Rural Development(24-25).D

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,बोकारो

## संक्षिप्त खबरें

### एलएपी ने विधानसभा प्रत्याशियों की दूसरी सूची किया जारी

रांचीः लोकहित अधिकार पार्टी झारखंड प्रदेश कोर कमेटी की एक बैठक प्रदेश कार्यालय रांची में सम्पन्न हुई ! बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू , प्रधान महासचिव मो अजहर आलम , प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाथ साहू , प्रदेश महासचिव संजय स्नेही एवं प्रदेश मंत्री कुंज बिहारी साव उपस्थित रहें ! बैठक में विचारोपरान्त विधानसभा प्रत्याशियों को लेकर सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन लाल गुप्ता को अवगत कराया गया ! कोर कमेटी की अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन लाल गुप्ता ने विधानसभा उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी करी !

(9) राजमहल विधानसभा - श्री नंदलाल साह
(10) चतरा विधानसभा - श्री अशोक कुमार राम
(11) चाईबासा विधानसभा - श्रीमती सुभद्रा सिंकु
(12) बेरमो विधानसभा - श्री मोहन लाल साव

उक्त मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि अभी तक कुल 12 उम्मीदवारों की घोषणाएं हो चुकी है ! तीसरी सूची जारी करने के लिए कोर कमेटी की बैठक जल्द ही बुलाई जाएगी जबकि 8 उम्मीदवारों की पहली सूची 29 सितम्बर को ही जारी कर दिया गया था !

### रक्तदान-महादान शिविर का हुआ आयोजन

रांचीः मिल्लत एकेडमी स्कूल पूर्ववर्ती छात्रों के द्वारा तस्लीम महल,रांची में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ,जिसमें 14 यूनिट रक्तदान हुआ इसके अतिरिक्त 6 लोगों का हाईबीपी,ऑपरेशन,बीमारियों या मौसमी दवाई का सेवन करने की वजह से रक्तदान नही हो पाया,रक्तदान नागरमल मोदी सेवा सदन,रांची को समर्पित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मिल्लत एकेडमी स्कूल के पूर्व प्राचार्य शमीम खान सर थे,विशिष्ट अतिथि इमारत-ए-शरिया झारखंड/बिहार एवं उड़ीसा के जिम्मेदार एवं रहमानिया 30 के निदेशक मौलाना डॉ फ़हद रहमानी साहब एवं मिल्लत के पूर्व प्राचार्य अंजुम सर,पूर्व शिक्षक मौलाना डॉ ओबैदुल्लाह क़ासमी,समाजसेवी एवं मिल्लत स्कूल समेत तस्लीम मस्जिद, मेन रोड़ उर्दू लाईब्रेरी एवं अंजुमन रहमानिया मोसाफिर खाने की ज़मीन दान देने वाले मरहूम खान बहादुर साहब के पोता डॉ असलम परवेज़ एवं अतिथि में मिल्लत स्कूल 1982 बैच एवं अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के छात्र डॉ उज़ैर अज़ीज़,शहर काज़ी कारी जान मोहम्मद मुस्तफी,मिल्लत पंचायत के सदर जावेद अख़्तर, मरहबा के महासचिव मो नेहाल, जमीतुल मोमिनीन पंचायत रांची के सदर मो जबीउल्ला,मोमिन पंचायत रांची के रज़्ज़ाक अंसारी एवं झारखंड के जूनियर राइफल शूटर यासीन अली शामिल थे। पहला रक्तदान बैच 95 के मिस्बाह उद्दीन ने किया,उसके बाद मो ओसामा,नाशित हमीदी, मो अर्शददुल्लाह,जावेद हुसैन,सैफ़ नईम, अब्दुल गफ्फूर साज़ली,काशिफ़ नाबिल, कन्वेनर ज़ुबैर खान,कोषाध्यक्ष तबरेज़ अज़ीज़,अनस गुलज़ार,शरीम शक़ील,तनवीर अहमद एवं जावेद अहमद ने रक्तदान किया। पूर्व शिक्षकों एवं अतिथियों ने रक्तदान कार्यक्रम की बेहद सराहना की और मिल्लत स्कूल रांची का बेहद कामयाब और चर्चित स्कूल रहा जो इंजीनियर एवं नौकरी पेशा लोगों ने मिलकर शिक्षा की रौशनी जलाने के लिए रांची के स्लम और मुस्लिम समाज के बीच पहला हिंदपीड़ी में स्कूल खोला,जो 1972 में स्थापित हुआ।जो आपने शिक्षा-दीक्षा से बेहद चर्चित और कामयाब स्कूल रहा,जिससे हम सभी गर्वान्वित महसूस करते है।मिल्लत के पूर्ववर्ती छात्रों की बेहद जरूरत है समाज सुधार,शिक्षा,स्वास्थ्य और समाज को प्रगतिशील करने में आगे बढ़े और बढ़ते चलें। समाज आपके साथ होगा। रक्तदान शिविर कार्यक्रम की अध्यक्षता कन्वेनर ज़ुबैर खान ने एवं संचालन जावेद अख़्तर राजा एवं धन्यवाद ज्ञापन तनवीर मोजिब ने किया। कार्यक्रम और अगामी योजनाओं पर नदीम खान एवं सैफ़ उल हक़ सैफ़ ने बताया। कार्यक्रम में सीनियर बैच 82 के डॉ उज़ैर अज़ीज़,मो नफ़ीस,सुफ़ियान मज़हर, ज़ुबैर खान,शाहबाज़ मोहसिन मुन्ना,सैफ़ उल हक, असदुल्लाह,नाशित हमीदी,मो तनवीर, अर्शददुल्लाह,समर ईमाम,औरेन्ज़ेब खान, इरफ़ान अलाम,अरशद,मो नौशाद पप्पू,आदि शामिल थे।

### 12 मुर्गो की बलि प्रथा के साथ शुभारंभ होगी जतरा पूजा : बिरसा पाहन

रांचीःबारह पड़हा जतरा पूजा समिति मिसिर गोंदा के तत्वाधान में आगामी जतरा पूजा की तैयारी लेकर एक बैठक हुई जिसकी *अध्यक्षता श्री मौजा के पाहन श्री बिरसा पाहन ने किया और संचालन श्री समिति के अध्यक्ष कृष्णा उराँव ने किया। मौजा के पहान राजा श्री बिरसा मुंडा ने* कहा कि इस वर्ष 07 नवंबर 2024 को बारह पड़हा जतरा पूजा का आयोजन किया जाएगा । जतरा एवं अखड़ा स्थल में पहान एवं कोटवार के द्वारा विधिवत रूप से परंम्पारागत रीति रिवाज,विधि विधान , 12 मुर्गो की बलि प्रथा एंव धार्मिक कर्मकाण्ड से पुजा अर्चना सुनिश्चित किया जाएगा । समिति के अध्यक्ष श्री कृष्णा उराँव ने कहा कि आज जतरा पूजा की तैयारी को लेकर 12 गाँवो के पाहन के साथ बैठक हुई इसबार भी रीति रिवाजों के साथ जतरा पूजा सम्पन्न किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से पड़हा महतो राजा श्री संदीप उराँव , जयपुर मौजा के पिंकल गाड़ी ,भीठा मौजा के सोनू पाहन , कोंगे जयपुर के निर्मल पाहन , रंजीत पाहन , हथिया गोंदा के लाखों उराँव , मतलु कच्छप , पतरा गोंदा के लखन मुंडा , चंदवे के विनोद पाहन , सुजय पाहन , टिकली टोली के डब्लू मुंडा , गोलु मुंडा , समिति के अध्यक्ष कृष्णा उराँव ,सचिव मुकेश लकड़ा , कोषाध्यक्ष ललित लिंडा , संरक्षक श्री देवनारायण उराँव , जग्गनाथ उराँव , मंगा उराँव , सुरेश टोप्पो , बिरसा बांडो , सूरजु उराँव , अजय उराँव , चिलगु लकड़ा , जग्गनाथ उराँव , गुंदरा उराँव , अनिल उराँव , राजेश उराँव , कोटवार लक्षमन नायक , संजय लकड़ा , सोनू तिर्की ,सोनू खलखो , प्रकाश उराँव , आकाश तिर्की , शिबू टोप्पो , सूरज पहान ,बबला राम , संजय उराँव , मनीष कुजूर , विवेक खलखो , प्रणय खलखो , प्रदीप लकड़ा , दीपू लकड़ा , आशीष लकड़ा , अविनाश लकड़ा , संजय कुजूर , राजेश लोहरा , डोंका उराँव , विनय बांडो , बजरंग नायक, एवं ग्रामवासीगण उपस्थित थे।

# न्यू लायंस क्लब धूमधाम से छठ पूजा का करेगी आयोजन

रांचीः न्यू लायंस क्लब न्यू मधुकम छठ पूजा समिति के तत्वावधान में दिनांक 08/11/2024 को अगामी छठ महापर्व की तैयारी को लेकर आज एक महत्वपूर्ण पहली आम बैठक न्यू लायंस क्लब चौक मे अनिल कुमार गुप्ता जी के अध्यक्षता में बुलाई गई। इस बैठक मे सूर्य उपासना एवम् लोकआस्था का महापर्व छठ न्यू लायंस क्लब के तत्वावधान में धूमधाम से 41वां वर्ष भी मनाने का निर्णय लिया गया।विदित हो यह संगठन लगातार 1984 से छठ पूजा एवं व्रत धरियों की सेवा करते आ रही है।

आज की इस महत्वपूर्ण बैठक मे इस क्षेत्र की जनता एवं क्लब के सभी सदस्यों ने 41 वां वर्ष भी सर्वसम्मति से अध्यक्ष के रूप में अनिल कुमार गुप्ता जी को चुना और उनको सेवा देने का जिम्मेवारी सौपा। अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने नई टीम एवं इस वर्ष होने वाले क्रियाकलापों की घोषणा किये और पिछले वर्ष के आय - व्यय को सभी के सामने प्रस्तुत किए।उन्होंने कहा इस वर्ष भी लाखों की खर्च के साथ कुम्हार टोली चुन्ना भट्ठा से मधुकम तालाब के चारो तरफ लगभग 2 किलोमीटर भव्य एवं आकर्षक विधुत सज्जा कि जाएगी।

#### जो इस प्रकार हैः-

विधुत सज्जा और सूर्य देव का मूर्ति का अवलोकन,विधुत पैनल के साथ विधुत गेट,मेटल लाइट 200 पीस,जनरेटर साइलेंट और पार लाइट तालाब के चारो तरफ विधुत सज्जा और रोड के दोनों तरफ राइस लाइट से पूरे क्षेत्र को रौशन



किया जाएगा,छठ व्रत धारियों के लिये क्लब के सभी सदस्य पूरी चौकन्ना के साथ उनके सहयोग में लगे रहेगे ताकि कोई परेशानी न हो साथ ही व्रतधरियो के व्यवस्था में नारियल,फूल- माला,दूध,आम पत्ता,अगरबत्ती एवं अन्य फलों और छठी मईया जी की चुनरी ओढाने के साथ व्रत धरियो को स्वागत किया जाएगा आदि।
नई टीम इस प्रकार हैः-

संरक्षकः- सुनील गुप्ता जी(पूर्व पार्षद),
श्रीमति आशा देवी जी (पूर्व पार्षद)
1.संस्थापक अध्यक्षः- अनिल कुमार गुप्ता,
2.कार्यकारी अध्यक्ष :- दीपक चौधरी,संजय साव,संतोष गुप्ता,
3.उपाध्यक्षः- विनोद राजन, राहुल गुप्ता,सतेंदर वर्मा,विक्रान्त विश्वकर्मा ,
4.मीडिया प्रभारीः- शिव किशोर शर्मा एवं ऋषभ गुप्ता,
5.सचिवः- ओम प्रकाश शर्मा,, राकेश जयसवाल,राजू साव, गुड्डू श्रीवास्तव,विनोद साव, मनीष सिंह,सुरेश गोप,
6.मंत्रीः- दिगम्बर निषाद, दिलीप वर्णवाल,समीर शर्मा,सोनू श्रीवास्तव,धनंजय साव,राहुल साव,श्रीकांत जी, गोलू साव,अजय यादव,
7.संगठन मंत्रीः- बबलू साव, विक्की मिश्रा,मंटू शर्मा,गौरव वर्मा,सुरेश साव,नीरज चौधरी,विजय कु० गुप्ता,भूपेंदर तिवारी,श्रीकांत सिंह,राजू राय, मधुकर सिंह,सूरज साव,
8.प्रचार मंत्रीः- रवि तिवारी, सूरज साव,रॉनित कुमार,शेखर जायसवाल,दीपक लहरी,मोनू कुमार,गणेश सोनी,प्रियांशू शर्मा, सतीश जायसवाल,जितेंदर कुमार,
9.कोषाध्यक्षः- धनंनजय सोनी, सुनील कु० गुप्ता,
10. सदस्यगण राहुल,सोनी साव,विजय,गुड्डू, दीपक,दिलीप,मनीष, विक्की,आदि।संस्थापक अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने अपने दो शब्द में मुख्य बाते रखते हुए अपने क्षेत्र की जनता से 41वां वर्ष भी सहयोग मांगा और बीते लगातार 40 वर्षो से सहयोग के लिए आभार और धन्यवाद जाहिर किये।मीडिया प्रभारी ऋषभ गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए लगातार 41 वें वर्ष भी निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर अनिल गुप्ता जी को एवम् नई कमिटी उपस्थित लोगों ने बधाई दि साथ ही साथ आयोजन को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए आग्रह किया।

# उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया

रांची : झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के महामंत्री सुनील कुमार साह के नेतृत्व में रांची जिला के नव पदस्थापित उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री,आईएएस,रांची को फूलो का गुच्छा एवम शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। महासंघ के महामंत्री ने कहा की रांची जिला के लिए एक बहुमुखी प्रतिभा,कुशल प्रशासक, नेक दिल इंसान की पदस्थापन हुई है, इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन, झारखंड सरकार को महासंघ धन्यवाद एवम दिल से आभार व्यक्त करता है। महासंघ का मानना है की वर्तमान उपायुक्त महोदय के कार्यकाल में रांची जिला में चौमुखी विकास संपन्न होगा, विकास कार्य तेजी से संपन्न होगा। सरकारी योजनाओं का लाभ आम आदमी तक सरल रूप से पहुंचेगा। रांची जिला के कर्मचारियों के उनके मांगो के लिए,कोई समस्याएं हो तो सहज रूप से उपायुक्त महोदय उपलब्ध होगे। ऐसा महासंघ को पूर्व अनुभव प्राप्त है। इस अवसर पर झारखंड राज्य आजीविका कंप्यूटर आपरेटर संघ के राज्य संघ के करन गुप्ता, पंकज कुमार,मो रिजवान के द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में दीपक कुमार ,प्रीति कुमारी द्वारा भी उपायुक्त महोदय को सम्मानित किया गया। उपायुक्त महोदय से महासंघ श्री जय मसीह कच्छप, जनसेवक जिनका स्थानांतरण सोनाहतु हो गया है उनको कांके प्रखंड में पदस्थापित करने का भी पत्र महासंघ द्वारा दी गई अनुरोध की गई उनका पदस्थापन कांके प्रखंड रांची में करने की कृपा की जाय क्योंकि जय मसीह की पत्नी भी रांची सी सी एल अस्पताल,गांधीनगर ,रांची में स्टाफ नर्स के पद पर कार्यरत हैं। राज्य सरकार का भी कई पत्र



जारी कर ये प्रवधान की गई है कि यदि पति पत्नि सरकारी सेवा में है तो उनका पदस्थापन एक ही जगह में होगा।इस अवसर पर उपायुक्त महोदय ने शिष्टमंडल को कहे की जिले के सभी कर्मचारी,ईमानदारी पूर्वक कार्य करे,।सरकारी योजनाएं आम आदमी तक सरलता से पहुंचाए। महासंघ द्वारा सम्मानित करने वालो में महासंघ के महामंत्री सुनील कुमार साह, राज्य सचिव मो आलमगीर , दीपक कुमार, प्रीति कुमारी, जय मसीह कच्छप,मोहन लकड़ा संरक्षक अशोक कुमार ,सनातन कुमार रीना सिंह आदि उपस्थित हुए।

### हबीब ने फ्रेंचाइजी मीट का किया आयोजन

रांची : भारत की सैलून चैन की अग्रणी सूची में शामिल जावेद हबीब सैलून नेकडरू स्थित रेडिशन ब्लू होटल में फ्रेंचाइजी मीट का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में पूरे झारखंड के जावेद हबीब सैलून एवं अकेडमी के फ्रेंचाइजी संचालकों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर उपस्थित हेयर एक्सपर्ट जावेद हबीबने सभी फ्रेंचाइजी संचालकों के साथ नवीनतम रुझानों और भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह फ्रेंचाइजी मीट नए अवसरों पर चर्चा करने और ब्रांड के विकास का जश्न मनाने के लिए आयोजित किया गया है। स्वतंत्र और टिकाऊ व्यावसायिक अवसरों की पेशकश के लिए हमारे निरंतर विस्तार और प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, यह फ्रेंचाइजी मीट ज्ञान-साझाकरण, व्यवसाय विकास और भविष्य के लिए रणनीतिक योजना के लिए एक मंच के रूप में काम करेगी। मास्टर फ्रेंचाइजी बिहार - झारखंड अरविन्द कुमार ने बताया कि जावेद हबीब भारत में वेलनेस फैलाने वाले प्रमुख हेयर एंड ब्यूटी सैलून में से एक है। कंपनी के पूरे भारत में 1000 से अधिक सैलून हैं। कंपनी झारखंड में पैशनेट पार्टनर्स को आमंत्रित कर रही है ताकि वो इस सैलून से जुड़कर इसका लाभ उठा सकें।

### टंबल ड्राई लॉन्ड्री एवं ड्राई क्लीनिंग सर्विस सेंटर का हुआ उद्घाटन

ओरमांझी(मोहसीनआलम)-ईरबा में रविवार क़ो टंबल ड्राई लॉन्ड्री एवं ड्राई क्लीनिंग सर्विस सेंटर का उद्घाटन हुआ। जिसका विधिवत उद्घाटन मेदांता अस्पताल के सलाहकार सईद अहमद अंसारी व समाजसेवी अब्दुल सत्तार अंसारी व प्रतिष्ठा के संचालक सरफूल अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मेदांता अस्पताल के सलाहकार सईद अहमद अंसारी ने कहा कि शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र भी विकास हो रहा है, जहां तरह-तरह के उद्योग धंधे लग रहे हैं, जिससे लोगों को रोजगार मिलेगा, इस तरह के लॉन्ड्री खुलने से लोगों को कई तरह की सुविधा मिलेगी,गाँवो के विकास के लिए अच्छे ब्रांड के शोरूम होना चाहिए। अच्छे शोरूम होंगे तो अच्छे उत्पाद मिलेंगे और अच्छी सर्विस मिलेगी। जिससे कार्य समय से पूरा होगा,। इस अवसर पर लॉन्ड्री के संचालक सरफुल हक ने कहा की यह ग्रामीण क्षेत्र का पहला शोरूम है, इस शोरूम में कपड़ों की धुलाई इंपोर्टेड मशीन व इंपोर्टेड सलूशन सेआधुनिकतम तरीके से की जाएगी जिससे कपड़े की गुणवता बनी रहेगी। इस शोरूम में इमरजेंसी में 24 घंटे में आपको कपड़े ड्राई क्लीन हो मिल जाएंगे। साथ ही घर से ही ऑनलाइन बुकिंग हो जाएगी जिससे स्टाफ आपके घर तक सुविधा देगा। शोरूम इको फ्रेंडली है जहां पानी की गुणवत्ता का भी ध्यान रखा जाता है। यहां सभी आधुनिक सिस्टम की मशीनों द्वारा कपड़े प्रेस करके मिलेंगे। विदेशी मशीन से कपड़े धुलाई की जाएगी, इस लॉन्ड्री के खुलने से लोगों को रोजगार भी मिलेगा, इस तरह की लॉन्ड्री की आवश्यकता थी, जिससे देखते हुए इसे खोला गया है, आसपास के लॉन्ड्री में लोग गंदे पानी के इस्तेमाल करते हैं, लेकिन यहां स्वछता का विशेष ध्यान रखा जायेगा,इस अवसर पर मंजूर अहमद अंसारी,अब्दुल सत्तार अंसारी, जावेद अख्तर, इम्तियाज ओहदार,अरसद अंसारी,रकीब ओहदार,कयूम अंसारी,आरिफ अंसारी,आफताब आलम, शकील परवेज अंसारी,आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### जलसा में मुल्क हिंदुस्तान के कई महान आलिम ए दीन होंगे शामिल

कांके(मोहसीनआलम):नेवरी के बूटगोड़ा मैदान में 18 अक्टूबर को नेवरी बड़ी मस्जिद कमिटी की जानिब से जलसा सीरत उन नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का आयोजन किया गया है।जिसको लेकर काम बड़ी तेजी से चल रहा है,जिसका जायजा लेने सोमवार को बड़ी मस्जिद कमेटी के जिम्मेदार जलसा स्थल बूटगोड़ा मैदान पहुंचे. और जलसा स्थल पर तैयार किया जा रहा स्टेज,मेहमानों को बैठने के लिए जगह, खाना खिलाने के लिए समतल स्थल,जलसा स्थल पर पड़े बालू, गिट्टी,लकड़ी के रखरखाव,पार्किंग स्थल सहित जलसा में आने वाली लड़कियों के लिये अलग से बैठने की जगह का जायजा लिया गया,जलसा की कामयाबी के लिए नौजवानों क़ो कामों की जिम्मेदारी दी गई ।

# वैश्य मोर्चा कमेटी की बैठक आयोजित

रांची : रांची के कांके स्थित हीरानाथ साहु के आवास में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की कोर कमिटि की बैठक आयोजित की गयी. बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने किया. बैठक में निर्धारित मुद्दों पर विचार-विमर्श के पाश्चात्य सर्वसम्मति से चार प्रस्ताव पारित किये गये. पहले प्रस्ताव में कहा गया कि 20 अक्टूबर को वैश्य मोर्चा का 6वां स्थापना दिवस रांची के आलोका सभागार में आयोजित किया जायेगा और इस स्थापना दिवस में केंद्रीय पदाधिकारी, सदस्य, जिलाध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष एवं प्रकोष्ठ संगठन के पदाधिकारियों को प्रतिनिधि बनाया जायेगा. जबकि दूसरे प्रस्ताव में कहा गया कि राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन 40% आबादी वाले वैश्य समाज की अनदेखी और उपेक्षा करके आक्रोश को बढ़ावा दे रही है. वैश्य मोर्चा इस तरह की सोंच का प्रतिवाद करते हुए अपने मुद्दों को लेकर हर स्तर पर आंदोलन जारी रखने का निर्णय लेती है. तीसरे प्रस्ताव में कहा गया कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश द्वारा 19 अक्टूबर को रांची में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के प्रस्तावित कार्यक्रम में वैश्य मोर्चा को आमंत्रित किए जाने के लिए आभार व्यक्त करती है, लेकिन 20 अक्टूबर को स्थापना दिवस की तैयारी में व्यस्तता के कारण सामुहिक रूप से शामिल हो पाना संभव नहीं है. कोई भी पदाधिकारी या सदस्य व्यक्तिगत रूप से शामिल हो सकते हैं. चौथे प्रस्ताव में कहा गया कि स्थापना दिवस पर किसी सांसद, विधायक और मंत्री को आमंत्रित नहीं किया जायेगा, बल्कि सामाजिक कार्यकर्ता एवं बुद्धिजीवियों को ही आमंत्रित किया जायेगा.

बैठक में तय किया गया कि कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहु, युवा मोर्चा के अध्यक्ष हलधर साहु एवं छात्र मोर्चा के अध्यक्ष युवराज साहु सभागार सज्जा व्यवस्था के प्रभारी होंगे.

इस बैठक में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहु, संगठन महासचिव कृष्णा साहु, केंद्रीय सदस्य डॉ. अरविंद कुमार, नरेश साहु, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहु, युवा मोर्चा अध्यक्ष हलधर साहु, छात्र मोर्चा के अध्यक्ष युवराज साहु, सचिव अमन कुमार उपस्थित थे, जबकि वरीय उपाध्यक्ष मोहन साव, उप-प्रधान महासचिव उपेन्द्र प्रसाद एवं संगठन सचिव अनिल वैश्य वर्चुअल रूप से शामिल हुए.

### भाजपा नेता अनूप भाई के द्वारा रेलवे लाइन बनाने की मांग को लेकर चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)।भाजपा नेता अनूप भाई के द्वारा विधानसभा क्षेत्र में चलकुशा से बरकट्ठा, इचाक होते हुए हजारीबाग तक रेलवे लाइन बनाने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। उन्होंने सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कलहाबाद में घूम घूमकर लोगों से हस्ताक्षर कराया।अनूप भाई ने कहा कि अभियान के तहत दस हजार से अधिक लोगों का हस्ताक्षर के साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय रेल मंत्री से पत्र के माध्यम से मांग किया जाएगा। जिन्हें हस्ताक्षर के सभी पत्र सरकार को सौंपी जाएगी।अनूप भाई ने बताया कि यह हस्ताक्षर अभियान चलाने का मुख्य उद्देश्य बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले चलकुशा, इचाक, बरकट्ठा प्रखंड का पूरा व्यवस्था हजारीबाग शहर पर आश्रित है। यहां के विद्यार्थी से लेकर आम आवाम को हजारीबाग आना जाना पड़ता है। जिसके आवागमन में अधिक खर्च होता है साथ ही दिक्कतों का सामना भी करना पड़ता है।आने जाने से बचने के लिए अभिभावक अपने बच्चों को हॉस्टल या किराए के मकान में रखकर पढ़ाई करवाते हैं जिसमें बहुत अधिक खर्च गिरता है। गरीब तबके के परिवार अपने बच्चों को शहर में रखकर अच्छी पढ़ाई नहीं करवा पा रहे हैं। रेलवे सुविधा होने से क्षेत्र वासियों को कम लागत में आवागमन की सुविधा होगी। हस्ताक्षर अभियान में मुख्य रूप अशोक चंद्रवंशी, अजय चंद्रवंशी, मुंशी राम, शंभू चंद्रवंशी, सागर कुमार, सुरेश चंद्रवंशी, पंकज कुमार, विजय चंद्रवंशी, रवि कुमार, किशोर चंद्रवंशी, अजीत चंद्रवंशी, रौशन चंद्रवंशी, अवधेश राम, नंदू रविदास, महेश कुमार, अवध किशोर समेत अन्य कई लोग शामिल रहे।

# वीआईपी पार्टी ने 20 सीट पर प्रत्याशी देने का लिया निर्णय

रांचीः विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) झारखंड में 20 से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ेगी। रांची प्रेस क्लब में राज्य भर से आए पार्टी पदाधिकारियों की रायशुमारी के उपरांत वीआईपी झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर राजकुमार चौधरी ने प्रेस कांफ्रेंस कर यह घोषणा आज कर दी। प्रोफेसर राजकुमार चौधरी ने कहा कि राज्य की जनता ने 25 सालों में गठबंधन की राजनीति को ही देखा है। एक और जहां वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर सत्ता में है वहीं पिछली सरकारों पर नजर दौड़ाएं तो क्षेत्रीय पार्टियों के साथ ताल-मेल कर भारतीय जनता पार्टी जैसी राष्ट्रीय पार्टी भी सत्ता पर तो काबिज होती रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय से लेकर क्षेत्रीय पार्टियों ने राज्य का कितना हित किया है यह सभी पार्टियों के लिए आत्म मंथन का समय है। झारखंड में 2024 का विधानसभा चुनाव सर पर है। केंद्र कि भाजपा सरकार के कई मंत्री और नेता राज्य का लगातार दौरा कर रहे हैं प्रधानमंत्री तक का दौरा हो चुका है। जनता को अपने पक्ष में करने को लेकर घोषणाओं और वादों अंतहीन सिलसिला सा राज्य में नजर आ रहा है। राजनीतिक दलों की गतिविधियों पर नजर डाले तो यह दिख रहा है कि भाजपा कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टियों से लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा और अन्य छोटे-मोटे घटक दल इस बार जनता का मन नहीं टटोल पा रहे हैं। वीआईपी प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर राजकुमार चौधरी ने लोग निवास करते हैं, जिनमें निषाद वंशीय समाज की जनसंख्या सात प्रतिशत अर्थात करीब 24 लाख के करीब है जो किसी भी प्रत्याशी को विधानसभा चुनाव में जीत का आंकड़ा पार करा सकती है। उन्होंने लगभग 25 ऐसे विधानसभा क्षेत्रों की सूची जारी की जहां निषाद वंशीय समाज के दम पर प्रत्याशी जीतते आ रहे हैं। अब निषाद वंशीय समाज सिर्फ वोट बैंक बनकर नेताओं को विधान सभा भेजने का मध्यम नहीं बनेगा बल्कि स्वयं विधानसभा में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराते हुए अपने हक और हुकुक की लड़ाई लड़ेगा । प्रोफेसर राजकुमार चौधरी ने एक परिपक्व



नेता की तरह इस बात से इनकार नहीं किया कि राज्य में गठबंधन की सरकार का होना भौगोलिक मजबूरी है, लेकिन संख्या बल पर निषाद वंशीय समाज भी किसी से कम नहीं है बावजूद इसके सत्ता के गलियारों में इस समाज की चर्चा ना तो भाजपा, कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टियों ने की और ना ही स्थानीय हितों का दंभ भरने वाली सत्ता पर काबिज झारखंड मुक्ति मोर्चा जनता के बीच जाकर अपने आप को जनहित और राज्यहित वाली सरकार साबित करने की स्थिति में है। उन्होंने की कहा कि जब हमारी शुद्ध कोई लेने वाला नहीं है तो हम किसी के भरोसे क्यों बैठे रहे इस विधानसभा चुनाव में निषाद बंसी समझ न सिर्फ अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगी बल्कि 20 से अधिक विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी देकर अपनी राजनीतिक दावेदारी किसी और के हाथ में नहीं जाने देगा। ब्रह्मदेव चौधरी, सरोज चौधरी, मनदीप मल्लाह, भारदुल चौधरी, सुनील कुमार चौधरी, संजय मल्लाह, राम मल्लाह, विश्वनाथ झोरा, चरण केवट, मेजर बद्री साहनी, गंगा केवट, विजेंद्र चौधरी, अरविंद केवट, रब्बीकुल शेख, राजेंद्र चौधरी, विवेक साहनी सहित राज्य के 24 जिला के जिला पदाधिकारी और प्रखंड पदाधिकारी शामिल हुए। .


### ऊर्जा मित्रों ने पूर्व विधायक जानकी यादव को अपनी मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



बरकट्ठ। बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव को झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के तहत कार्यरत ऊर्जा मित्रों ने अपनी मांगों को लेकर बरकट्ठा में मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। जिसमें लिखा है कि आउटसोर्सिंग के तहत जीबीभीएनएल में समस्त उर्जा मित्र 2013 से विभिन्न कंपनियों के अधीन कार्य कर रहे थे। वह सभी 6500 ऊर्जा मित्र झारखंड के प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के अधीन कार्यरत है।ऊर्जा मित्रों ने ज्ञापन के माध्यम से विभिन्न कंपनियों के अधीन कार्यरत सभी ऊर्जा मित्रों को कंपनियों से हटाकर जेबीभीएनएल बोर्ड में समायोजन करने, मध्य प्रदेश के तर्ज पर सभी उर्जा मित्रों को एक सम्मान जनक मानदेय देने की मांग किया है।कहा कि वर्तमान समय में विभाग पूरे झारखंड में स्मार्ट प्रीपेड मीटर का सर्वे का कार्य किया जा रहा है।आने वाले कुछ माह में ऑटो प्रीपेड हो जाएगा जिससे हम सभी 65000 ऊर्जा मित्र सरकार या बोर्ड के इस योजना से बेरोजगारी एवं भुखमरी के कगार पर पहुंच जाएंगे।वहीं हम सभी कंपनियों के अधीन कार्यरत ऊर्जा मित्र की मानदेय पैसा कंपनी लेकर फरार हो जाती है जिससे हम लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।पूर्व विधायक जानकी यादव ने कहा कि आप लोगों की मांगें जायज है।आपके आवेदन को मुख्यमंत्री से मिलकर उनके समक्ष रखूंगा और आपको उचित हक दिलाने का प्रयास करुंगा। इस मौके पर अर्जुन गिरी, आकाश कुमार, विक्रम कुमार, छोटू यादव, राजेंद्र यादव, तरुण गिरी, मो जावेद, अभय दास, मो फहीम, प्रसादी यादव, मो साहिल समेत अन्य कई ऊर्जा मित्र मौजूद रहे।

### दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)।
बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तुईयो में होने वाली दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर ग्रामीणों ने बैठक की। बैठक की अध्यक्षता मुखिया शंकर रविदास ने की व संचालन युगल मंडल ने किया।बैठक में यज्ञ सफल बनाने को लेकर समिति का गठन



किया गया।जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष उपप्रमुख प्रतिनिधि उत्तीम महतो, उपाध्यक्ष विनोद भगत, सचिव बसंत कुमार एवं बसंत रविदास, कोषाध्यक्ष फलजीत राणा एवं नंदकिशोर प्रसाद को चुना गया।जबकि कार्यकारिणी सदस्य में रामप्रसाद राम, बीरेंद्र राणा, नारायण प्रसाद, राजेश प्रसाद, सहोदर कुमार, भेखलाल राणा, रामचंद्र प्रसाद, शंकर रविदास, कामेश्वर प्रसाद, धीरेंद्र प्रसाद, मनोज प्रसाद, विजय कुमार को रखा गया है। नवचयनित अध्यक्ष उत्तीम महतो ने बताया कि तुईयो गांव में नवनिर्मित दुर्गा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ चार फरवरी से शुरू होगा।

# संपादकीय


## कोयलांचल संवाद

### दिखावे और गैर जरूरी खर्च से बचें बचत पर ध्यान दें

आज के दौर में दिखावे पर खर्च करना निम्न और मध्यम वर्ग में बड़ी तेजी के साथ बढ़ गया है। दिखावे के लिए कर्ज लेकर खर्च करने की प्रवृत्ति बड़ी तेजी के साथ बढ़ी है। पिछले कुछ वर्षों में गैर जरूरी खर्च लोग दिखावे के लिए कर रहे हैं। हवाई जहाज और ट्रेनों में आसानी से टिकट उपलब्ध नहीं हो रहे हैं। मध्यवर्ग के लोग हैसियत नहीं होने के बाद भी हवाई यात्रा कर रहे हैं। रेलवे में एसी पर यात्रा करना आज-कल दिखावे के रूप में निम्न मध्यमवर्गीय परिवारों में किया जा रहा है। यात्रा के दौरान टिकट से कई गुना ज्यादा पैसा ब्रांडेड सामग्री को खरीदने और खाने-पीने की चीजों में खर्च किया जा रहा है। एयरपोर्ट में कई गुने दामों में बिकने वाले सामान पर काफी पैसा खर्च किया जा रहा है। निम्न एवं मध्यम वर्ग के बीच में ब्रांडेड महंगी चीजों पर खर्च करना स्टेटस सिंबल बन गया है। वह भी उनके सामान जिन्हें वह जानते भी नहीं हैं। सोचने वाली बात है, कि इस तरह की फिजूलखर्ची के पीछे युवा वर्ग बड़ी तेजी से पैसे खर्च कर रहा है। छोटी-छोटी बचत से बड़ी रकम को बचाया जा सकता है। ऑनलाइन खरीदी की लत युवा वर्ग को बड़ी तेजी के साथ लगती चली जा रही है। मोबाइल फोन पर नई-नई चीज देखकर उन्हें खरीदने की आदत युवा वर्ग में नशे की तरह बढ़ती चली जा रही है। ऑनलाइन खरीदे गए सामान उनके लिए कितने उपयोगी हैं, कितने गैरजरूरी हैं, इसकी समझ भी उन्हें नहीं है। सबसे बड़े आश्चर्य की बात यह है कि कर्ज लेकर खर्च करना आज-कल के युवाओं का स्टेटस सिंबल बन गया है। आज की युवा पीढ़ी यह भूल गई कि उनके अपने परिवार के बुजुर्ग अपने समय में हमेशा जरूरत की चीजों पर ध्यान केंद्रित करते थे। वही चीज खरीदते थे, जो उनके लिए उपयोगी और जरूरी होती थीं। खर्चे में वो कभी कोई कमी नहीं करते थे, लेकिन जरुरत के लिहाज से ही खरीदी होती थी। बगैर जरुरत की चीजों में पैसा नहीं फेंका जाता था। अपनी आय के अनुरूप जरूरी खर्चों के बाद बचत करने पर विशेष रूप से ध्यान देते थे। यही नहीं हमारे बुजुर्ग कभी भी किसी के सामने अपनी आर्थिक स्थिति का भान होने नहीं देते थे। इन सब बातों के विपरीत आज का युवा वर्ग दिखावे की मानसिकता के चलते खर्चों पर नियंत्रण नहीं रख पाते हैं। बजाय इसके युवा वर्ग को प्राथमिकता के अनुसार ही खर्च करना चाहिए। दिखावे के लिए ब्रांडेड महंगे प्रोडक्ट्स खरीदने से हमारी सामाजिक स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं आता है। उल्टे आज का युवा वर्ग कर्ज के जाल में फंसता जा रहा है। स्टेटस सिंबल को लेकर वह मानसिक रूप से हमेशा परेशान रहता है। युवाओं में बचत करने की कोई प्रवृत्ति नहीं है। आय और व्यय के बीच में संतुलन नहीं होने से वे बचत नहीं होती और इस कारण जब आकस्मिक कोई जरुरी खर्च करने की परिस्थिति सामने आती है तब वह युवा वर्ग बहुत परेशान हो जाता है। ऐसे में उसे कुछ सूझता नहीं है और कर्ज पर कर्ज लेकर अपनी जरुरतों को पूरा करने पर विवश हो जाता है। ऐसा करने से उसकी आगे की जिंदगी भी परेशानी में उलझती चली जाती है। नेक सलाह तो यही है कि गैरजरूरी खर्चों से युवा पीढ़ी को बचना चाहिए और बचत की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए। युवाओं को यह नहीं भूलना चाहिए कि स्टेटस सिंबल के चक्कर में किए जाने वाले खर्च से चंद मिनट तो सुख मिल सकता है, लेकिन लंबे समय के लिए यह किसी काम का नहीं होता है। इसलिए इससे बचना चाहिए और हर बात को स्टेटस सिंबल से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। युवा मध्यम वर्ग और निम्न वर्ग को स्टेटस सिंबल को लेकर एक क्षणिक संतोष तो हो सकता है, लेकिन इससे आगे फिर उनको परेशानी और मानसिक प्रताड़ना का शिकार होना पड़ता है। युवाओं के साथ ही निम्न एवं मध्यम वर्गीय परिवारों को यह समझने की जरूरत है।

## मिसाइल मैन डॉ एपीजे अब्दुल कलाम

**संजय गोस्वामी**



डॉ कलाम साहब को मिसाइल मैन के नाम से भी जाना जाता था. वे भारत के भारतीय गणतंत्र के ग्यारहवें निर्वाचित राष्ट्रपति थे। डॉ अब्दुल कलाम को पीपल्स प्रेजिंडेट भी कहा जाता था उनका मानना था कि श्इंतजार करने वालों को सिर्फ उतना ही मिलता है, जितना कोशिश करने वाले छोड़ देते हैं। ऐसे प्रेरणादायी शब्द से छात्रों को संबोधित करते रहते थे।

एक साधारण परिवार में 15 अक्टूबर 1931 को धनुषकोडी गाँव (रामेश्वरम, तमिलनाडु) में एक मध्यमवर्ग मुस्लिम परिवार में इनका जन्म हुआ। अपनी मेहनत और बुद्धिमता से ना सिर्फ विज्ञान के क्षेत्र में प्रसिद्धि हासिल की और भारत के राष्ट्रपति पद तक का सफर तय किया बल्कि ये भी साबित किया कि अगर कोई इंसान ठान ले तो कुछ भी असंभव नहीं है। 1963 में कलाम भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान, इसरो से जुड़े और यहां भी भारत की ताकत को बढ़ाने में अपना योगदान दिया। सैटेलाइट लॉन्च वेहिकल यानी ैस्ट के प्रॉजेक्ट मिशन से जुड़े। अब्दुल कलाम को मिसाइल मैन के नाम से जाना जाता है उन्होंने अपनी मेहनत और क्षमता के दम पर भारत को वो शक्ति दी जिससे भारत अपनी धाक दुनिया के सामने जमा सका। 1982 में कलाम रक्षा अनुसंधान विकास संगठन, क्त्क्व् से जुड़े और उनके नेतृत्व में ही भारत ने नाग, पृथ्वी, आकाश, त्रिशूल और अग्नि जैसे मिसाइल विकसित किए। इन्होंने भारत रत्न, भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किये। उनके भाषणों में कम से कम एक कुरल का उल्लेख अवश्य रहता था। राजनीतिक स्तर पर कलाम की चाहत थी कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की भूमिका विस्तार हो और भारत ज्यादा से ज्याद महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाये। भारत को महाशक्ति बनने की दिशा में कदम बढाते देखना उनकी दिली चाहत थी। उन्होंने कई प्रेरणास्पद पुस्तकों की भी रचना की थी और वे तकनीक को भारत के जनसाधारण तक पहुँचाने की हमेशा वकालत करते रहे थी। बच्चों और युवाओं के बीच डाक्टर कलाम अत्यधिक लोकप्रिय थे। वह भारतीय अन्तरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के कुलपति भी थे।ष्ट्रपति पद से सेवामुक्त होने के बाद डॉ कलाम शिक्षण, लेखन, मार्गदर्शन और शोध जैसे कार्यों में व्यस्त रहे और भारतीय प्रबंधन संस्थान, शिल्लोंग, भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद, भारतीय प्रबंधन संस्थान, इंदौर, जैसे संस्थानों से विजिटिंग प्रोफेसर के तौर पर जुड़े रहे। इसके अलावा वह भारतीय विज्ञान संस्थान बैंगलोर के फेलो, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी, थिरुवनन्थपुरम, के चांसलर, अन्ना यूनिवर्सिटी, चेन्नई, में एयरोस्पेस इंजीनियरिंग के प्रोफेसर भी रहे।उन्होंने आई. आई. आई. टी. हैदराबाद, बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी और अन्ना यूनिवर्सिटी में सूचना प्रौद्योगिकी भी पढाया था।कलाम हमेशा से देश के युवाओं और उनके भविष्य को बेहतर बनाने के बारे में बातें करते थे। इसी सम्बन्ध में उन्होंने देश के युवाओं के लिए "व्हाट कैन आई गिव' पहल की शुरुआत भी की जिसका उद्देश्य भ्रष्टाचार का सफाया है। देश के युवाओं में उनकी लोकप्रियता को देखते हुए उन्हें 2 बार (2003 - 2004) 'एम.टी.वी. यूथ आइकॉन ऑफ़ द इयर अवार्ड' के लिए मनोनित भी किया गया था।वर्ष 2011 में प्रदर्शित हुई हिंदी फिल्म 'आई ऍम कलाम' उनके जीवन से प्रभावित है। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ने विंग्स ऑफ फायर, इग्नाइटेड माइंड्स, इंडिया 2020 जैसी कई मशहूर और प्रेरणा देने वाली किताबें लिखी हैं। जो खासकर छात्रों को प्रेरित करती रही।इन्होंने 1974 में भारत द्वारा पहले मूल परमाणु परीक्षण के बाद से दूसरी बार 1998 में भारत के पोखरान-द्वितीय परमाणु परीक्षण में एक निर्णायक, संगठनात्मक, तकनीकी और राजनैतिक भूमिका निभाई! सपने वो नहीं होते जो रात को सोने समय नींद में आये, सपनें वो होते हैं जो रातों में सोने नहीं देते। ऐसे दमदार विचार रखने वाले भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम अब इस दुनिया में नहीं रहे। 27 जुलाई 2015 की शाम डॉ अब्दुल कलाम भारतीय प्रबंधन संस्थान शिलोंग में श्रहने योग्य ग्रह पर एक व्याख्यान दे रहे थे जब उन्हें जोरदार कार्डियक अरेस्ट (दिल का दौरा) हुआ और ये बेहोश हो कर गिर पड़े। लगभग 6:30 बजे गंभीर हालत में इन्हें बेथानी अस्पताल में आईसीयू में ले जाया गया और दो घंटे के बाद इनकी मृत्यु की पुष्टि कर दी गई।जिसके बाद करोड़ों लोगों के प्रिय और चहेते डॉ अब्दुल कलाम परलोक सिधार गए।

# ई वी एम संदिग्धता : या इलाही ये माजरा क्या है ?

**तनवीर जाफ़री**

हरियाणा विधानसभा चुनाव के अप्रत्याशित परिणामों ने पूरे देश के न केवल सभी प्रमुख एजेंसीज़ द्वारा किये गए एक्ज़िट पोल्स को बुरी तरह झुठला दिया बल्कि बड़े बड़े राजनैतिक विश्लेषकों को भी हैरानी में डाल दिया। मज़े की बात तो यह कि केवल कांग्रेस पार्टी ही हरियाणा में सत्ता में वापसी की उमीदों को लेकर गदगद नहीं थी बल्कि स्वयं भाजपा भी यह एहसास था कि किसान आंदोलन,अग्निवीर योजना व पहलवानों जैसे ज्वलंत मुद्दे उठने के बाद राज्य में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में इनके अलावा भाजपा को दस वर्ष की सत्ता विरोधी लहर का भी सामना करना पड़ सकता है। इसी संभावना के तहत भाजपा ने लगभग 35 प्रतिशत वर्तमान विधायकों के टिकट काट दिए थे। टिकट कटने वालों में कई मंत्री भी शामिल थे। इस क़वायद के बावजूद 12 में से 9 मंत्री चुनाव में पराजित हो गये। हद तो यह है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और डिप्टी स्पीकर रणबीर सिंह गंगवा की सीटों को भी बदल दिया गया था। इन सबके बावजूद नायब सैनी और अनिल विज जैसे नेताओं को भी मामूली मतों से ही जीत हासिल हुई। राज्य में 10 विधानसभा सीटें ऐसी हैं, जहां बीजेपी की जीत का अंतर 5 हज़ार से भी कम है।

आठ अक्टूबर को जब सुबह मतगणना शुरू हुई उस समय एग्ज़िट पोल द्वारा घोषित पूर्वानुमानों के अनुरूप ही कांग्रेस की भारी जीत के रुझान सामने आने लगे। बताया गया कि बैलट पेपर की गिनती में कांग्रेस तेज़ी से आगे जा रही थी परन्तु जैसे ही ई वी एम के मतों की गिनती शुरू हुई आंकड़ों ने उसी तेज़ी से करवट लेना शुरू कर दिया। उसी समय पूरे देश के सोशल मीडिया पर यह संदेह ज़ाहिर किया जाने लगा कि क्या भाजपा द्वारा फिर खेला कर दिया गया ? और शाम होते होते भाजपा राज्य की कुल 90 विधानसभा सीटों में से 48 पर जीत दर्ज करने व ज़रूरी बहुमत हासिल करने की ओर बढ़ चली।

जबकि एक्ज़िट पोल के अनुसार 50 से 65 सीटें जीतने की उम्मीद रखने वाली कांग्रेस को मात्र 37 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा। इन चुनाव परिणामों ने निश्चित रूप से सभी को हैरान इसलिये भी कर दिया क्योंकि राज्य से भाजपा की हरियाणा में सत्ता से बिदाई की रिपोर्ट्स केवल मीडिया आधारित नहीं थी बल्कि स्वयं अनेक सरकारी एजेंसीज़ ने भी यही फ़ीड बैक दिया था। इसीलिये भाजपा के पक्ष में आये इन अप्रत्याशित परिणामों को लेकर संदेह पैदा होना स्वभाविक भी था। और इसतरह निशाने पर एक बार फिर ई वी एम आ गयी। कांग्रेस ने सीधा आरोप लगाया कि हरियाणा चुनाव में कई जगह ई वी एम को हैक किया गया है। यह सवाल भी उठा कि अनेक ई वी एम इंडिकेटर में बैटरी की मात्रा 90 व 95 % तक दिखा रही थी जबकि मतदान के अंतिम समय में प्रायः ई वी एम की बैटरी चार्जिंग की मात्रा 60 से 70% के बीच या इससे भी कम ही हुआ करती है। कांग्रेस का आरोप है कि जहां जहां ई वी एम में बैटरी कम थी उनमें प्रायः कांग्रेस को बढ़त मिली है। इस आरोप का सीधा अर्थ है कि ई वी एम को बदल दिया गया। कांग्रेस द्वारा 20 सीटों पर इसतरह की गड़बड़ी होने की शिकायत दर्ज की गई है।

सवाल यह है कि जब राहुल गांधी ने 17 मार्च को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन के समय मुंबई में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि राजा की आत्मा ईवीएम में है , उस समय केवल राहुल गांधी ही नहीं बल्कि एम के स्टालिन व फ़ारूक़ अब्दुल्ला जैसे अनेक बड़े नेताओं ने भी ईवीएम का मुद्दा उठाया था। और उस समय सभी का ई वी एम को लेकर एक ही स्वर था कि यदि उनकी सरकार आएगी तो वे ईवीएम को हटा देंगे। सवाल यह है कि आज जबकि हरियाणा के साथ साथ जम्मू कश्मीर विधान सभा के भी चुनाव परिणाम आये हैं। और जम्मू कश्मीर में फ़ारूक़ अब्दुल्ला की नेशनल कॉफ्रेंस व कांग्रेस गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिला जबकि हरियाणा में भाजपा को जीत मिली। ऐसे में यदि कांग्रेस के नेता हरियाणा में ई वी एम की कार्यप्रणाली में त्रुटियां निकाल रहे हैं तो फिर जम्मू कश्मीर विधानसभा परिणामों से सहमत क्यों ? पिछले लोकसभा चुनावों में इण्डिया गठबंधन ने बेहतर प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश व हरियाणा में भी अच्छा प्रदर्शन रहा। उस समय भी किसी ने ई वी एम पर इतना दोष नहीं मढ़ा। कर्नाटक में जीते तो भी ई वी एम ठीक थी ?

और इन सबसे बड़ी बात यह कि जब विपक्षी दलों के नेता ई वी एम को ही ग़लत बताते हैं फिर आख़िर अब तक पूरे विपक्ष ने मिलकर ई वी एम के विरुद्ध संयुक्त रूप से कोई बड़ा आंदोलन क्यों नहीं किया ? यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट के कई वरिष्ठ वकीलों व सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा चलाये जा रहे ई वी एम विरोधी आंदोलन का भी किसी राजनैतिक दल ने खुलकर साथ नहीं दिया ?

यदि वास्तव में ई वी एम निष्पक्ष चुनाव प्रभावित करने की क्षमता रखती है तो निश्चित रूप से यह लोकतंत्र के लिये घातक है। सभी राजनैतिक दलों को राष्ट्रीय स्तर पर इसका विरोध करना चाहिये। यहाँ तक कि यदि सत्ता पक्ष के भी कई वरिष्ठ नेता,तकनीकी एक्सपर्ट और पूरा विपक्ष ई वी एम से चुनाव नहीं चाहता तो इसके द्वारा होने वाले चुनावों का बहिष्कार तक किया जाना चाहिये। क्योंकि सच तो यह है कि ई वी एम पर शुरुआती संदेह की ऊँगली तो भाजपा नेता लाल कृष्ण आडवाणी व सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा ही उठाई गयी थी। वैसे भी इसकी संदिग्धता को लेकर इसलिये भी सवाल उठते रहते हैं कि आख़िर दुनिया के अनेक आधुनिक देशों ने इसका प्रचलन अपने देशों में क्यों बंद कर दिया ? और आधुनिक होने के बावजूद ऐसे देशों में आज भी चुनाव बैलट पेपर द्वारा ही क्यों कराये जाते हैं ? ई वी एम की संदिग्धता को लेकर स्थिति स्पष्ट,पारदर्शी व सर्वस्वीकार्य होनी चाहिये। बेईमानी पर आधारित लोकतंत्र वास्तविक लोकतंत्र का परिचायक नहीं हो सकता।

# सनातन संस्कृति के भाव को जगाने हेतु संघ की स्थापना विजयादशमी के दिन ही क्यों हुई

**प्रहलाद सबनानी**

भारतीय परंपरा में, "आश्विन शुक्ल दशमी" को, अक्षय स्फूर्ति, शक्तिपूजा एवं विजय प्राप्ति का दिवस माना जाता है। किसी भी शुभ, सात्विक एवं राष्ट्र गौरवकारी कार्य को प्रारंभ करने के लिए यह मुहूर्त सर्वोत्तम माना गया है। विजयादशमी का यह उत्सव आसुरी शक्तियों पर दैवी शक्तियों की विजय का प्रतीक है।

विजयादशमी के दिन ही सतयुग में भगवती मां दुर्गा के रूप में दैवी शक्ति ने महिषासुर का मर्दन किया था। त्रेतायुग में प्रभु श्रीराम ने वनवासियों का सहयोग लेकर, उन्हें संगठित कर तथा सेतु-निर्माण कर, दुष्ट रावण की आसुरी शक्तियों का विनाश किया था। तथा, इसी प्रकार द्वापरयुग में श्रीकृष्ण के मार्गदर्शन में दैवी शक्तियों ने आसुरी शक्तियों का विध्वंस किया था। कलयुग में प्रतिकूल परिस्थितियों में भी हिंदुत्व का स्वाभिमान लेकर हिंदू पद-पादशाही की स्थापना करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा सीमोल्लंघन की परंपरा का प्रारंभ भी इसी पावन दिवस पर किया गया था। और, रामलीला तथा दुर्गापूजा इन दोनों उत्सवों को, इस विजयशाली दिवस की पावन स्मृति को, लोकमानस में बनाए रखने की दृष्टि से ही, मनाया जाता है।विजयादशमी के पावन दिवस पर शस्त्र-पूजन की परंपरा भी है। 12 वर्ष के वनवास तथा 1 वर्ष के अज्ञातवास के पश्चात् पांडवों ने अपने शस्त्रों का पूजन इसी दिन किया था तथा उन्हें पुनः धारण किया था। विजयादशमी के दिन ही, परमपूज्य आद्य सरसंघचालक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार जी ने नागपुर के मोहिते के बाड़े में संवत् 1983 तदनुसार 27 सितंबर 1925 ईसवी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी, अर्थात् राष्ट्र जीवन में शक्ति का निर्माण करने के लिए संकल्पित संघ का कार्य भी इसी दिन के शुभ मुहूर्त से प्रारंभ हुआ था। वर्ष 2014 में विजयादशमी दिवस का विशेष महत्व है क्योंकि संघ अपनी स्थापना के 100वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है, अर्थात्, संघ का यह सौवां विजयादशमी उत्सव है।

मुगलकाल एवं ब्रिटिश शासनकाल के अंतर्गत हिन्दू लोक जीवन विखंडित हो गया था। हिन्दू धर्म के मूल रहस्यों से अनभिज्ञ आक्रांताओं ने न केवल वैयक्तिक अधिकारों का हनन किया अपितु हिन्दू धर्म के मूल ग्रंथों को भी नष्ट कर दिया। 1000 वर्षों तक सनातन संस्कृति विधर्मियों के प्रहार को झेलती हुई लगभग मृतप्राय बना दी गई थी। साथ ही, जिस खंडकाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई थी वह मुस्लिम तुष्टिकरण का काल था।

वर्ष 1920 में देश में खिलाफत आंदोलन शुरू हुआ। मुसलमानों का नेतृत्व मुल्ला-मौलवियों के हाथों में था। इस खंडकाल में मुसलमानों ने देश में अनेक दंगे किए। केरल में मोपला मुसलमानों ने विद्रोह किया। उसमें हजारों हिंदू मारे गए। मुस्लिम आक्रांताओं के आक्रमण के कारण हिंदुओं में अत्यंत असुरक्षिता की भावना फैली थी। हिंदू संगठित हुए बिना मुस्लिम आक्राताओं के सामने टिक नहीं सकेंगे, यह विचार अनेक लोगों ने प्रस्तुत किया और इस प्रकार हिंदू हितों के रक्षार्थ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई। शास्त्रों में वर्णन मिलता है कि 'संघ शक्ति कलौ युगे अर्थात् कलयुग में संगठन ही सर्वोपरि है। इस वाक्य के अनुरूप ही संघ में संगठन को विशेष महत्व प्रदान किया जाता है। अब आवश्यकता है कि मूल्य परक हिन्दू जीवन पद्धति जिससे न केवल मानव अपितु प्रकृति एवं जीव-जन्तु जगत का भी उत्थान सम्भव है, उसे पुनः प्रतिष्ठित किया जाए। इस प्रकार, संघ के प्रयासों से भारत में विस्मृत राष्ट्रभाव का



पुनर्जागरण प्रारम्भ हुआ है। भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में शायद ही कोई ऐसा संगठन रहा होगा जो अपनी स्थापना के समय से ही निर्धारित किए गए अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की ओर लगातार सफलतापूर्वक आगे बढ़ता जा रहा है। मार्च, 2024 में संघ की नागपुर में आयोजित प्रतिनिधि सभा की बैठक में उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 922 जिलों, 6597 खंडों एवं 27,720 मंडलों में 73,117 दैनिक शाखाएं हैं, प्रत्येक मंडल में 12 से 15 गांव शामिल हैं। समाज के लगभग प्रत्येक क्षेत्र में संघ की प्रेरणा से 40 से अधिक विभिन्न संगठन अपना कार्य कर रहे हैं जो राष्ट्र निर्माण तथा हिंदू समाज को संगठित करने में अपना योगदान दे रहे हैं। देश में राजनैतिक कारणों के चलते संघ पर तीन बार प्रतिबंध भी लगाया गया है - वर्ष 1948, वर्ष 1975 एवं वर्ष 1992 में - परंतु तीनों ही बार संघ पहिले से भी अधिक सशक्त और मुखर होकर भारतीय समाज के बीच उभरा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ "हिंदू" शब्द की व्याख्या सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के संदर्भ में करता है जो किसी भी तरह से (पश्चिमी) धार्मिक अवधारणा के समान नहीं है। इसकी विचारधारा और मिशन का जीवंत सम्बंध स्वामी विवेकानंद, महर्षि अरविंद, बाल गंगाधर तिलक और बी सी पाल जैसे हिंदू विचारकों के दर्शन से हैं। विवेकानंद ने यह महसूस किया था कि "सही अर्थों में एक हिंदू संगठन अत्यंत आवश्यक है जो हिंदुओं को परस्पर सहयोग और सराहना का भाव सिखाए"। स्वामी विवेकानंद के इस विचार को डॉक्टर हेडगेवार ने व्यवहार में बदल दिया। उनका मानना था कि हिंदुओं को एक ऐसे कार्य दर्शन की आवश्यकता है जो इतिहास और संस्कृति पर आधारित हो, जो उनके अतीत का हिस्सा हो और जिसके बारे में उन्हें कुछ जानकारी हो। संघ की शाखाएं इस महान कार्य को आगे बढ़ाते हुए "स्व" के भाव को परिशुद्ध कर उसे एक बड़े सामाजिक और राष्ट्रीय हित की भावना में मिला देती हैं। संघ की शाखाओं में अनोखी पद्धति का अनुपालन करते हुए युवाओं में राष्ट्रीयता का भाव विकसित किया जाता है। शाखा की इस अनोखी पद्धति की सराहना आज पूरे विश्व में ही की जा रही है। वस्तुतः यह कह सकते हैं कि हिंदू राष्ट्र को स्वतंत्र करने व हिंदू समाज, हिंदू धर्म और हिंदू संस्कृति की रक्षा कर राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाने के उद्देश्य से डॉक्टर साहब ने संघ की स्थापना की। आज संघ का केवल एक ही ध्येय है कि भारत को पुनः विश्व गुरु के रूप में स्थापित किया जाय। संघ के संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार जी की दृष्टि हिंदू संस्कृति के बारे में बहुत स्पष्ट थी एवं वे इसे भारत में पुनः प्रतिष्ठित कराना चाहते थे। डॉक्टर साहब के अनुसार, "हिंदू संस्कृति हिंदुस्तान का प्राण है। अतएव हिंदुस्तान का संरक्षण करना हो तो हिंदू संस्कृति का संरक्षण करना हमारा पहला कर्त्तव्य हो जाता है। हिंदुस्तान की हिंदू संस्कृति ही नष्ट होने वाली हो तो, हिंदू समाज का नामोनिशान हिंदुस्तान से मिटने वाला हो, तो फिर शेष जमीन के टुकड़े को हिंदुस्तान या हिंदू राष्ट्र कैसे कहा जा सकता है? क्योंकि राष्ट्र, जमीन के टुकड़े का नाम तो नहीं है ...... यह बात एकदम सत्य है। फिर भी हिंदू धर्म तथा हिंदू संस्कृति की सुरक्षा एवं प्रतिदिन विधर्मियों द्वारा हिंदू समाज पर हो रहे विनाशकारी हमलों को कांग्रेस द्वारा दुरलक्षित किया जा रहा है, इसलिए इस अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की आवश्यकता है।" वस्तुतः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का आज भी लक्ष्य हिंदुओं को जाति, क्षेत्र और भाषा के कृत्रिम विभाजन के चलते उत्पन्न सामाजिक सांस्कृतिक विरोधाभासों से उबारना है। इसकी आकांक्षा है कि भारत को विश्व गुरु का स्थान अपने कृतत्व, दर्शन और सांस्कृतिक प्रभाव से पुनः मिले। भारतीय समाज को संघ के इन प्रयासों से अपने आप को जोड़ना चाहिए तभी भारत को पुनः विश्व गुरु के रूप में स्थापित किया जा सकेगा। हाल ही के समय में हिंदू समाज में दिखाई दे रही एकरसता के चलते भारत का रुतबा वैश्विक स्तर पर बढ़ा है, यह परिणाम स्पष्ट तौर पर दिखाई देने लगा है। भारत आज विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है एवं पूरे विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। विश्व के शक्तिशाली देशों की सूची में अमेरिका, रूस, जापान, चीन, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रान्स जैसे पश्चिमी देशों के नाम ही सुनाई देते रहे हैं। यूनाइटेड नेशन्स में वीटो पावर भी इन्हीं देशों के पास रही है। भारत का इस दृष्टि से दूर दूर तक नाम दिखाई नहीं देता था। परंतु, आस्ट्रेलिया के एक संस्थान, लोवी इन्स्टिटयूट थिंक टैंक, ने हाल ही में एशिया में शक्तिशाली देशों की एक सूची जारी की है। "एशिया पावर इंडेक्स 2024" नामक इस सूची में भारत को एशिया में तीसरा सबसे बड़ा शक्तिशाली देश बताया गया है। वर्ष 2024 के इस इंडेक्स में भारत ने जापान को पीछे छोड़ा है। इस इंडेक्स में अब केवल अमेरिका एवं चीन ही भारत से आगे है। रूस तो पहिले से ही इस इंडेक्स में भारत से पीछे हो चुका है। इस प्रकार अब भारत की शक्ति का आभास वैश्विक स्तर पर भी महसूस किया जाने लगा है। यहां यह ध्यान देने योग्य बात है कि भारत का विकास स्पर्धा के लिए नहीं है, बल्कि पूरे विश्व में अच्छा वातावरण बनाने तथा शांति स्थापित करने के लिए है क्योंकि भारत वसुधैव कुटुंबकम की भावना में विश्वास रखता हैं।

# बेमिसाल शख्सियत डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

**नाज़ परवीन**

भारत के कलाम साहब! जिनकी शख्सियत कमाल की थी। उनका सरल स्वभाव, सादा जीवन और ऊंचे सपने देखने की ललक उन्हें वैश्विक परिदृश्य में एक अलग पहचान देती है। उनका बच्चों के बीच खुलकर विचार-विमर्श करना, उन्हें सपने देखने के लिए प्रेरित करना, उनकी जिज्ञासा को बढ़ने देना ताकि वो कुछ नया सीख पाए। उनके सपनों को पंख देना ताकि वो अपनी उड़ान से भारत को नई बुलंदियों पर ले जाए, उनकी खुली आंखों का सपना था। कलाम साहब की ऐसी असंख्य खूबियां उन्हें बच्चों के पसंदीदा शिक्षक और युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत बनाती है। भारत की बेमिसाल शख्सियत डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का सपना भारत को आर्थिक रूप से समृद्ध और शक्तिशाली देश बनाने का था। जिसे उन्होंने अपने अंतिम समय तक पूरा करने का प्रयास किया। वो भारत के कलाम थे और पूरा भारत उनमें बसता था। सशक्त भारत का ख़्वाब बदलते भारत की तस्वीर में साफ तौर पे देखा जा सकता है। हम तरक्की के नये पायदानों को पार करते आज ब्रिटेन को पछाड़कर दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं। हालाँकि बहुत से अपवाद अभी भी हैं और होंगे ही वो स्वाभाविक हैं लेकिन उन अपवादों से इतर कलाम साहब का भारत विश्व के मानचित्र पर अपनी धाक बनाये हुए है। अब्दुल कलाम जी का जन्म तमिलनाडु में रामेश्वरम के तमिल मुस्लिम परिवार में 15 अक्टूबर 1931 को हुआ था। डॉ.कलाम का सफर रामेश्वरम से शुरू हुआ और भारत के राष्ट्रपति के पद तक पहुचें लेकिन उनकी पहली पसंद एक टीचर बने रहना ही रही। उन्होंने अपने जीवन को एक बेहतरीन लर्नर के रूप में ढाला। दुनिया के इस बेमिसाल टीचर ने अपने जिंदगी का आखिरी लम्हा 27 जुलाई सन् 2015 को अपने देश की युवा पीढ़ी के सामने ही मुकम्मल किया। उनके जीवन के वो आखिरी पल जब दुनिया को अलविदा कहने का वक़्त आया, देश की यादगार धरोहर की तरह कैमरे में कैद हो गए। डा. कलाम साहब का सपना था भारत को 2020 तक आत्मनिर्भर भारत के रूप में वैश्विक पहचान बनते हुए देखें भारत की आने वाली नई पीढ़ी को थमा कर चले गए कलाम साहब। कलाम साहब के रहते देश ने एक के बाद एक कई तारीखी इबारतें लिखीं। सन् 1980 में जब रोहिणी उपग्रह भारत का पहला स्वदेश-निर्मित प्रक्षेपण यान एसएलवी-3 बना, डा. कलाम साहब बेहद खुश थे। यह देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मजबूत कदम था। भारत अन्तरराष्ट्रीय अंतरिक्ष क्लब का सदस्य बन गया। डॉ. कलाम भारत को टेक्नोलॉजी की दुनिया में आत्मनिर्भर बनाने की इबारत लिखने की तैयारियों में जुट गए। डा. कलाम ने स्वदेशी गाइडेड मिसाइल को डिजाइन किया। भारतीय तकनीक से पृथ्वी और अग्नि जैसी मिसाइलों को बनाया। भारत की सरजमीं से बेइन्तेहां मोहब्बत करने वाले भारत के इस होनहार बेटे ने भारत की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए कई सफल प्रयोग किए। दुनिया जानती है कि डा. कलाम ने शादी नहीं की, उनकी कोई औलाद नहीं थी। लेकिन उनका बच्चों से बेशुमार प्रेम था। एक बार उनसे किसी विदेशी पत्रकार ने ऐसा ही सवाल पूछा, कि आपकी कोई संतान नहीं है, फिर भी आप बच्चों से इतना प्यार करते हैं क्यों? कलाम साहब मुस्कुराए और बडी शालीनता से बोले, मेरे तीन बच्चे हैं पृथ्वी, अग्नि और ब्रहमोस। यकीनन् राष्ट्रप्रेम और भारत को दुनिया के मानचित्र में विकसित देशों की श्रेणी में लाने का उनका प्रयास ही उनका वास्तविक प्रेम था। जिसके परिणाम स्वरूप भारत के करोड़ों बच्चों की आज भी कलाम साहब पहली पसंद हैं। लगभग पांच वर्षों के अथक परिश्रम के फलस्वरूप जब 'अग्नि' मिसाइल का सफल परीक्षण हुआ। तब डॉ. कलाम कहते हैं कि 'अग्नि को इस नजर से मत देखो, ये सिर्फ ऊपर उठने का साधन नहीं है, न शक्ति की नुमाइश है, अग्नि एक लौ है जो हर हिन्दुस्तानी के दिलों में जल रही है। इसे मिसाइल मत समझो! यह कौम के माथे पर चमकता हुआ आग का सुनहरा तिलक है।' डॉ. कलाम ने एक के बाद एक कई सशक्त सुरक्षा के हथियारों, मिसाइल से लेकर परमाणु परीक्षण तक में, भारत को दुनिया के परमाणु सम्पन्न देशों की श्रेणी में लाने का सफल प्रयास किया। लेकिन उनके स्वाभाव की सौम्यता इन हथियारों को आधुनिक तकनीक के साथ विकास से जोडकर देखती है। भारत हमेशा से शान्तिप्रिय देश है, दुनिया को यह बेहतर तरीके से समझाने का काम किया कलाम साहब ने। डॉ.कलाम ने अपनी बेशकीमती धरोहर के रूप में देश को कई पुस्तकें समर्पित की- इंडिया 2020 ए विजन फॉर द न्यू मिलेनियम, माई जर्नी तथा इग्नाटिड माइंड्स-अनलीशिंग द पॉवर विदिन इंडिया, विंग्स ऑफ फायर, एनविजनिंग अन एमपावर्ड नेशन : टेक्नालॉजी फार सोसाइटल ट्रांसफारमेशन आदि।

डॉ. कलाम ने सितंबर 1985 में त्रिशूल, फरवरी 1988 में पृथ्वी, मई 1989 में रूस के साथ मिलकर सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। डॉ. कलाम के इस जज्बे को सलाम करते हुए देश उन्हें मिसाइल मैन के नाम से संबोधित करता है। डॉ. कलाम को 1981 में भारत सरकार ने पद्म भूषण, 1990 में पदम् विभूषण और 1997 में देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया। डॉ. कलाम का कहना था कि 'मेरे ख्याल से मेरे वतन के नौजवानों को एक साफ नज़रिए और दिशा की जरूरत है। वो भारत को वैश्विक परिदृश्य में विकसित देशों की श्रेणी में देखना चाहते थे। वो कहते थे 'काश! हर हिंदुस्तानी के दिल में जलती हुई लौ को पंख लग जाए और उस लौ की परवाज़ से सारा आसमान रौशन हो जाए।' कलाम साहब की बेमिसाल शख़्सियत भारत के हर नौजवान की वास्तविक धरोहर है, जिसे वो सदियों सहेज के रखने का प्रयास करेगा। हजारों साल नर्गिस अपनी बे -नूरी पे रोती है बड़ी मुश्किल से होता है चमन में दीदा-वर पैदा। मशहूर शायर अल्लामा इकबाल साहब ने ये शेर भले ही किसी खास शख्सियत के लिए लिखा हो लेकिन यदि यह कहें कि मौजूदा दौर में भारत रत्न डॉ. ऐ पी जे कलाम साहब पर सही साबित होता है तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### झाबुआ में मेफेड्रोन का अवैध उत्पादन फैक्ट्री के निदेशक सहित चार गिरफ्तार

भोपाल (ईएमएस)। डीआरआई ने मध्यप्रदेश के आदिवासी बहुल झाबुआ जिले में मेफेड्रोन का अवैध उत्पादन का खुलासा किया है। झाबुआ जिले की इस फैक्ट्री में मेफेड्रोन का अवैध तरीके से निर्माण हो रहा था। डीआरआई ने फैक्ट्री के निदेशक सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। डीआरआई के एक अधिकारी ने बताया कि कारखाने से करीब 168 करोड़ रुपए के अनुमानित मूल्य वाला ड्रग जब्त किया है। उन्होंने बताया कि मेघनगर औद्योगिक क्षेत्र में संचालित हो रहे कारखाने की मुखबिर की सूचना पर जांच की गई। उन्होंने कहा कि इस कारखाने से 36 किलोग्राम मेफेड्रोन पाउडर और 76 किलोग्राम द्रव मेफेड्रोन के साथ ही कच्चा माल और उपकरण स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) के तहत जब्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इकाई को सील कर दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि जब्त मादक पदार्थ की कीमत करीब 168 करोड़ आंकी जा रही है। उन्होंने बताया कि कारखाने से लिए नमूनों की फॉरेंसिक लैब से जांच कराई गई, इसमें मेफेड्रोन होने की पुष्टि हुई। गौरतलब है कि गुजराज एटीएस और एनसीबी ने भोपाल में ड्रग के कारखाने का भंडाफोड़ किया था, जहां से 907.09 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त किया था, जिसकी अनुमानित कीमत 1,814 करोड़ रुपए है। इसके साथ ही इससे जुड़े कई लोगों को गिरफ्तार भी किया है।

### पश्चिम रेलवे द्वारा अहमदाबाद मण्डल से विभिन्न गंतव्यों के लिए 16 फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों का संचालन

अहमदाबाद (ईएमएस)| दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुगम यात्रा की सुविधा के लिए 6556 विशेष ट्रेनें चलाई जा रही है। त्योहारों के दौरान हर साल विशेष ट्रेनें चलाई जाती हैं और इस साल यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए ट्रेनों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। इनमें से पश्चिम रेलवे 106 फेस्टिवल स्पेचशल ट्रेनों के साथ 2315 फेरे चला रही है, जो अभी भी पूरे भारतीय रेल में सबसे अधिक है। पश्चिम रेलवे द्वारा दिवाली और छठ पूजा के लिए अहमदाबाद मण्डल से 21 अक्टूबर 2024 से 10 नवंबर 2024 के दौरान 16 फेस्टिवल साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनों के 57 फेरे चलाये जा रहे है जिसमें अहमदाबाद से पटना, दरभंगा, दानापुर, बरौनी, कानपुर सेंट्रल, आगरा केंट एवं तिरुचिरापल्ली के लिए, गांधीधाम से भागलपुर व बांद्रा टर्मिनस के लिए तथा साबरमती से पटना, सीतामढ़ी एवं हरिद्वार के लिए फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। जिसमें अहमदाबाद-आगरा केंट त्रि-साप्ताहिक स्पेशल एवं साबरमती-हरिद्वार द्वि-साप्ताहिक ट्रेनें भी शामिल है।

### गोड्डा-दिल्ली-गोड्डा एक्सप्रेस का धनबाद मंडल के न्यू गिरीडीह-कोडरमा रेलखंड के धनवार स्टेशन पर ठहराव

हाजीपुर, (ईएमएस)। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गाड़ी सं. 14049/14050 गोड्डा-दिल्ली-गोड्डा एक्सप्रेस का धनबाद मंडल के न्यू गिरीडीह-कोडरमा रेलखंड के धनवार स्टेशन पर 02 मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है। दिनांक 15.10.2024 से गाड़ी सं. 14050 दिल्ली-गोड्डा एक्सप्रेस 09.16 बजे धनवार स्टेशन पहुंचेगी और 09.18 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी । दिनांक 16.10.2024 से गाड़ी सं. 14049 गोड्डा-दिल्ली एक्सप्रेस 16.04 बजे धनवार स्टेशन पहुंचेगी और 16.06 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इस बात की जानकारी पूर्व मध्य रेल के जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में दी गई है।

### रेवतीपुर बना एशिया का सबसे बड़ा मतदाता वाला गांव

गाजीपुर,(ईएमएस)। यूपी के गाजीपुर जनपद का रेवतीपुर गांव एशिया का सबसे ज्यादा मतदाता वाला गांव बन गया है। पंचायत चुनावों में गांव में मतदाता जागरूकता का प्रभाव देखने को मिला है, जिसके परिणामस्वरूप यहां के निवासियों ने अपने मतदान का उपयोग करने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रेवतीपुर में 2022 में 24,978 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जबकि गाजीपुर के अन्य बड़े गांव गहमर में यह संख्या मात्र 24,232 है। यह संख्या रेवतीपुर को चुनावी प्रक्रिया में एक अहम स्थान पर लाती है। यहां मतदान के लिए 39 बूथ बनाए गए हैं, जो ग्रामीणों को अपनी आवाज उठाने का अवसर प्रदान करते हैं। गहमर गांव की जनसंख्या 1.27 लाख है और यह 22 टोले में बंटा हुआ है, लेकिन रेवतीपुर की जनसंख्या करीब 70 हजार है। गहमर की विशालता के बावजूद रेवतीपुर ने मतदाता जागरूकता की वजह से इस चुनावी मुकाबले में बढ़त बना ली है।

E-Procurement Cell
OFFICE OF EXECUTIVE OFFICER
URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT
MIHIJAM NAGAR PARISHAD, JHARKHAND.

TENDER CANCELLATION NOTICE

**E-Tender Reference No.- NPM/SBD/02/2024-25**
**PR Ref. No. :- 337822**
**NIT No. :- 05/2024-25, Date :- 01.10.2024**
**Name of the work :-** NPM/SBD/02/2024-25 :- मिहिजाम नगर परिषद अन्तर्गत फुटबॉल स्टेडियम निर्माण

The tender for above referenced work (E-Tender Reference No.- **NPM/SBD/02/2024-25**), of E-Tender NIT No. :- 05/2024-25, Date :- 01.10.2024 is hereby cancelled due to technical reason.

**Executive Officer**
**Nagar Parishad Mihijam**

PR 338890 (Urban Development and Housing) 24-25 (D)

EXECUTIVE ENGINEER KONAR CANAL DIVISION, DUMRI
GOVERNMENT OF JHARKHAND
WATER RESOURCES DEPARTMENT
GOVERNMENT OF JHARKHAND
WATER RESOURCES DEPARTMENT
LOCAL/ NATIONAL TURNKEY COMPETITIVE BIDDING
(Complete Job with Ten Years OM&M)

NIT NO:-WRD/KCD DUMRI /TURNKEY-**01/24-25** DATE:- 14.10.2024

| | |
|---|---|
| NAME OF WORK | (PART-C) CONSTRUCTIONOFRESIDUAL, RECONSTRUCTION, ADDITIONAL ANDREPAIR & MAINTENANCE WORKS IN BAGODAR BRANCH CANAL AFTER 17.1KM AND ITS ASSOCIATED SUB DISTRIBUTARIES AND MINORS & OTHER STRUCTURES ASSOCIATED TO CANAL UNDER KONAR IRRIGATION PROJECT ONTURNKEYBASISWITH10 (TEN) YEARSOPERATION, MAINTENANCE AND MANAGEMENT (OMM) (COMPLETEJOB). |
| ESTIMATED COST (RS) | Rs. 6192130900.00 (SIX HUNDRED NINTEEN CRORE TWENTY ONE LAKH THIRTY THOUSAND NINE HUNDRED ONLY) |
| TIME OF COMPLETION | 30 MONTH |
| PERIOD OF AVAILABILITY OF BIDDING DOCUMENT ON WEBSITE | From 14.10.2024 at 5.00 PM to 25.11.2024 up to 5.00 PM |
| DATEOFTIME AND PREBIDCONFERENCE(PHYICAL AS WELL AS ONLINE) | 29.10.2024 at 02.00 PM at 1st floor, Conference Hall, Nepal House, Doranda, Ranchi. |
| PERIOD OF ONLINE SUBMISSION OF BIDS | From 14.10.2024 at 5.00 PM to 25.11.2024 up to 5.00 PM |
| TIMEAND DATEOF OPENINGOFEMDAND PREQUALIFICATIONBID | 28.11.2024 AT 2PM |
| TIMEANDDATEOF OPENINGOFTECHNICAL BID | TO BE ANNOUNCED AFTER PRE- QUALIFICATION BID |
| *TIMEAND DATEOF OPENINGOF FINANCIAL BID | TO BE ANNOUNCED AFTER TECHNICAL BID |
| PLACEOF OPENINGOF BIDS | CHIEF ENGINEER OFFICE ,HAZARIBAGH |
| OFFICER INVITING BIDS AND HIS MOBILE NO. AND E-MAIL ID | EXECUTIVE ENGINEER, KONAR CANAL DIVISION, DUMRI, MOB. NO.-8507119333 E-MAIL ID-WRD.KCD.DUMRI@GMAIL.COM |
| HELP LINE NUMBER OF E-PROCUREMENT | 06546-267462 |

EXECUTIVE ENGINEER
KONAR CANAL DIVISION, DUMRI

PR 338793 (Water Resource) 24-25 (D)

# बहराइच में चलीं गोलियां और हुआ पथराव, 30 गिरफ्तार

### लापरवाही बरतने पर थाना प्रभारी व महसी चौकी प्रभारी निलंबित



बहराइच, (ईएमएस)। जिले के हरदी क्षेत्र के महाराजगंज बाजार में देवी दुर्गा की मूर्ति के विसर्जन जुलूस के दौरान गोलीबारी और पथराव चल गए, जिसमें एक युवक की मौत हो गई। घटना के विरोध में बड़ी संख्या में लोगों ने अस्पताल के बाहर युवक का शव रखकर प्रदर्शन किया। इसके बाद बहराइच के कई हिस्सों में हिंसा हुई। सीएम योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लेते हुए कहा कि माहौल खराब करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

सीएम योगी ने अधिकारियों को उपद्रवियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद एक्शन लेते हुए देर रात मुख्य आरोपी सलमान समेत कई लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई। वहीं, लापरवाही करने पर हरदी थाना प्रभारी व महसी चौकी प्रभारी निलंबित कर दिए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक करीब 30 लोगों को हिरासत में लिया गया है। उधर दूसरी ओर पूजा कमेटी देर रात तक इस बात पर अड़ी रहीं कि आरोपियों की गिरफ्तारी हो। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कम से कम सात अन्य लोगों के घायल होने की सूचना है। उन्होंने बताया कि आज जब महसी तहसील के हरदी थाना क्षेत्र के महाराजगंज कस्बे से रेहुआ मंसूर गांव तक मूर्ति विसर्जन जुलूस निकल रहा था तभी उस स्थान पर दूसरे समुदाय के कुछ लोगों ने डीजे बजाने को लेकर आपत्ति जताई जिसके बाद विवाद बढ़ा तो पथराव और गोलीबारी शुरू हो गई। देर रात तक प्रदर्शन और जगह-जगह आगजनी होती रही। इस बीच पुलिस व प्रशासन बैकफुट पर नजर आया। इस घटना को लेकर लोगों में पुलिस प्रशासन के प्रति भारी आक्रोश है जिसे देखते हुए एसपी ने लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की। एएसपी ने हरदी थाना प्रभारी सुरेश कुमार वर्मा व महसी चौकी इंचार्ज शिव कुमार को निलंबित कर दिया है। हालांकि सीओ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उन पर कार्रवाई न होने से लोगों में अभी भी भारी आक्रोश है।

एसपी ने बताया कि पूरे घटना क्रम की सघन जांच की जा रही है। कर्तव्यों में लापरवाही बरतने वाले किसी को भी बक्शा नहीं जाएगा। एसपी की कार्रवाई के बाद भी लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि थाने की पुलिस के साथ-साथ सीओ रुपेन्द्र गौड़ ने भी लापरवाही बरती और लाठियां भांजी। ऐसे में इनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

### माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें: सीएम

बहराइच में मूर्ति विसर्जन के दौरान हुई साम्प्रदायिक हिंसा में एक व्यक्ति की मौत हो गई और करीब 40 लोग घायल हो गए। घटना के बाद से इलाके तनाव व्याप्त है। पूरे इलाके में पुलिस बल तैनात है। बहराइच हिंसा में मारे गये व्यक्ति का शव को महसी तहसील परिसर में रखकर ग्रामीण विरोध कर रहे हैं और न्याय की मांग कर रहे हैं।

इस बीच, सीएम योगी आदित्यनाथ ने बहराइच के महसी में माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाने का आदेश दिया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उपद्रवियों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करें। सीएम ने यह भी निर्देश दिया कि प्रतिमा विसर्जन का कार्य बिना किसी रुकावट के जारी रहना चाहिए। उन्होंने जनता को सुरक्षा की गारंटी देते हुए प्रशासन व पुलिस अधिकारियों को घटनास्थल पर मौजदूगी सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं।

## अगर हिम्मत है तो बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के आरोपियों का एनकाउंटर करें

### शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने शिंदे सरकार पर बोला हमला



मुंबई,(ईएमएस)। बाबा सिद्दीकी हत्याकांड से जुड़े मामले में शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने शिंदे सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि अगर हिम्मत है, तो बाबा सिद्दीकी पर जिन्होंने गोली चलाई, जो इस वारदात के सूत्रधार हैं, उनका एनकाउंटर कीजिए। अब सिंघमगिरी दिखाएं। अगर हिम्मत है और बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के साजिशकर्ताओं का एनकाउंटर करें।

बता दें कि एनसीपी नेता और पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की 12 अक्टूबर को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी जिसके बाद लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने हत्या की जिम्मेदारी ली थी, लेकिन मुंबई पुलिस अभी इस दावे की पुष्टि नहीं कर रही है। पुलिस ने 15 टीमें बनाकर कई एंगल से मामले की जांच शुरू कर दी है।

वहीं, शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने भी राज्य सरकार पर गंभीप आरोप लगाए हैं। राउत ने कहा कि मैंने पहले भी कहा था कि इस सरकार के आने के बाद मुंबई में गैंगवार और अंडरवर्ल्ड की ताकत बढ़ सकती है। इस सरकार को अंडरवर्ल्ड का भी समर्थन मिला हुआ है और वह अंडरवर्ल्ड गुजरात से चलाया जा रहा है। गुजरात में पांच हजार करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त की गई है। इसका मतलब है कि देश में 50 हजार करोड़ रुपए की ड्रग्स पहले ही वितरित की जा चुकी है।

उन्होंने कहा कि गुजरात की साबरमती जेल में बंद और गुजरात एटीएस की हिरासत में एक गैंगस्टर बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी लेता है। यह केंद्रीय गृह मंत्री के लिए एक चुनौती है जो गुजरात से हैं। अजित पवार को अमित शाह का इस्तीफा मांगना चाहिए। उन्होंने (सीएम शिंदे) अक्षय शिंदे जो बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले में आरोपी है को गोली मारने के बाद खुद को सिंघम घोषित किया था। अब यहां सिंघमगिरी दिखाएं। अगर हिम्मत है और बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के साजिशकर्ताओं का एनकाउंटर करें।

बता दें बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस ने उन्हें भीड़भाड़ वाले स्थानों पर न जाने की सलाह दी है। उनके बांद्रा स्थित निवास गैलेक्सी अपार्टमेंट की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। सलमान खान के परिवार ने भी सलमान के चाहनेवालों से अपील की है कि वे अभी सलमान खान से मिलने न आएं। बता दें कि लोग सलमान की एक झलक पाने घंटों गैलेक्सी के बाहर खड़े रहते हैं।

## डंपर की टक्कर लगने से बीच में दबी कार, चार छात्रों समेत पांच की मौत

कानपुर (ईएमएस)। यूपी के कानपुर महानगर के पनकी थानाक्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर सोमवार सुबह भीषण सड़क हादसा हुआ। यहां एक तेज रफ्तार कार के आगे चल रहे डंपर ने अचानक ब्रेक ले ली। हादसे में पीछे से आ रहे डंपर की टक्कर लगने से कार बीच में दब गई। जिसमें पीएसआईटी के चार छात्रों समेत पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने गाड़ी को काटकर शवों को बाहर निकाला। इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, पोस्टमार्टम हाउस में मृतकों के परिजन पहुंचे। शव देखते ही वह बिलख-बिलख कर रोने लगे। हादसे के बाद 20 किमी लंबा जाम लग गया। घटना की जानाकरी पाकर डीसीपी वेस्ट राजेश कुमार सिंह, एसीपी पनकी अमरनाथ यादव कई थानों की पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। मृतकों में बीटेक प्रथम वर्ष कंप्यूटर साइंस की छात्रा आयुषी पटेल, तृतीय वर्ष की छात्रा गरिमा त्रिपाठी, चतुर्थ वर्ष का छात्र प्रतीक सिंह व तृतीय वर्ष का छात्र सतीश कुमार शामिल है। इसके अतिरिक्त चालक यशोदा नगर निवासी निवासी विजय साहू भी हैं। इन पांचों लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि दशहरे की छुट्टी के बाद सोमवार सुबह कॉलेज खुलने पर दो छात्र व दो छात्राएं ड्राइवर के साथ ऑल्टो कार से पीएसआईटी कॉलेज जा रहे थे। इसी दौरान कॉलेज से करीब एक किमी दूर पर हादसा हो गया। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसा देख लोग दहल उठे। वहीं, पुलिस अफसर मौके पर पहुंचे और गाड़ी से शवों को काटकर बाहर निकाला। पोस्टमार्टम हाउस पहुंची छात्रा गरिमा के परिजनों ने बताया कि मरने वाले चारों छात्र-छात्राएं एक ही मोहल्ले में रहने वाले थे। सभी में गहरी दोस्ती थी।

## मुंबई के लिए हापुड़ होकर चलेगी सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन

हापुड़। मायानगरी मुंबई तक का सफर अब हापुड़ के लोगों के लिए आसान हो गया है। अब हापुड़ के लोगों को मुंबई जाने के लिए दिल्ली से ट्रेन पकड़ने की जरुरत नहीं होगी। रेलवे ने बांद्रा-लालकुआं सुपरफास्ट का संचालन शुरू किया है, इस ट्रेन का ठहराव हापुड़ रेलवे स्टेशन पर भी दिया है। ट्रेन का संचालन सोमवार से शुरू हो गया है। जबकि रविवार को ट्रेन का इनागरल संचालन कराया गया। हापुड़ के बड़ी संख्या में लोग मुंबई से व्यापार करते हैं जिसके चलते व्यापारियों का वहां पर आवागमन लगा रहता है। इससे पहले हापुड़ से मुंबई के लिए ट्रेन नहीं थी, जिसके चलते लोगों को मुंबई जाने के लिए दिल्ली से ट्रेन पकड़नी पड़ती थी। ऐसे में उन्हें बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ता था लेकिन अब हापुड़ का रेल संपर्क मुंबई से भी जुड़ गया है, जिससे लोगों को आसानी हो जाएगी। यह साप्ताहिक ट्रेन संख्या 22544/22543 लालकुआं-बांद्रा-लालकुआं का संचालन सोमवार से शुरू हो गया। ये ट्रेन इनागरल रन (डुप्लीकेट) के तौर पर रविवार को बांद्रा स्टेशन से लालकुआं के लिए स्पेशल नंबर 09015 से चलाई गई थी। जो हापुड़ रेलवे स्टेशन पर सोमवार को 3.15 बजे पहुंचेगी। जबकि नियमित रूप से यह ट्रेन 22544/22543 नंबर के चलेगी। ट्रेन संख्या 22544 लालकुआं से प्रत्येक सप्ताह सोमवार सुबह 7.45 बजे चलेगी जिसके बाद यह ट्रेन रामपुर, मुरादाबाद होते हुए हापुड़ रेलवे स्टेशन पर 12.05 बजे पहुंचेगी, जिसके बाद यह ट्रेन मथुरा से गुजरात के सूरत होते हुए बांद्रा रेलवे स्टेशन के लिए रवाना होगी। बांद्रा रेलवे स्टेशन पर यह ट्रेन मंगलवार सुबह करीब 8.30 बजे पहुंचेगी। इसी प्रकार यह ट्रेन 22543 बांद्रा से प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार को सूरत, मथुरा, दिल्ली, गाजियाबाद होते हुए हापुड़ रेलवे स्टेशन पर अगले दिन बुधवार को हापुड़ रेलवे स्टेशन पर करीब नौ बजे पहुंचेगी, जिसके बाद यह ट्रेन मुरादाबाद से होते हुए लालकुआं रेलवे स्टेशन पर 1.15 बजे पहुंचेगी।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड : बहराइच के फरार संदिग्ध ने सोशल मीडिया पर लिखा था, "यार तेरा गैंगस्टर है जानी"

लखनऊ (ईएमएस)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) के नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में उत्तर प्रदेश के फरार संदिग्ध शिव कुमार गौतम ने शान दिखाने के मकसद से खुद को 'गैंगस्टर' बताते हुए सोशल मीडिया पर हाल में ही पोस्ट करना शुरू किया था। गौतम ने 24 जुलाई को इंस्टाग्राम पर अपनी फोटो साझा करते हुए लिखा था, "यार तेरा गैंगस्टर है जानी।" फोटो में दिख रहा है कि वह मोटरसाइकिल पर सवार है। पोस्ट के बैकग्राउंड में एक हरियाणवी गाना बज रहा है। गौतम उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के गंडारा गांव का रहने वाला है।

स्थानीय लोगों और पुलिस ने कहा कि गांव में उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है और वह महाराष्ट्र के पुणे शहर में कबाड़ की एक दुकान पर काम करता है। आठ जुलाई को गौतम ने एक पोस्ट किया था, जिसमें लिखा था, "शरीफ बाप है, हम नहीं।" उसने 26 मई को एक वीडियो साझा किया था, जिसके बैकग्राउंड में 'केजीएफ' का संगीत और चर्चित डायलॉग "ताकतवर लोग पॉवरफुल जगह से आते हैं..." बज रहा था। गौरतलब है कि 'केजीएफ' के लीड किरदार की मां ने मरने से पहले उससे वादा लिया था कि वह जिये जैसे भी, लेकिन मरेगा दुनिया का सबसे अमीर आदमी बनकर। दिलचस्प बात यह है कि इंस्टाग्राम पर गौतम को फॉलो करने वाले लोगों की संख्या में रातोंरात जबरदस्त इजाफा हुआ है। रविवार को साइट पर 299 लोग उसे फॉलो करते थे। सोमवार को उसके फॉलोअर की संख्या बढ़कर 504 हो गई। गौतम की मां सुमन ने पुलिस के इस दावे पर आश्चर्य और अविश्वास जताया कि उसका बेटा मुंबई के बांद्रा इलाके के खेर नगर में 12 अक्टूबर की रात को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता बाबा सिद्दीकी की सनसनीखेज हत्या में शामिल था। सुमन ने मीडिया को बताया कि उसका बेटा होली पर उससे मिलने के लिए आखिरी बार गंडारा गांव आया था। उसने दावा किया कि गौतम अप्रैल के पहले हफ्ते में वापस पुणे चला गया था। गौतम ने इंस्टाग्राम पर आखिरी पोस्ट चार अगस्त को किया था। उसने साइट पर अपनी एक फोटो साझा की थी, जिसमें वह मोटरसाइकिल पर सवार दिख रहा था।

# गुजरात में 20 साल में पर्यटकों की संख्या 61.65 लाख से बढ़कर 14 करोड़ पर पहुंची

### पिछले 23 वर्षों में गुजरात के पर्यटन बजट में 135 गुना वृद्धि हुई, अनेक लोगों को रोजगार मिला

अहमदाबाद (ईएमएस)| गुजरात में विकास की नींव डालने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में पहली बार शपथ लिए जाने के 23 वर्ष पूर्ण होने पर गुजरात सरकार 7 से 15 अक्टूबर के दौरान विकास सप्ताह मना रही है। मुख्यमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के सक्षम नेतृत्व में गुजरात ने सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है, जिसमें पर्यटन उद्योग की सफलता ने समग्र विश्व का ध्यान खींचा है। तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में मोदी ने पर्यटन तथा यात्राधामों के लिए जो विकास कार्य किए थे, उसके कारण आज वर्ल्ड टूरिज्म मैप पर गुजरात चमक रहा है।

### दो दशकों में पर्यटकों की संख्या में 22 गुना वृद्धि हुई

आज से दो दशक पहले गुजरात का पर्यटन क्षेत्र में नाम-ओ-निशान नहीं था, जबकि आज विश्वभर के पर्यटकों के लिए गुजरात पसंदीदा राज्य बन गया है। वर्ष 2003-04 में राज्य में केवल 61.5 लाख पर्यटक आते थे, जिनकी संख्या वर्ष 2022-23 में 14 करोड़ के पार हो गई। इनमें 22 लाख से अधिक विदेशी पर्यटक शामिल हैं। इतना ही नहीं; वर्ष 2001-02 में पर्यटन विभाग का बजट केवल 12 करोड़ रुपए था, जो वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 1620.06 करोड़ रुपए हुआ है।

### रणोत्सव, पतंगोत्सव आदि उत्सवों को विश्व स्तर पर लोकप्रियता मिली

नरेन्द्र मोदी ने कच्छ में सफेद रण (रेगिस्तान) का पर्यटन की दृष्टि से महत्व समझा और वर्ष 2005 में 'रणोत्सव' की शुरुआत कराई। केवल 3 दिवसीय उत्सव के रूप में शुरू हुआ रणोत्सव आज 4 महीनों के लंबे कार्यक्रम में परिवर्तित हो गया है। गुजरात के लोकप्रिय उत्तरायण के त्योहार के प्रति देश-विदेश के लोगों को आकर्षित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव की शुरुआत की गई थी। अहमदाबाद स्थित काँकरिया तालाब परिसर में वर्ष 2009 से काँकरिया कार्निवल हर वर्ष मनाया जाता है। इसके अतिरिक्त; वडनगर की बहनों की स्मृति में ताना-रीरी महोत्सव, मोढेरा स्थित सूर्य मंदिर परिसर में भारतीय नृत्य संस्कृति को उजागर करने वाले उत्तरार्ध महोत्सव के कारण भी पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हुई है, तो वाइब्रेंट गुजरात नवरात्रि महोत्सव के आयोजन से गुजरात का नवरात्रि उत्सव तथा गरबा विश्व स्तर पर विख्यात हुए हैं।




### विश्व की सबसे ऊँची प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' विश्वभर के पर्यटकों के लिए बनी आकर्षण का केन्द्र

अखंड भारत के निर्माता लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से गुजरात में नर्मदा जिले के केवडिया में 182 मीटर यानी विश्व की सबसे ऊँची प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' (एसओयू) का निर्माण किया गया है। एसओयू के आसपास के क्षेत्र में जंगल सफारी पार्क, चिल्ड्रन न्यूट्रिशन पार्क, आरोग्य वन, वैली ऑफ फ्लॉवर्स, एकता मॉल, एकता नर्सरी, मियावाकी वन तथा मेज गार्डन सहित विभिन्न पर्यटन आकर्षणों का विकास किया गया है। केवडिया में रेलवे स्टेशन का निर्माण कर पर्यटकों को परिवहन के लिए सरल कनेक्टिविटी दी गई है। राज्य सरकार द्वारा केवडिया का टोटल टूरिज्म डेवलपमेंट के रूप में विकास किया जा रहा है।

### स्मृति वन तथा वीर बाल स्मारक

26 जनवरी, 2001 को आए विनाशकारी भूकंप का शिकार हुए नागरिकों की स्मृति में कच्छ में स्मृति वन का निर्माण किया गया। कच्छ के भूकंप में अंजार शहर में मलबे में दफन हो गए बच्चों तथा शिक्षकों की स्मृति में अंजार शहर के बाहर वीर बाल स्मारक तैयार किया गया है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्ष 2022 में किया गया है।

# यात्री वाहनों की थोक बिक्री एक प्रतिशत घटी

नई दिल्ली (ईएमएस)। सितंबर में देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री सालाना आधार पर एक प्रतिशत घटकर 3,56,752 यूनिट रही। सितंबर, 2023 में कंपनियों ने डीलर को कुल 3,61,717 गाड़ियां भेजी थीं। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने कहा कि हालांकि, कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री सितंबर में सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 20,25,993 यूनिट रही। पिछले साल सितंबर में यह 17,49,794 यूनिट थी। सियाम ने कहा कि कुल तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री सालाना आधार पर सात प्रतिशत की वृद्धि के साथ 79,683 यूनिट हो गई, जो सितंबर 2023 में 74,671 यूनिट थी।

## कई राज्यों में घटे पेट्रोल-डीजल के भाव

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय ऑयल मार्केटिंग कंपनियां वैश्विक बाजार में क्रूड ऑयल के आधार पर कीमतों की समीक्षा के बाद हर रोज पेट्रोल और डीजल के भाव तय करती हैं। जिसके बाद हर सुबह सरकारी तेल कंपनियों पेट्रोल और डीजल के नए रेट अपडेट करती है। बता दें कि यूपी हो या दिल्ली, सब जगह पेट्रोल डीजल के भाव अलग होते हैं। ऐसे ही तेल कंपनियों ने सोमवार को पेट्रोल-डीजल की नई दरें जारी कर दी है। राज्य स्तर पर बात करें तो सोमवार को महाराष्ट्र में पेट्रोल के दाम 49 पैसे घटकर 104.27 रुपये प्रति लीटर और डीजल 45 पैसे घटकर 90.81 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। वहीं यूपी में पेट्रोल 23 पैसे घटकर 94.47 रुपये प्रति लीटर और डीजल 26 पैसे घटकर 87.53 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। इसके अलावा छत्तीसगढ़, हरियाण, हिमाचल, झारखंड, मणिपुर और राजस्थान में भी पेट्रोल-डीजल के दाम घट गए हैं। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर और चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर है।

# ओला इलेक्ट्रिक के खिलाफ नई नियामकीय कार्रवाई

### कीमतों में अचानक कटौती पर स्पष्टीकरण मांगा

नई दिल्ली (ईएमएस)। इले क्ट्रिक दोपहिया बनाने वाली देश की प्रमुख कंपनी ओला इले क्ट्रिक के खिलाफ नई नियामकीय कार्रवाई हो रही है। इसके तहत ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एआरएआई) ने कंपनी द्वारा अचानक कीमत घटाए जाने पर चिंता जताई है। एआरएआई ने कंपनी को 8 अक्टूबर को भेजे गए एक मेल में 'बॉस' सेल से पहले एस1 एक्स 2 केडब्ल्यूएच (किलो वॉट आवर) मॉडल के दाम घटाए जाने के बारे में सूचित न किए जाने पर चिंता जताई है। इस प्रकार की चूक पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवॉल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एन्हांसमेंट (पीएम ई-ड्राइव) योजना के तहत सरकारी सब्सिडी पाने के लिए पात्रता को प्रभावित कर सकती है। एआरएआई भारी उद्योग मंत्रालय के तहत एक वाहनों का परीक्षण करने वाली एजेंसी है। यह एजेंसी केंद्रीय मोटर वाहन नियमों के अनुसार मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) को प्रमाणन प्रदान करती है। वह केंद्र सरकार की वि भिन्न योजनाओं के तहत प्रोत्साहन के लिए आवेदन करने वाली ओईएम को भी प्रमा णित करती है। ओला इलेक्ट्रिक ने



अपनी बॉस सेल के लिए कीमत 74,999 रुपये से घटाकर 49,999 रुपये कर दी है। मगर कंपनी ने एआरएआई को अपने इस मॉडल की एक्स-फैक्ट्री कीमत 75,001 रुपये बताई है। इतनी कीमत और 2 केडब्ल्यूएच बैटरी क्षमता के आधार पर इस मॉडल को 10,000 रुपये की सब्सिडी का प्रमाण पत्र दिया गया है। पीएम-ईड्राइव दिशानिर्देशों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में पंजीकृत ई-दोपहिया और ई-तिपहिया वाहनों के लिए 5,000 रुपये प्रति केडब्ल्यूएच और वित्त वर्ष 2026 के लिए 2,500 रुपये प्रति केडब्ल्यूएच प्रोत्साहन देने का प्रस्ताव दिया गया है। इस राशि या वाहन के एक्स फैक्टरी दाम के 15 फीसदी में जो भी रकम कम हो उसे ही प्रोत्साहन स्वरूप घटाया जाएगा। इसलिए 75,001 रुपये की एक्स-फैक्टरी कीमत वाले ओला एस1एक्स 2 केडब्ल्यूएच मॉडल पर 10,000 रुपये की सब्सिडी मिलेगी। अगर कीमत घटाकर 49,999 रुपये कर दी जाती है, तो सब्सिडी घटकर 7,500 रुपये रह जाएगी, क्योंकि 15 फीसदी की सीमा कम एक्स-फैक्टरी कीमत पर लागू होती है। इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए नोडल मंत्रालय और उसकी परीक्षण एजेंसी द्वारा ओला के खिलाफ यह दूसरी कार्रवाई है। भारी उद्योग मंत्रालय ने 9 अक्टूबर को एआरएआई को ओला इलेक्ट्रिक से संबंधित उपभोक्ताओं की शिकायतों की जांच करने का निर्देश दिया। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) द्वारा 3 अक्टूबर, 2024 को ओला इलेक्ट्रिक को जारी कारण बताओ नोटिस के बाद यह कार्रवाई की गई है। यह नोटिस सितंबर 2023 और अगस्त 2024 के बीच प्राप्त 9,948 शिकायतों के बाद जारी किया गया था। शिकायतें मुख्य तौर पर डिलिवरी में देरी, उत्पाद में खामियां और भ्रामक विज्ञापनों से संबंधित थीं।

## एलआईसी ने पॉलिसी के नियम बदले योजना में एंट्री उम्र घटाई!

नई दिल्ली (ईएमएस)। देश की प्रमुख बीमा कंपनी जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने अपने न्यू एंडोमेंट प्लान में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। अब इस योजना में एंट्री की उम्र 55 वर्ष से घटाकर 50 वर्ष कर दी गई है, जो उम्रदराज लोगों के लिए काफी नुकसानदेह साबित हो सकता है। इसके अलावा प्रीमियम में भी वृद्धि की गई है, जो कि 1 अक्टूबर, 2024 से लागू होगी। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि उम्र बढ़ने के साथ मृत्यु की संभावना के कारण कंपनी अपने जोखिम को कम करना चाहती है। एक रिपोर्ट के अनुसार लाइफ इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ने नए सरेंडर नियम भी लागू किए हैं। एलआईसी का न्यू एंडोमेंट प्लान-914 न सिर्फ आपको सुरक्षा कवर देता है बल्कि यह सेविंग प्लान भी है। इसमें मृत्यु और परिपक्वता के लाभ एक साथ मिल जाते हैं। एंडोमेंट प्लान वाली इंश्योरेंस पॉलिसी में आपको लाइफ कवर के साथ ही मैच्योरिटी बेनिफिट भी मिलते हैं। इसके चलते पॉलिसी के दौरान व्यक्ति की मृत्यु हो जाने पर परिवार को भुगतान किया जाता है। साथ ही मैच्योरिटी पर अलग लाभ मिलते हैं। हालांकि, हालिया बदलावों के बारे में एलआईसी ने अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## विदेश से पैसा भेजने में लगने वाले समय और लागत कम करना जरूरीः दास

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को कहा कि विदेशों से धन भेजने में लगने वाले समय और लागत को कम करने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए यह महत्वपूर्ण है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि नई प्रौद्योगिकी और भुगतान प्रणाली का उपयोग सीमा पार भुगतान में तेजी लाने और विस्तार के लिए किया जा सकता है। दास ने सेंट्रल बैंकिंग एट क्रॉसरोड्स विषय पर आयोजित सम्मेलन के दौरान कहा कि भारत सहित कई उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए सीमा पार पीयर-टू-पीयर (पी2पी) भुगतान की संभावनाओं को तलाशने के लिए धन प्रेषण पहला कदम है। हमारा मानना है कि इस तरह के धन प्रेषण की लागत और समय को काफी कम करने की अपार संभावनाएं हैं। डॉलर, यूरो और पाउंड जैसी प्रमुख व्यापारिक मुद्राओं में लेनदेन निपटाने के लिए वास्तविक समय सकल निपटान (आरटीजीएस) के विस्तार की व्यवहार्यता द्विपक्षीय या बहुपक्षीय व्यवस्था के माध्यम से तलाशी जा सकती है। उन्होंने कहा कि भारत और कुछ अन्य अर्थव्यवस्थाओं ने द्विपक्षीय और बहुपक्षीय दोनों तरीकों से सीमा पार तीव्र भुगतान प्रणालियों के संपर्क का विस्तार करने के प्रयास पहले ही शुरू कर दिए हैं। आरबीआई की ओर से शुरू किए गए ई-रूपी पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें कुशल सीमा पार भुगतान की सुविधा प्रदान करने की क्षमता है। आगे बढ़ते हुए, मानकों और अंतर-संचालन में सामंजस्य सीबीडीसी को सीमा पार भुगतान और क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ी गंभीर वित्तीय स्थिरता चिंताओं को दूर करने में सक्षम बनाएगा। आरबीआई गवर्नर ने बैंकिंग क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दुरुपयोग पर भी चिंता जताते हुए कहा कि इससे साइबर हमले और आंकड़ों के लीक होने का खतरा बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों को इन सभी जोखिमों के खिलाफ पर्याप्त जोखिम उपाय करने चाहिए। बैंकों को एआई और बिगटेक फायदों का लाभ उठाना चाहिए।

## सितंबर में घरेलू यात्री वाहन की थोक बिक्री घटी

नई दिल्ली (ईएमएस)। सितंबर में भारत में यात्री वाहनों की थोक बिक्री सालाना आधार पर एक प्रतिशत घटकर 3,56,752 इकाई रह गई। सितंबर, 2023 में कंपनियों ने डीलर को कुल 3,61,717 गाड़ियां भेजी थीं। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने एक बयान में कहा कि हालांकि कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री सितंबर में सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 20,25,993 इकाई हो गई। पिछले साल सितंबर में यह 17,49,794 इकाई थी। सियाम ने कहा कि कुल तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री सालाना आधार पर सात प्रतिशत की वृद्धि के साथ 79,683 इकाई हो गई, जो सितंबर 2023 में 74,671 इकाई थी।

# भारत में चीन से घटिया स्टील हो रहा डंप.......मोदी सरकार सतर्क

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत सरकार चीन से आ रहे घटिया स्टील के आयात को देखकर सख्त गुणवत्ता मानकों को कठोर करने पर काम कर रही है। भारत का यह निर्णय अक्टूबर की शुरुआत में इस्पात मंत्रालय की तरफ से किए गए एक विस्तृत समीक्षा के बाद लिया गया है। समीक्षा में ग्लोबल लेवल पर ट्रेड डायवर्जन की वजह से इस क्षेत्र पर बढ़ते खतरे को उजागर किया गया था।

चालू वित्त वर्ष (25) के पहले पांच माह में, भारत स्टील का शुद्ध आयातक बन गया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि में देश ने 3.45 मिलियन टन (एमटी) स्टील का आयात किया, जबकि 1.92 एमटी का निर्यात हुआ। आयात में यह बढ़ोतरी वैश्विक उत्पादकों की तरफ से नए बाजारों की तलाश के कारण हुई है। ग्लोबल प्रोड्यूसर्स इसलिए नए बाजारों की



तलाश कर रहे हैं क्योंकि अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) ने टैरिफ बढ़ाया है और इस दौरान मांग भी कमजोर हुई है। इसके चलते भारत में स्टील डंपिंग का जोखिम बढ़ गया है।


मोदी सरकार का गुणवत्ता जांच को कड़ा करने का उद्देश्य स्टील आयात की बाढ़ को रोकना है। वर्तमान में, कई स्टील ग्रेड को इस्पात मंत्रालय की तरफ से जारी 'नो-ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट' (एनओसी) के आधार पर आयात की अनुमति मिलती है, भले ही पहले से गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) लागू हों।

हालांकि, अब अधिकारियों का कहना है कि आगे से केवल उन्हीं स्टील ग्रेड्स के लिए एनओसी दी जाएगी, जिनका स्थानीय उत्पादन नहीं होता। इससे इसतरह के स्टील का आयात रुकने की उम्मीद है जो भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के अनुरूप नहीं है। इस्पात मंत्रालय ने 151 क्यूसीओ के तहत 1,279 स्टील ग्रेड के लिए मानदंड जारी किए हैं, लेकिन 1,127 ग्रेड्स को एनओसी के साथ आयात की अनुमति दी गई है। अधिकारियों के अनुसार, इस खामी को दूर किया जाएगा और क्यूसीओ का दायरा बढ़ाया जाएगा ताकि अधिक स्टील ग्रेड्स को कवर किया जा सके।

## महंगी सब्जियों ने बिगाड़ दिया अर्थव्यवस्था और रसोई का पूरा गणित

नई दिल्ली (ईएमएस)। महंगी सब्जियों ने अर्थव्यवस्था के साथ महिलाओं की रसाई का गुणा-गणित बिगाड़ दिया है। दरअसल खाद्य वस्तुओं, खासकर सब्जियों के महंगे होने से थोक मूल्य महंगाई (डब्ल्यूपीआई) सितंबर में बढ़कर 1.84 प्रतिशत हुई। मोदी सरकार की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों में इसकी जानकारी दी गई। अगस्त में थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 1.31 प्रतिशत थी। पिछले साल सितंबर में यह 0.07 प्रतिशत घटी थी। खाद्य मुद्रास्फीति सितंबर में बढ़कर 11.53 प्रतिशत हो गई, जबकि अगस्त में यह 3.11 प्रतिशत थी। आलू और प्याज की मुद्रास्फीति सितंबर में क्रमशः 78.13 और 78.82 प्रतिशत के साथ शीर्ष पर रही। ईंधन और बिजली श्रेणी में सितंबर में 4.05 प्रतिशत की अपस्फीति देखी गई, जबकि अगस्त में 0.67 प्रतिशत की अपस्फीति हुई थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा, सितंबर, 2024 में मुद्रास्फीति की सकारात्मक दर मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों, खाद्य उत्पादों, अन्य विनिर्माण, मोटर वाहनों, ट्रेलरों और अर्ध-ट्रेलरों के निर्माण, मशीनरी और उपकरणों के निर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई ) मौद्रिक नीति तैयार करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति को ध्यान में रखता है। रोजाना की जरूरत वाले सामानों की महंगाई दर 2.42 प्रतिशत से बढ़कर 6.6 प्रतिशत हो गई। खाने-पीने की चीजों की महंगाई 3.26 प्रतिशत से बढ़कर 9.47 प्रतिशत रही। फ्यूल और पावर की थोक महंगाई दर -0.67 प्रतिशत से घटकर 4.05 प्रतिशत रही। मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स की थोक महंगाई दर 1.22 प्रतिशत से घटकर 1 प्रतिशत रही। थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहने से ज्यादातर प्रोडक्टिव सेक्टर पर इसका बुरा असर पड़ता है। अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है, तब प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद




### सेंसेक्स 592 अंक , निफ्टी 163 अंक ऊपर आया

मुम्बई (ईएमएस)। घरेलू शेयर बाजार सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन सोमवार को तेजी के साथ बंद हुआ । बाजार में ये तेजी दूनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही लिवावी हावी रहने से आई है। वहीं इससे पहले के अंतिम कारोबारी दिन बाजार गिरावट पर बंद हुआ था। वहीं आज दोनों प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी उछलकर बंद हुए। इसके अलावा वित्तीय और आईटी स्टॉक्स के शेयरों में भी बढ़त रहीं। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 0.73 फसदी या 591.69 अंक ऊपर आकर 81,973.05 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी भी 0.66 फीसदी तकरीबन 163.70 अंक ऊपर आकर 25,127.95 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा का शेयर सबसे ज्यादा 2.86 फीसदी बढ़ा। इस दौरान एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी, आईटीसी, इंडसइंड बैंक, कोटक बैंक, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, आईसीआईसीआई बैंक और महिंद्रा के शेयर लाभ के साथ ही उछले हैं। वहीं दूसरी ओर मारुति का शेयर 1.85 फीसदी नीचे आया। इसके अलावा टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, अल्ट्रा सीमेंट,नेस्ले इंडिया, टीसीएस और टाटा मोटर्स के शेयर भी नीचे आये। निवेशकों का ध्यान अब सितंबर के घरेलू मुद्रास्फीति आंकड़ों पर रहेगा। यह आंकड़े तय करेंगे कि केंद्रीय बैंक आरबीआई ब्याज दरों में कितनी कमी करेगा। निवेशक ब्याज दरों में संभावित कटौती के संकेतों पर नजर गड़ाए हुए हैं और सतर्क रुख अपना रहे हैं। बाजार जानकारों के अनुसार कंपनियों के दूसरी तिमाही के परिणाम कमजोर रहने और तेल की कीमतों में गिरावट के बीच ही भारतीय बाजार आईटी और फाइनेंशियल सेक्टर खरीदारी से ऊपर आया है। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार की तेजी के साथ शुरुआत हुई। बीएसई सेंसेक्स 210.37 अंक बढ़कर 81,591.73 पर खुला। वहीं दूसरी तरफ निफ्टी-50 59.20 अंक की तेजी के साथ 25,023 पर कारोबार कर रहा था। वहीं पिछले कारोबारी सत्र शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गई थी।

## जेरोधा को-फाउंडर्स ने अत्यधिक नियमों पर जताई चिंता


नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत की तीसरी सबसे बड़ी स्टॉक ब्रोकिंग कंपनी ज़ेरोधा के को-फाउंडर्स नितिन और निखिल कामथ देश में इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप्स, नियामकों और सरकार से आपस में मिलकर काम करने का आग्रह कर रहे हैं। कामथ बंधुओं ने ज़ेरोधा के बेंगलुरु ऑफिस में चर्चा करते हुए देश के स्टार्टअप इकोसिस्टम में आए पॉजिटिव बदलावों को सराहा मगर इसके साथ ही दोनों ने चेतावनी दी कि अत्यधिक नियम विकास में बाधा डाल सकते हैं और उद्यमिता को हतोत्साहित कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में कामथ बंधुओं के अलावा ज़ेरोधा के मुख्य तकनीकी अधिकारी कैलाश नाथ भी शामिल थे। निखिल कामथ ने स्टार्टअप इकोसिस्टम के भीतर अनिश्चितता पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने उद्यमियों और नियामकों के बीच सहयोगात्मक संबंध की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हम ऐसे नियामकों के अधीन हैं जिनके साथ हमारा कोई प्रभाव या उनके फैसलों तक पहुंच नहीं है। वे एक दिन में हमारी आय को 50 प्रतिशत तक घटा सकते हैं। वे हमें बंद कर सकते हैं। हालांकि, कामथ ने यह भी माना कि नियामकों ने सिस्टम को मजबूत बनाया है, लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि हद से ज्यादा कायदे-कानून इनोवेशन को दबा सकते हैं।

## रुपया बढ़त के साथ बंद

नई दिल्ली (ईएमएस)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया पांच पैसे की तेजी के साथ ही 84.05 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि विदेशी पूंजी का काफी अधिक बहिर्गमन हुआ है और कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 10 फीसदी वृद्धि हुई है। वहीं भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हस्तक्षेप और रिकॉर्ड उच्च भंडार के कारण स्थानीय मुद्रा को निचले स्तरों पर समर्थन मिला है। आज अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुरुआती कारोबार में 84.06 प्रति डॉलर पर खुला और फिर शुरुआती सौदों यह 84.05 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले पांच पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 12 पैसे टूटकर 84.10 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.13 फीसदी की बढ़त के साथ 103.02 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 1.21 फीसदी की बढ़त के साथ 78.08 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा।

## खुलने से पहले ही देश के सबसे बड़े आईपीओ में आई गिरावट

मुंबई (ईएमएस)। कार निर्माता कंपनी हुंडई मोटर इंडिया देश का सबसे बड़ा आईपीओ लाने जा रही है, जिसका इश्यू साइज 27,870.16 करोड़ रुपए है। यह आईपीओ 15 अक्टूबर से लेकर 17 अक्टूबर तक निवेश के लिए खुला रहेगा। इस




दौरान निवेशक इसके लिए बोली लगा सकेंगे। कंपनी इस आईपीओ के तहत कोई फ्रेश शेयर जारी नहीं करेगी। कुल 14.22 करोड़ शेयर जारी होंगे। ये शेयर ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के तहत जारी किए जाएंगे। इस आईपीओ को ग्रे मार्केट में अच्छा रिस्पॉन्स नहीं मिल रहा है। इस आईपीओ का ग्रे मार्केट में रिस्पॉन्स अच्छा नहीं रहा है। प्राइज बैंड की घोषणा के बाद से इसका ग्रे मार्केट प्रीमियम (जीएमपी) लगातार गिर रहा है। 9 अक्टूबर को इसका जीएमपी 175 रुपए था लेकिन अब यह घटकर 65 रुपए रह गया है, जो यह दिखाता है कि यह 3.83 फीसदी प्रीमियम पर 2035 रुपए पर लिस्ट हो सकता है। ऐसी स्थिति में इसे फ्लैट लिस्टिंग माना जाएगा।

# आलू-प्याज और टमाटर ने बिगाड़ा घरेलू बजट





नई दिल्ली (ईएमएस)। टमाटर, प्याज और आलू की ऊंची कीमतों ने घरेलू बजट बिगाड़ दिया है। खुदरा बाजार में जहां आलू 40 रुपए किलो मिल रहा है तो वहीं टमाटर की कीमत 100 रुपए किलो के पार पहुंच गई है। प्याज के भाव भी 60 रुपए किलो पर हैं। टमाटर, प्याज और आलू की वजह से महंगाई दर में भी इजाफा हुआ है। नीति निर्माताओं के लिए खाद्य पदार्थों की बढ़ाई महंगाई एक चुनौती रही है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 45.9 फीसदी है। बता दें कि आपूर्ति संबंधी झटके समग्र खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों को प्रभावित करते हैं। हाल के महीनों में टमाटर, प्याज और आलू की कीमतों में काफी उछाल आया है। खुदरा खाद्य और पेय पदार्थों में इनकी हिस्सेदारी 4.8 फीसदी और ओवरऑल सीपीआई में 2.2 फीसदी है लेकिन उनकी कीमतों में उतार-चढ़ाव खुदरा मुद्रास्फीति को प्रभावित करता है। इनकी कीमतें बढ़ने के कई कारण हैं। पहला मौसम, भंडारण की समस्याएं और तीसरा आपूर्ति संबंधी समस्याएं।

कई बार मौसम की मार के कारण इनकी फसल प्रभावित होती है। इससे ये जल्दी खराब हो जाते हैं। वहीं दूसरी ओर कोल्ड स्टोर की कमी और दूसरे कारण से इनका भंडारण सही नहीं हो पाता। ऐसे में ये जल्दी खराब हो जाते हैं। वहीं फसल होने के बाद इनकी आपूर्ति को लेकर भी कई बार समस्याएं होती हैं। इन सब्जियों की सप्लाई चेन में गड़बड़ी भी कीमतों में उतार-चढ़ाव का एक महत्वपूर्ण कारक है। अध्ययन में पता चला है कि जिस मौसम में इनकी पैदावार कम होती है, उस समय इनकी कीमत बढ़ जाती है। वहीं जिस मौसम में पैदावार ज्यादा होती है, उस समय कीमत कम होती है। कई बार किसानों को अपनी फसल फेंकनी भी पड़ जाती है क्योंकि इन्हें खरीदने वाला कोई नहीं होता। उतार-चढ़ाव वाली मांग-आपूर्ति के कारण भी कीमतों पर असर पड़ता है।

## इंडियन ओवरसीज बैंक ने विभिन्न शहरों में आठ खुदरा ऋण प्रसंस्करण केंद्र खोले

नई दिल्ली (ईएमएस)। सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक ने कर्ज मंजूरी प्रक्रिया को बेहतर बनाने और इसमें लगने वाले समय को कम करने के लिए विभिन्न शहरों में खुदरा ऋण प्रसंस्करण केंद्र शुरू किया है। बैंक ने एक बयान में कहा कि कुल आठ खुदरा ऋण प्रसंस्करण केंद्र (आरएलपीसी) खोले गये हैं। इसमें से चेन्नई में एक केंद्र का भौतिक रूप से उद्घाटन किया गया, जबकि सात अन्य आरएलपीसी विभिन्न शहरों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुरू किए गए। इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हमारे नए खुदरा कर्ज प्रसंस्करण केंद्र सिर्फ सुविधा के बारे में नहीं हैं। यह एक स्मार्ट, ज्यादा लचीला बैंकिंग ढांचा बनाने के बारे में है।

डिजिटल उपकरण और उन्नत आंकड़ों का इस्तेमाल करके हम मजबूत जोखिम प्रबंधन सुनिश्चित कर रहे हैं और साथ ही कर्ज प्रसंस्करण समय को भी काफी कम कर रहे हैं। उन्होंने एक बयान में कहा कि खुदरा ऋण प्रसंस्करण केंद्र को ऋण स्वीकृति प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने, समय को कम करने और खुदरा ग्राहकों को तीव्र और अधिक कुशल सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजायन किया गया है। इंडियन ओवरसीज बैंक ने बेंगलुरु, कोयंबटूर, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ और मुंबई में खुदरा कर्ज प्रसंस्करण केंद्र शुरू किया है। प्रत्येक केंद्र डिजिटल प्रौद्योगिकियों और स्वचालन क्षमताओं से लैस है, जिससे त्वरित ऋण स्वीकृति सुनिश्चित होती है। ये सुविधाएं वित्तीय पहुंच को बढ़ाने और खुदरा क्षेत्र में बैंक की वृद्धि रणनीति का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बैंक ने शहर के लोकप्रिय स्थलों में से एक पुरात्ची थलाइवर डॉ. एमजीआर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर अपने एटीएम कियोस्क भी शुरू किया। उन्होंने कहा कि यह एटीएम महज एक सेवा केंद्र नहीं है, यह परंपरा के साथ नवाचार के सम्मिश्रण के प्रति आईओबी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## हुंडई का आईपीओ 15 को खुलेगा

नई दिल्ली (ईएमएस)। देश का सबसे बड़ा आईपीओ 15 अक्टूबर को खुलेगा। ह्यूंडई मोटर इंडिया इस आईपीओ के जरिए 27,870 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। यह कंपनी मारुति सुजुकी के बाद भारत में कारों की बिक्री के लिहाज से दूसरी सबसे बड़ी ऑटो निर्माता है। विशेषज्ञों की राय में यह इश्यू लंबी अवधि के निवेश के लिए उपयुक्त है। हालांकि कुछ का मानना है कि लिस्टिंग गेन सीमित रह सकता है। किसी एप्लिकेशन के लिए न्यूनतम लॉट साइज 7 शेयर है, जिसका अर्थ है कि निवेशक कम से कम 7 शेयरों और उसके गुणकों में बोली लगा सकते हैं। अस्थायी रूप से, 1960 के ऊपरी प्राइस बैंड के आधार पर खुदरा निवेशकों के लिए न्यूनतम निवेश राशि 13,720 होगी। ऊपरी प्राइस बैंड पर हुंडई का आईपीओ कुल 27,870 करोड़ तक का हो सकता है, जिससे आईपीओ के बाद कंपनी का बाजार मूल्यांकन लगभग 1.6 लाख करोड़ होने की उम्मीद है।

# भारतीय महिला टीम की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें न्यूज़ीलैंड और पाक मैच पर टिकीं




शारजाह (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम का महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचना अब कठिन है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार के बाद भारतीय टीम के अब 2 मैचों में 4 अंक हैं और वह ग्रुप ए में बेहतर रेट के आधार दूसरे नंबर पर है। वहीं न्यूजीलैंड के भी 2 जीत से चार अंक हैं पर उसका नेट रनरेट भारतीय टीम ने कम है। वहीं न्यूजीलैंड को अगर पाक टीम हरा देती है तो भारतीय टीम आसानी से सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी।

भारत का नेट रन रेट 0.322 है, जबकि न्यूजीलैंड का 0.282 है। अगर पाकिस्तान न्यूजीलैंड को 53 या उससे ज्यादा रन से हराता है तो वो भारत और न्यूजीलैंड को पीछे छोड़कर सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा। .

भारतीय टीम को पहले मैच में न्यूजीलैंड से 58 रन से हार मिली जिसके बाद भारतीय टीम के अभियान को झटका लगा। भारत ने इसके बाद पाकिस्तान और श्रीलंका को हराकर वापसी के प्रयास किये पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार के बाद फिर उसकी सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को झटका लगा है।

न्यूजीलैंड 4 अंक लेकर भारत से नीचे तीसरे नंबर पर है। पाकिस्तान की टीम 2 अंक लेकर चौथे नंबर पर है।

अगर न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को हरा दिया तो भारतीय टीम बाहर हो जाएगी और ग्रुप से ऑस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड की टीमें सेमीफाइनल में पहुंच जाएंगी। वहीं अगर पाकिस्तान ने बड़े अंतर से न्यूजीलैंड को हरा दिया तो फिर न्यूजीलैंड और भारत के बीच नेट रनरेट का मामला आयेगा। ऐसे में पाकिस्तान की टीम भारत को सेमीफाइनल का टिकट दिला देगी क्योंकि कीवी टीम का नेट रनरेट भारत से कम है। अगर पाक जीतता है तो फिर भारत पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के नेट रनरेट देखे जाएंगे। ऐसे में भारत अंतिम चार में पहुंच जाएगी।

## ऑस्ट्रेलियाई कप्तान बोली, हमारी सभी खिलाड़ियों ने अच्छा खेला






शारजाह (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की कप्तान ताहलिया मैकग्राथ ने टी20 महिला विश्व कप में भारतीय टीम के खिलाफ मिली जीत पर खुशी जतायी है। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहले खेलते हुए 151 रन बनाए थे। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम जीत हासिल करने में विफल रही थी।ऑस्ट्रेलिया की स्टैंड-इन कप्तान ताहलिया मैकग्राथ ने कहा कि हम जो भी खेल खेलते हैं उसे जीतना चाहते हैं। भारत ने अच्छा खेला पर अंत में हमारी जीत हुई। मुझे हमारी टीम पर गर्व है। पूरी टीम आज मेरे करीब हो गई, बहुत सारे खिलाड़ी अलग-अलग भूमिकाओं में थे और उन्होंने आगे कदम बढ़ाया।

तालहिया ने कहा कि पिच थोड़ी आसान नहीं थी। यह कभी-कभी फिसल रही थी और कभी-कभी नीचे रह रही थी। हम लगातार इस बारे में बात करते रहे कि कुल योग क्या है। हम जानते हैं कि हमारे पास काफी गहराई है और हम पूरी आजादी के साथ खेल सकते हैं। हमने अपने बल्लेबाजी क्रम में कई बार बदलाव किये जो सफल रहे।



वुहान ओपन में अवार्ड समारोह में ट्रॉफी के साथ उत्साहित होकर पोज देती हुई रुस की इरीना और कजाकिस्तान की अन्ना।

## यानेक शॉपमैन उड़ीसा हॉकी टीम की तकनीकी निदेशक बनीं



भुवनेशवर (ईएमएस)। भारतीय महिला हॉकी टीम टीम की मुख्य कोच यानेक शॉपमैन एक बार फिर भारत लौट गयी हैं। यानेक टीम के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाने के बाद स्वदेश लौट गयीं थीं। इसका कारण हॉकी इंडिया से मतभेद भी बताये गये हैं। इस बार यानेका को भारतीय टीम के स्टाफ में नहीं बल्कि ओडिशा की महिला टीम का हिस्सा हैं। उन्हें उड़ीसा टीम का तकनीकी निदेशक बनाया गया है। वह हॉकी लीग के लिए नीलामी के दौरान भी उपस्थित थीं। वह 15 अक्टूबर को ओडिशा महिला टीम की टेबल पर भी नजर आ सकती है। भारतीय महिला टीम ने उनके कोच रहते हुए ओडिशा में ही ओलंपिक क्वालिफायर खेला था। भारत टॉप 3 में नहीं पहुंचा और पेरिस का टिकट हाथ से निकल गया। शॉपमैन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा देते हुए उन्होंने कई गंभीर आरोप लगाये और कहा कि हॉकी इंडिया में महिलाओं की बातों को, उनकी सोच और विचारों को अहमियत नहीं दी जाती है। साथ ही उन्होंने हॉकी इंडिया पर महिला और पुरुष टीम के बीच भेदभाव करने का भी आरोप लगाया था।

## न्यूज़ीलैंड सीरीज के पहले बोले गंभीर, विराट के खराब फार्म को लेकर चिन्तित नहीं हूं

नई दिल्ली (ईएमएस)। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से ठीक पहले भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर का कहना है कि वह अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की खराब फॉर्म से परेशान नहीं हैं। इसका कारण ये ही विराट करियर की शुरुआत में जितने गंभीर थे उतने आज भी हैं। उनमें रनों की भूख पहले की ही तरह है। इसलिए प्रत्येक मैच के बाद उनके खेल का आंकलन करना सही नहीं है। विराट पिछले कुछ समय से रनों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पिछली आठ पारियों में वह केवल एक बार ही पचास रन बना पाये हैं। उसके अलावा वह एक बार भी बड़ा स्कोर नहीं बना पाये हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रही तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला से विराट का फार्म में होना जरुरी रहेगा। न्यूजीलैंड सीरीज के बाद भारतीय टीम पांच टेस्ट के दौरे के लिये ऑस्ट्रेलिया जाएगी। ऐसे में विराट का रन बनाना जरुरी हैं। गंभीर ने कहा, 'विराट को लेकर मैं परेशान नहीं हूं क्योंकि वह शीर्ष स्तर का क्रिकेटर है और जानता है कि कब क्या करना है। उसने इतने साल से इतना अच्छा प्रदर्शन किया है। रनों को लेकर उसकी भूख पहले जैसी ही है। उन्होंने कहा, 'यही उसे विश्व का शीष क्रिकेटर बनाएगी। मुझे उसके ऑस्ट्रेलिया में अधिक से अधिक रन बनाने का भरोसा है। गंभीर ने कहा कि किसी खिलाड़ी की समीक्ष केवल एक खराब मैच या सीरीज के आधार पर नहीं जा सकती है। उन्होंने कहा, 'हर मैच के बाद आंकलन करन उसके जैसे खिलाड़ी के लिए जरुरी नहीं है। यह खेल है और इसमें हर किसी को विफलता का सामना करना ही होता है। अगर हमें परिणाम अच्छे मिल रहे हैं तो फिर परेशानी की क्या बात है। उन्होंने कहा, 'रोज कोई अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकता। हमारा काम खिलाड़ियों का समर्थन करते रहना है। मेरा काम सर्वश्रेष्ठ 11 का चयन करना है, किसी को बाहर करना नहीं। भारत और न्यूजीलैंड के बीच सीरीज 16 अक्टूबर से शुरु होगी।

# भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज में चौथे नंबर पर ही उतरेंगे स्मिथ : बेली



मेलबर्न (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ भारत के खिलाफ होने वाली आगामी टेस्ट बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज सीरीज में अपने चौथे नंबर पर ही उतरेंगे। डेविड वार्नर के संन्यास के बाद स्मिथ को सलामी बल्लेबाज के तौर पर अवसर दिया गया था पर वह असफल रहे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने भी माना कि स्मिथ को उनके पारंपरिक स्थान पर ही उतारा जाएगा। उन्होंने सलामी बल्लेबाज के तौर पर दूसरे ही टेस्ट में नाबाद 91 रन बनाए पर न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में सलामी बल्लेबाज के तौर पर वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके और चार पारियों में कुल 51 रन ही बना पाये। बेली ने कहा कि इसको लेकर 'पैट कमिंस, एंड्रयू मैकडोनाल्ड और स्टीव स्मिथ से उनकी लगातार बात हो रही है। स्टीव ने पारी सलामी बल्लेबाज की जगह अपने ही चौथे नंबर नीचे उतरने की इच्छा जताई है। इसके बाद कमिंस और एंड्रयू ने कहा कि वह इस सत्र में बल्लेबाजी क्रम में नीचे उतरेगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से सीरीज शुरु होगी।

## संन्यास की घोषणा कर सकती हैं रानी




नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय महिला हॉकी टीम से बाहर चल रहीं पूर्व कप्तान रानी रामपाल शीघ्र ही खेल से संन्यास ले सकती हैं। रानी को पिछले तीन साल से भारतीय टीम में जगह नहीं मिली है। ऐसे में कहा जा रहा है कि वह वह भारत-जर्मनी मैच के दौरान खेल को अलविदा कह सकती हैं।

रानी ने साल 2008 में भारत की ओर से खेलना शुरु किया था। उन्होंने अब तक 254 मैचों में 120 गोल दागे हैं। वह साल 2018 में हुए एशियाई खेलों में रजत और 2014 के एशियाड में कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम का भी अहम हिस्सा रहीं थीं। इसके अलावा रानी रामपाल की कप्तान में ही भारतीय महिला हॉकी टीम टोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थन पर रही थी। ओलंपिक के बाद कोच श्योर्ड मरीन्ये ने पद छोड़ दिया था। इसके आद उनकी जगह यानेक शॉपमैन कोच बनी थीं। तब कहा गया था कि कि यानेक और रानी के बीच मतभेद उभर गये थी। इस कारण साल 2022 में गुजरात में हुए राष्ट्रीय खेलों में 6 मुकाबलों में 18 गोल करने के बाद भी रानी को वापसी का अवसर नहीं मिला।

## ऑस्ट्रेलिया को झटका, बॉर्डर-गावस्कर सीरीज से बाहर हुए ग्रीन




सिडनी (ईएमएस)! ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन पीठ भारतीय टीम के खिलाफ अगले माह होने वाली बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज में नहीं खेल पाएंगे। ग्रीन के पीठ में लगी चोट की सर्जरी होने वाली इै। इस कारण वह परे सत्र से ही बाहर हो गये हैं। इंग्लैंड दौरे पर ग्रीन को चोट लगी थी, जिसके बाद अब उन्हें सर्जरी से गुजरना होगा। इस ऑलराउंड का बाहर होना मेजबान टीम के लिए करारा झटका है। वहीं क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के विशेषज पैनल के अनुसार ग्रीन की सर्जरी ही उनके लिए अंतिम विकल्प है। वहीं पहले माना जा रहा था कि भारत के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज से पहले वह फिट हो जाएंगे। इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय के बाद ही ग्रीन को पीठ में दर्द हुआ था। उसके बाद वह स्वदेश लौट आए थे। इस कारण उनका इंग्लैंड में भी स्कैन हुआ था और फिर ऑस्ट्रेलिया लौटने के बाद भी क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की मेडिकल टीम ने उनका स्कैन किया था ।ग्रीन को इससे पहले भी चार बार स्ट्रेस फ्रैक्चर हुआ है। वहीं । ग्रीन अगर बिना सर्जरी के भी खेल पाते तो वह सिर्फ बतौर बल्लेबाज ही खेलते। ग्रीन के नहीं होने से अब ऑस्ट्रेलिया को बल्लेबाजी क्रम में भी बदलाव करने होंगे। ऐसे में स्टीव स्मिथ एक बार फिर नंबर-4 पर बल्लेबाजी कर सकते हैं। वहीं अब ऑस्ट्रेलियाई टीम शील्ड क्रिकेट से किसी सलामी बल्लेबाज को स्क्वॉड में शामिल कर सकती है, जिसमें मार्कस हैरिस, कैमरन बैनक्रॉफ़्ट और मैट रेनशॉ जैसे खिलाड़ी हैं।

## सिराज से पहले जोगिंदर सहित ये क्रिकेटर भी बने डीएसपी

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को तेलंगाना पुलिस में डीएसपी की नौकरी मिली है। सिराज भारतीय पुलिस में डीएसपी बनने वाले पहले क्रिकेटर नहीं हैं। उनसे पहले दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह और 2007 टी20 विश्वकप की अंतिम गेंद पर विकेट लेने वाले जोगिंदर शर्मा और महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को भी ये पद मिला था। सिराज को टी20 विश्व कप 2024 में उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए तेलंगाना सरकार ने डीएसपी बनाया है। सिराज को तेलंगाना कैबिनेट ने कुछ महीने पहले ही हैदराबाद में घर बनाने के लिए भी 600 वर्ग गज जमीन दी थी। वहीं तेज गेंदबाज जोगिंदर शर्मा ने 2007 टी20 विश्व कप के फाइनल में शानदार गेंदबाजी कर भारतीय टीम को टी20 विश्वकप जिताया था। तब भारत ने महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में पहली बार इस ट्रॉफी जीती थी। जोगिंदर के फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ शानदार प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें हरियाणा पुलिस में डीएसपी की जगह मिली थी। उन्होंने साल 2007 में ही हरियाणा पुलिस में डीएसपी का पद संभाला था।

# न्यूज़ीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम तैयार




मुम्बई (ईएमएस)। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम अब न्यूजीलैंड से मुकाबले को तैयार है।. भारत और न्यूजीलैंड के बीच 3 मैचों की टेस्ट सीरीज 16 अक्टूबर से खेली जाएगी। इसके मैच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होंगे। इस सीरीज के लिए रोहित और विराट कोहली बेंगलुरु पहुंच गये हैं। भारतीय टीम इस सीरीज को जीतकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंचना चाहेगी। प्रारुप बदलने के साथ भारतीय टीम का कप्तान भी बदल गया। सूर्या की कप्तानी में टी20 सीरीज खेलने बाद अब टेस्ट के लिए रोहित शर्मा कमान संभालेंगे।

रोहित की टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेगी। इस टीम के खिलाफ भारतीय टीम कोई कमी नहीं रखना चाहेगी। ये सीरीज भारतीय टीम लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले अभ्यास का अच्छा अवसर देगी। भारतीय टीम को इसके बाद ऑस्ट्रेलिया का अहम दौरा करना है। इस दौरे पर बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तहत दोनों टीमें 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेंगी। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा टेस्ट 24 अक्टूबर से पुणे में खेला जाएगा जबकि तीसरा और आखिरी टेस्ट 1 नवंबर से मुंबई में खेला जाएगा।

भारतीय क्रिकेट टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ सोलह अक्टूबर से पहला टेस्ट खेलेगी। भारत को डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने के लिए न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली जाने वाली दोनों सीरीज में जीत दर्ज करनी होगी। भारतीय टीम की नजर लगातार तीसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने पर है। पहली बार उसे फाइनल में न्यूजीलैंड ने हराया था जबकि दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया ने हराया था। भारत को डब्ल्यूटीसी फाइनल की रेस में बने रहने के लिए न्यूजीलैंड को अपने घर में सभी मैच हराने होंगें। बीसीसीआई ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 15 सदस्यीय मजबूत टीम की घोषणा की है। डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले भारत को अब 8 टेस्ट मैच खेलने हैं। बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज में भारत के सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया गया था जो न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में लौट आए हैं। जसप्रीत बुमराह को इस सीरीज में टीम का उप कप्तान बनाया गया है. युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव, हर्षित राणा, प्रसिद्ध कष्णा और नीतीश कुमार रेड्डी को रिजर्व खिलाड़ियों में रखा गया है।

## दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम घोषित, स्टोक्स-पॉट्स की वापसी

### वोक्स और एटकिंसन बाहर हुए

मुल्तान (ईएमएस)। इंग्लैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ 15 अक्तूबर मंगलवार से होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। टीम में कप्तान बेन स्टोक्स और तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स की वापपसी हुई है जबकि क्रिस वोक्स और गस एटकिंसन को बाहर कर दिय गया है। स्टोक्स हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण पिछले चार टेस्ट मैचों से बाहर थे। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा है कि स्टोक्स अब पूरी तरह से फिट हैं । वहीं पहले टेस्ट में ओली पोप ने कप्तानी की थी पर अब ये जिम्मेदारी स्टोक्स संभालेंगे। वहीं पॉट्स पहली बार टीम में लौटे हैं। इसका अर्थ ये है कि एटकिंसन को इंग्लैंड के घरेलू क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद पहली बार टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली है। इसके अलावा ब्रायडन कार्से को तेज गेंदबाजी लाइन-अप में शामिल किया गया है जबकि जैक लीच और शोएब बशीर को स्पिन गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालेंगे। वहीं सलामी बल्लेबाज बेन डकेट को भी टीम में बनाये रखा है। डेकेट पहले टेस्ट में चोटिल हो गये । वहीं विकेटकीपर-बल्लेबाज जेमी स्मिथ सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरेंगे जिससे स्टोक्स बल्लेबाजी क्रम में छठे स्थान पर ही रहेंगे। इंग्लैंड टीम इस सीरीज में 1-0 से आगे हैं। ऐसे में उसका लक्ष्य ये मैच जीतकर सीरीज अपने नाम करना रहेगा।

इंग्लैंड की प्लेइंग 11 : जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), ब्रायडन कार्स, मैथ्यू पॉट्स, जैक लीच और शोएब बशीर

## महेला जयवर्धने मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच बने

मुम्बई (ईएमएस)। मुंबई इंडियंस ने आईपीएल के 2025 सत्र के लिए श्रीलंका के पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने को अपना नया मुख्य कोच बनाया है। जयवर्धने इससे पहले साल 2017-2022 में भी मुंबई इंडियंस के कोच थे। फ्रेंचाइजी ने साली 2017, 2019 और 2020-21 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब जीता था। जयवर्धने को ह दक्षिण अफ्रीका के मार्क बाउचर की जगह कोच बनाया गया है।मुंबई इंडियंस ने साल 2023 चरण में नॉकआउट के लिए क्वालीफाई किया परा इस साल उसका प्रदर्शन काफी खराब रहा जिसमें टीम 14 मैच में से केवल चार में ही जीत दर्ज कर पाई। जयवर्धने ने कोच बनने के बाद कहा, ''मुंबई इंडियंस परिवार में मेरी यात्रा बेहतर रही है। साल 2017 में ध्यान सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलने के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का एक समूह बनाने पर था और हमने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया।'' उन्होंने कहा कि अब मेरा प्रयास एक बार फिर वैसी ही टीम बनाना रहेगा।




शंघाई में जेनिक सिनर व नोवाक जोकोविच उत्साहित दिखे।

# एचआईएल पहले दिन हरमनप्रीत पर लगी सबसे बड़ी बोली




नई दिल्ली (ईएमएस)। यहां हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) की नीलामी में भारतीय पुरुष टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह पर सबसे बड़ी बोली लगी। सूरमा हॉकी क्लब ने हरमनप्रीत को 78 लाख रुपये में खरीदा। इस लीग के लिए सभी आठ फ्रेंचाइजी ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य खिलाड़ियों पर बड़ी बोली लगायी। हरमनप्रीत के बाद अभिषेक पर दूसरी सबसे बड़ी बोली लगी। जिन्हें श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने 72 लाख रुपए में खरीदा जबकि हार्दिक सिंह के लिए यूपी रुद्रास ने 70 लाख रुपए खर्च किए।

अमित रोहिदास के लिए तमिलनाडु ड्रैगन्स ने सबसे अधिक 48 लाख रुपए की बोली लगाई जबकि जुगराज सिंह को भी बंगाल टाइगर्स ने इतनी ही रकम देकर खरीदा। वहीं हैदराबाद तूफान्स ने सुमित को 46 लाख रुपए में खरीदा। विदेशी गोलकीपरों में आयरलैंड के डेविड हार्टे को सबसे अधिक राशि मिली। उन्हें तमिलनाडु ड्रैगन्स ने 32 लाख रुपए में खरीदा। गोलकीपर सूरज करकेरा और पवन को टीम गोनासिका और दिल्ली एसजी पाइपर्स ने क्रमशः 22 लाख रुपए और 15 लाख रुपए में खरीदा। जर्मनी के जीन-पॉल डैनबर्ग हैदराबाद तूफान्स, 27 लाख रुपये, नीदरलैंड के पिरमिन ब्लैक बंगाल टाइगर्स, 25 लाख रुपये और बेल्जियम के विन्सेंट वानाश सूरमा हॉकी क्लब, 23 लाख रुपए में बिके।

## अमेरिका में क्रिकेट को बढ़ावा देने युवा क्रिकेटरों को खेल के टिप्स देंगे सचिन

ह्यूस्टन (ईएमएस)। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर अमेरिका में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए टेक्सास में राष्ट्रीय क्रिकेट लीग (एनसीएल) में युवा क्रिकेटरों को खेल के टिप्स देंगे। सचिन राष्ट्रीय क्रिकेट लीग फाइनल के दौरान आयोजित एक विशेष क्रिकेट क्लीनिक में इन युवा क्रिकेटरों को ये टिप्स देंगे। तेंदुलकर ने कहा कि आज वह जहां पर है क्रिकेट की बदौलत ही हैं, 'क्रिकेट ने मुझे बहुत कुछ दिया है और अब इसे वापस देने की मेरी बारी है। उन्होंने कहा,''मैं इन युवा खिलाड़ियों से मिलने और उन्हें यह बताने को लेकर उत्साहित हूं कि कड़ी मेहनत और जुनून से सभी कुछ हासिल किया जा सकता है। वहीं राष्ट्रीय क्रिकेट लीग (एनसीएल) के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल ने तेंदुलकर की भागीदारी को लेकर कहा कि ये एक अहम उपलब्धि है। यह क्रिकेट से भी कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। यह अपनी उम्मीदों और सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करने से जुड़ा कार्यक्रम है। सचिन जैसे महान क्रिकेटर से युवा खिलाड़ियों को मार्गदर्शन मिलने से उन्हें काफी लाभ होगा। गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से समर्थन प्राप्त एनसीएल से और भी कई दिग्गज पूर्व क्रिकेटर जुड़े रहे हैं। इसमें सुनील गावस्कर, वसीम अकरम और सर विवियन रिचर्ड्स जैसे नाम हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### धनबाद स्टेशन पर गोड्डा, दिल्ली- गोड्डा एक्सप्रेस का ठहराव



धनबाद : यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर उनके सुगम आवागमन हेतु गाड़ी संख्या 14049, 14050 गोड्डा- दिल्ली- गोड्डा एक्सप्रेस का धनबाद स्टेशन पर 02 मिनट के ठहराव प्रदान किया जाएगा I दिनांक 16.10.24 से गोड्डा से खुलने वाली गाड़ी संख्या 14049 गोड्डा- दिल्ली एक्सप्रेस 16.04 बजे धनबाद स्टेशन पहुंचकर 16.06 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगीI दिनांक 14.10.24 से दिल्ली से खुलने वाली गाड़ी संख्या 14050 दिल्ली- गोड्डा एक्सप्रेस दिनांक 15.10.24 से 9.16 बजे धनबाद स्टेशन पहुंचकर 9.18 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी I

### धनबाद विधायक ने केंदुआडीह में अल्ट्रा सोनोग्राफी मशीन लगाने हेतु विधायक निधि से कमरे का निर्माण करवा कर विधिवत किया उद्घाटन



धनबाद : धनबाद विधायक राज सिन्हा ने केन्दुआडीह क्षेत्र की चिर परिचित मांग शहरी स्वास्थ्य केंद्र, केन्दुआडीह में अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन लगाने हेतु अपने विधायक निधि से कमरे का निर्माण करवा कर आज उसका उद्घाटन किया I गौरतलब है की अल्ट्रासाउंड मशीन एवं उसकी पूरी सिस्टम डीएमएफटी फंड से पास हो चुकी है, परंतु कमरे की कमी के कारण क्षेत्र के आम लोगों के लिए अल्ट्रासाउंड मशीन नहीं लग पा रही थीI विधायक राज सिन्हा ने उक्त कमरे के साथ साथ शौचालय का भी निर्माण करवा कर आज आम जनों हेतु सौंपा I इस कमरे के बन जाने से क्षेत्र के दो से तीन लाख की आबादी को खासकर गर्भवती महिलाओं को इसका लाभ मिलने लगेगा. पहले इस क्षेत्र के मरीजों को धनबाद शहर जाना पड़ता था I क्षेत्र के आम लोगों ने विधायक सिन्हा का आभार जताया एवं हर्ष व्यक्त किया I इस अवसर पर विधायक राज सिन्हा ने कहा कि, क्षेत्र के आम जनमानस के सभी समस्यायों के प्रति सनवेदंशील हूँ Iजानकारी प्राप्त होने पे त्वरित समाधान हेतु कृत संकल्पित हूं I

### विधायक राज सिन्हा ने किया शेड निर्माण हेतु शिलान्यास



धनबाद। सोमवार 14अक्टूबर को धैया राम मंदिर में धनबाद विधायक राज सिन्हा के द्वारा शेड निर्माण हेतु शिलान्यास कर किया गया। जिसमें वहां के मंदिर कमिटी एवं स्थानीय लोगों की उपस्थिती रही। जिसमें मुख्य रूप से भाजपा बरटांड़ मंडल अध्यक्ष किशोर मंडल,पूर्व वार्ड आयुक्त देवन मंडल,कीर्तन कमिटी अध्यक्ष समीर मंडल,धैया दुर्गापूजा कमिटी अध्यक्ष जगबंधु मंडल, माणिक कोर, रंजन हालदार,मिहिर दे,भाजपा पूर्व बरटांड मंडल अध्यक्ष राजकुमार मंडल,भाजपा बरटांड मंडल मीडिया प्रभारी बृजनंदन शर्मा, उत्तम मंडल,राजेश मंडल, हारू गोराय,बुधन हालदार,बादल हालदार,भरत रजक,भोला हालदार, गोकुल मंडल,रवि मंडल, माथुर मंडल,पंकज मंडल,के साथ साथ अनेक स्थानीय लोग भी उपस्थित थे।

### हरियाणा कांग्रेस प्रभारी बाबरिया का इस्तीफा, खराब स्वास्थ्य का दिया हवाला

चंडीगढ़ (ईएमएस)। हरियाणा कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया ने अपने खराब स्वास्थ्य का हवाला देकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को इस्तीफा देने की पेशकश की है। उन्होंने कहा कि वे स्वास्थ्य समस्याओं की वजह से अब काम करने में असमर्थं हैं। बीते दिनों कांग्रेस नेता बावरिया को खराब स्वास्थ्य की वजह से एम्स में भी भर्ती किया गया था। डॉक्टरों ने उन्हें स्वास्थ्य ठीक होने तक राजनीतिक गतिविधि में शामिल न होने का सुझाव दिया था।

बता दें कि हाल ही में हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को हार का मुंह देखना पड़ा था। हालांकि, शुरुआती रुझानों में कांग्रेस जीत की ओर अग्रसर थी, लेकिन बाद में भाजपा प्रदेश की सबसे बड़ी पार्टी बनाकर उभरी। कांग्रेस ने नतीजे पर हैरानी जताकर चुनाव आयोग पर भी सवाल उठाए थे। कांग्रेस ने कहा कि चुनाव आयोग ने मतगणना में विसंगतिपूर्ण तरीका अपनाया है, इसके बाद ऐसी स्थिति पैदा हुई। इसके अलावा कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने भी आयोग और ईवीएम पर कांग्रेस की हार का ठीकरा फोड़ा था। इस पर भाजपा ने कहा था कि जब कभी-भी कांग्रेस को अपनी इच्छा के अनुरूप परिणाम नहीं मिले हैं, तब कांग्रेस ईवीएम और चुनाव आयोग पर दोष मढ़ने लग जाती है। कांग्रेस के इस रवैये को अब किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

### जौहर ट्रस्ट मामले में सुप्रीम कोर्ट का दखल से इंकार, आजम खान को झटका

नई दिल्ली। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खान को सुप्रीम कोर्ट से सोमवार को बड़ा झटका लगा है। मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट ने हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती देकर याचिका दायर की थी, इसमें रामपुर में जौहर स्कूल के लिए आवंटित जमीन के पट्टे को रद्द कर यूपी सरकार को भूमि अधिग्रहण की इजाजत दे दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को हाईकोर्ट के फैसले में दखल देने से इंकार किया। इसके पहले याचिकाकर्ता आजम के वकील कपिल सिब्बल ने सुनवाई में कहा कि अभी स्कूल में 300 बच्चे पढ़ रहे हैं, लिहाजा यूपी के हाईकोर्ट आदेश पर रोक लगाई जाए और प्रदेश सरकार के फैसले को रद्द किया जाए। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा वाली पीठ ने यूपी सरकार को आदेश दिया कि राज्य सरकार ये सुनिश्चित करें वहां पढ़ रहे करीब 300 छात्रों का दाखिला दूसरे शैक्षणिक संस्थानों में हो सके। दरअसल, हाईकोर्ट ने रामपुर में जौहर ट्रस्ट को सरकारी जमीन का पट्टा मामले में सपा नेता खिलाफ फैसला सुनाया था।

# सोनिया और राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी भू-हड़प अभियान चला रही

### ये मोहब्बत की दुकान नहीं भूमाफिया की दुकान



नई दिल्ली (ईएमएस)। भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ( सोनिया और राहुल गांधी ) से लेकर वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया एवं उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार से लेकर अन्य राज्यों के पूर्व सीएम कमलनाथ, अशोक गहलोत और भूपेश बघेल तक कांग्रेस का सभी शीर्ष नेता गरीबों की जमीन हड़पने में शामिल हैं।

सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय मुख्यालय में मीडिया को संबोधित कर सांसद त्रिवेदी ने कटाक्ष किया कि सोनिया और राहुल गांधी के विचारों से प्रेरित होकर कांग्रेस पार्टी देश में भू-हड़प अभियान चला रही है। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे के परिवार के ट्रस्ट द्वारा कर्नाटक में आवंटित की गई जमीन को लौटाने के प्रकरण को भ्रष्टाचार की स्वीकारोक्ति बताकर कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर ये गंभीर आरोप लगे हैं, जिससे इसकी गंभीरता को समझा जा सकता है। भाजपा नेता ने कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के परिवार और इसके पहले सिद्धारमैया के परिवार द्वारा आवंटित जमीन को लौटाने पर कटाक्ष कर कहा कि ये लोग इसकारण जमीन वापस नहीं कर रहे हैं, कि इनकी अंतर आत्मा जागी है, बल्कि अदालती कार्यवाही के डर से ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल और सोनिया गांधी को यह बताना चाहिए कि क्या जमीन वापस करने वालों को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा नहीं देना चाहिए? अगर मान भी लिया कि गलती हुई है, तब कर्नाटक सरकार एफआईआर कब करेगी? उन्होंने कांग्रेस और विपक्षी नेताओं की चुप्पी पर सवाल उठाकर कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में इंडी गठबंधन की चुप्पी से यह बात बिल्कुल साफ हो रही है कि भ्रष्टाचार और जनता की जमीन हड़पने के मामले में ये सब एक साथ हैं, मिले हुए हैं।

सांसद त्रिवेदी ने कहा कि भ्रष्टाचार जिसकी सहज और स्वाभाविक प्रवृत्ति है, उस कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष पद से अब वह जमीन खिसकती दिख रही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे के परिवार द्वारा संचालित ट्रस्ट पर आक्षेप लगने के बाद आवंटित भूमि को लौटाने का जो निर्णय लिया है, वह स्पष्ट रूप से दिखाता है कि सत्ता का दुरुपयोग करके भूमि को हड़पने का कार्य कर्नाटक में हो रहा था। उन्होंने कहा कि वर्ष 2015 में उपमुख्यमंत्री डीके पर लैंड ग्रैब का केस लग चुका है, जोकि 1986 में आवंटित भूमि के समय से चल रहा था। मुडा स्कैम में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर आरोप लग रहे हैं। केआईएडीबी लैंड आवंटन घोटाले में खड़गे परिवार शामिल हैं। इसके पूर्व कमलनाथ का नाम सामने आ चुका है। राजस्थान के मुख्यमंत्री रहे गहलोत का नाम बीकानेर के लैंड स्कैम में आ चुका है। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का नाम भी सामने आ चुका है। इतना ही नहीं नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया और राहुल गांधी पर आरोप है। यानी मुख्यमंत्री हो, उपमुख्यमंत्री हो या पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष हो या वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष हो, कांग्रेस का पूरा शीर्ष नेतृत्व भूमि हड़पने के आंदोलन में समान रूप से संलिप्त है।

राहुल गांधी पर कटाक्ष कर त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी मोहब्बत की दुकान की बात करते हैं लेकिन ये किसी भूमाफिया प्रॉपर्टी डीलर की दुकान दिख रही है। कांग्रेस पार्टी पूरी तरह भ्रष्टाचार में डूबी है। किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी के बयान को लेकर उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस की कलई खुल गई है। कांग्रेस पार्टी को इस पर सफाई देनी चाहिए।

## बिश्नोई ने जेल में रहकर इतना बड़ा कांड कर दिया, सरकार के दावे धरे के धरे रह गए

### सुप्रिया श्रीनेत ने कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर सीएम शिंदे को घेरा

नई दिल्ली,(ईएमएस)। मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले पर राजनीति में घमासान मच गया है। कांग्रेस ने महाराष्ट्र की शिंदे सरकार पर जोरदार हमला बोला है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने एक्स पर एक के बाद एक पोस्ट किए। उन्होंने अपनी लेटेस्ट पोस्ट में महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे पर अटैक किया। श्रीनेत इस बाबा सिद्दीकी की हत्या में लॉरेंस बिश्नोई गैंग का नाम आने पर भी सवाल खड़े किए थे। उन्होंने सवाल उठाया कि यह क्या हो रहा है महाराष्ट्र में, असल में इस देश में? उन्होंने कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर महाराष्ट्र सरकार को घेरा था। सुप्रिया श्रीनेत ने एक्स पर पोस्ट में



कहा कि छह माह पहले लॉरेंस के शूटरों ने सलमान खान के घर के बाहर गोली चलाई थी। तब सीएम शिंदे ने लॉरेंस बिश्नोई को खत्म करने की डींग हांकी थी। छह महीने बाद बिश्नोई ने जेल में रहकर इतना बड़ा कांड कर दिया। सीएम शिंदे के खोखले दावे धरे के धरे रह गए। इस पोस्ट में कांग्रेस नेता सीधे तौर पर महाराष्ट्र के सीएम शिदे पर ही निशाना साधा। इससे ठीक पहले सुप्रिया एक पोस्ट में बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में लॉरेंस बिश्नोई का नाम आने पर अपनी बात रखी। उन्होंने लिखा- कितना खतरनाक है कि एक आदमी गुजरात की साबरमती जेल में बंद है लेकिन उसका गैंग पूरे देश में ऐक्टिव है, वह खुलेआम धमकी दे रहा है। मुंबई जैसे शहर में कॉन्ट्रैक्ट हत्या करवा रहा है। यह हो क्या रहा है महाराष्ट्र में, असल में इस देश में? अपराधी इतने बेखौफ क्यों हैं?

सुप्रिया ने कहा कि बाबा सिद्दीकी की निर्मम हत्या से पूरा देश स्तब्ध है, उनके परिवार के लिए मेरी प्रार्थनाएं। महाराष्ट्र में फैले जंगलराज में कभी लाइव टीवी पर हत्या हो रही हैं, कभी थाने में गोलीबारी। कानून व्यवस्था दम तोड़ चुकी है।

वहीं एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रिएक्ट किया। उन्होंने कहा कि हमने तो खुले तौर पर कहा है कि महाराष्ट्र में कानून-व्यवस्था ठीक नहीं है। उनके द्वारा जान का खतरा जताने के बाद भी पुलिस अगर उनकी रक्षा नहीं कर पाई तो यह प्रशासन की विफलता है। मुंबई जैसे क्षेत्र में पुलिस को हमेशा सतर्क रहना चाहिए। दिनदहाड़े यह जो घटनाएं हो रही हैं इस पर सरकार अगर चिंता नहीं जताती है तो मैं समझता हूं कि वे इन घटनाओं को नजरअंदाज कर रहे हैं।

### नेवी का नया बेस कंट्रोल तैयार, समुद्र के तल में होगी खास बातचीत

नई दिल्ली। भारत ने हाल ही में अपनी दूसरी परमाणु ऊर्जा चालित पनडुब्बी आईएनएस अरिघात नौसेना में शामिल हो गई है। इसके साथ ही नौसेना अब लंबी दूरी की गश्त पर मौजूद अपने गुप्त शिकारियों के साथ सहज कम्युनिकेशन के लिए एक नई एडवांस फैसिलिटी स्थापित कर रही है। तेलंगाना के विकाराबाद में वेरी लो फ्रीक्वेंसी कम्युनिकेशन स्टेशन की परियोजना का उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार यानी 15 अक्टूबर को करेंगे। मीडिया रिपोर्ट में बताया कि रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण वीएलएफ सुविधा, जब दो-तीन सालों में पूरी तरह से चालू हो जाएगी। इसके बाद यह भारत के संपूर्ण क्षेत्र में पानी के नीचे पनडुब्बियों को चौबीसों घंटे एन्क्रिप्टेड कम्युनिकेशन कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि वीएलएफ रेडियो तरंगें, जो 3 से 30 किलोहर्ट्ज़ की फ्रीक्वेंसी बैंड में काम करती हैं, ऐसे उद्देश्यों के लिए समुद्री जल में एक निश्चित गहराई तक प्रवेश कर सकती हैं। केवल कुछ ही देशों के पास ऐसी क्षमताएं मौजूद हैं, जो लंबी दूरी की निवारक गश्त पर तैनात परमाणु पनडुब्बियों के कमांड और नियंत्रण के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं। भारत की योजना अगले साल की शुरुआत में आईएनएस अरिधमान के रूप में सात हजार टन विस्थापन के साथ तीसरे एसएसबीएन को शामिल करने की है। वही, सीक्रेट एडवांस टेक्नोलॉजी वेसल परियोजना के तहत एक चौथा भी निर्माणाधीन है। रिपोर्ट के मुताबिक 13,500 टन के एसएसबीएन बनाने की भी योजना है। इसमें 190 मेगावाट के ज्यादा शक्तिशाली प्रेशराइज्ड लाइट-वाटर रिएक्टर होंगे। इसके अलावा, 9 अक्टूबर को पीएम के नेतृत्व वाली सुरक्षा पर कैबिनेट समिति ने दो परमाणु ऊर्जा चालित हमलावर पनडुब्बियों के निर्माण के लिए लंबे समय से लंबित 40 हजारा करोड़ रुपए की प्रोजेक्ट-77 को भी मंजूरी दे दी है।

## बहराइच हिंसा पर प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा जनता कानून अपने हाथ में नहीं ले

### उप मुख्यमंत्री मौर्य ने कहा, दोषियों के खिलाफ सख्त एक्शन होगा

लखनऊ (ईएमएस)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बहराइच हिंसा पर चिंता जताकर जनता से कानून अपने हाथ में नहीं लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बहराइच में हो रही हिंसा और प्रशासन के निष्क्रिय होने की खबरें अत्यंत दुखद हैं। बात दें कि बहराइच में प्रतिमा विसर्जन के जुलूस के दौरान हुई युवक की हत्या को लेकर बवाल बढ़ता जा रहा है। सोमवार सुबह जगह-जगह आक्रोशित भीड़ ने तोड़फोड़ कर आगजनी की है। पुलिस प्रशासन मामले को नियंत्रित करने में लगा हुआ है। प्रियंका गांधी ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं राज्य प्रशासन से अपील करती हूं कि त्वरित एक्शन लेकर, हिंसा रोकें। दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। वहीं यूपी की जनता से मेरी अपील है कि कृपया कानून अपने हाथ में न लें और शांति बनाए रखें। वहीं बहराइच में हुए बवाल पर कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल ने कहा जहां दंगा होता है, वहां जिला प्रशासन व योगी सरकार फेल होती है। राज धर्म का मतलब यह है कि हमारी प्रजा स्वतंत्र रहे, आनंदित रहे, संविधान और कानून का पालन हो और पालन कराया जाए। यूपी की योगी सरकार हर मामले में विफल साबित हो रही है। कांग्रेस मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में 16 अक्तूबर को संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन आयोजित कर रही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव इसी की तैयारी की समीक्षा करने पहुंचे हैं।

उधर, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि यूपी की शांति और सौहार्द बिगाड़ने की कोई भी साजिश सफल नहीं होगी। दंगाइयों को संरक्षण देने वाले फिर सक्रिय हो रहे हैं, लेकिन हमें सतर्क और सजग रहना होगा। दोषियों को कानून के दायरे में लाकर सख्त सजा दी जाएगी और पीड़ितों को पूरा न्याय मिलेगा। सभी नागरिकों से शांति और धैर्य बनाए रखने की अपील करता हूं।

## अगर बाबा सिद्दीकी यूपी में होता तो उसका एनकाउंटर हो गया होता

### रॉ के पूर्व अधिकारी एन के सूद ने कहा-वह भला इंसान नहीं था

मुंबई,(ईएमएस)। एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामले में सियासत गरमा गई है। इसी बीच रॉ के पूर्व अधिकारी एन के सूद ने कहा है कि बाबा सिद्दीकी की मौत पर लोग आंसू बहा रहे हैं लेकिन वह कोई भला इंसान नहीं था। वह एक माफिया था, अगर वह यूपी में होता तो उसका कब का एनकाउंटर हो गया होता।

सूद ने कहा कि मार्च 1993 में मुंबई बम ब्लास्ट हुआ था। सरकार ने जांच के लिए एक कमिटी बनाई गई थी, कमिटी ने तीन महीने के अंदर रिपोर्ट दी थी। इस रिपोर्ट में अंडरवर्ल्ड और राजनेताओं के नाम थे। केंद्र में पीवी नरसिम्हा राव सरकार थी, उन्होंने सारे नाम निकलवा दिए थे ताकि उनके नेता न फंसे। सूद ने कहा कि बाबा सिद्दीकी के खिलाफ जांच चल रही थी। उनकी 400 करोड़ रुपए की संपत्ति भी जब्त कर ली गई थी। उसे ईडी गिरफ्तार करने की तैयारी में थी, उससे पहले उसकी हत्या हो गई।

उन्होंने कहा कि हां बाबा सिद्दीकी एक बहुत ही खास नेता थे। यह अंडरवर्ल्ड और बॉलीवुड के बीच एक कड़ी थे। उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के मामले भी दर्ज हैं। सूद ने कहा कि लॉ एंड ऑर्डर बेहतर होगा। यूपी के अंदर जितने जिहादी थे, अंडरवर्ल्ड कनेक्शन वाले थे उनका एनकाउंटर हो गया या उन्हें गोली मार दी गई सिद्दीकी की जो हत्या हई, वह अच्छा नहीं है लेकिन अंडरवर्ल्ड से कनेक्शन था। शिंदे सरकार ऐसे आदमी को राजकीय सम्मान दे रही है। सूद ने कहा कि नवाब मलिक और संजय राउत भी जेल में रहे। आज वे बाबा सिद्दीकी की मौत पर आंसू बहा रहे हैं। लॉरेंस बिश्नोई ने क्लेम किया है उसने बाबा सिद्दीकी को मरवाया लेकिन बाबा सिद्दीकी यूपी में होते तो योगी बाबा ने एनकाउंटर करवा दिया होता।

## बाबा सिद्दीकी के नाम है करोड़ों की संपत्ति, जीते थे लग्जरी लाइफ

### राजनीतिक गलियारों से लेकर बॉलीवुड तक उनका था जलवा

मुंबई,(ईएमएस)। महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा नाम और बॉलीवुड से गहरा कनेक्शन रखने वाले बाबा सिद्दीकी की मुंबई के बांद्रा में गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह लग्जरी लाइफ जीते थे, इसके साथ ही समाज सेवा से जुड़े कार्यों में भी वे बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे। कांग्रेस से चुनावी सफर शुरू करके अजित पवार गुट से जुड़कर एनसीपी नेता बने बाबा जियाउद्दीन सिद्दीकी पर शनिवार को हमलावरों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर हत्या कर दी थी। इस हमले में उनके बेटे जीशान सिद्दीकी बाल-बाल बच गए थे। बाबा सिद्दीकी पर ये हमला उस समय हुआ था, जब वह अपने बेटे के साथ ऑफिस से घर जा रहे थे। गोलियां लगने से गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।

बाबा सिद्दीकी का जन्म पटना में



हुआ था और मुंबई में राजनीतिक गलियारों से लेकर बॉलीवुड तक उनका जलवा देखने को मिलता था। उनकी इफ्तार पार्टियों में फिल्म जगत की दिग्गज हस्तियां शामिल होती थीं। लग्जरी लाइफ जीने वाले बाबा सिद्दीकी की नेटवर्थ की बात करें, तो उनके द्वारा 2014 के लोकसभा चुनावों के दौरान इलेक्शन कमीशन को सौंपे गए हलफनामे के मुताबिक, 76 करोड़ रुपए के आस-पास थी। हालांकि, उनके पास इससे कहीं ज्यादा संपत्ति है। साल 2018 में ईडी ने उनसे जुड़े सिद्दीकी और पिरामिड डेवलपर्स के 33 लग्जरी फ्लैट जब्त किए थे, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 462 करोड़ रुपए बताई जाती है।

चुनावी हलफनामे के मुताबिक दिवंगत बाबा सिद्दीकी ने चुनावी हलफनामे में संपत्ति से जुड़ी जो जानकारी दी थी, उससे उनकी लग्जरी लाइफस्टाइल का अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने बताया था कि उनके पास पत्नी और बेटी समेत करीब छह करोड़ रुपए के सोने चांदी के जेवर थे।

वहीं दो मर्सिडीज बेंज कारें थी, जिनकी कुल कीमत 1.15 करोड़ रुपए बताई गई थी। हलफनामे के मुताबिक, बाबा सिद्दीकी के नाम पर मुंबई के बांद्रा वेस्ट में एक कॉमर्शियल बिल्डिंग थी, जिसकी कीमत करीब चार करोड़ रुपए थी। दो मकान भी उनके नाम पर थे, जिनकी कुल कीमत 18 करोड़ रुपए से ज्यादा बताई गई थी। वहीं पत्नी के नाम पर 1.91 करोड़ रुपए की कॉमर्शियल बिल्डिंग और 13.73 करोड़ रुपए की रेजिडेंशियल प्रॉपर्टीज दर्ज हैं।

### मैं अब कभी रतन टाटा को फिर कभी मुस्कुराते हुए नहीं देख पाऊंगाः शांतनु



नई दिल्ली,(ईएमएस)। उद्योगपति रतन टाटा के निधन के बाद उनके भरोसेमंद सहयोगी शांतनु नायडू ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट लिखी है, उन्होंने लिखा कि उनके लिए यह स्वीकार करना मुश्किल हो रहा है कि वे रतन टाटा को फिर कभी मुस्कुराते हुए नहीं देख पाएंगे। रतन टाटा का बुधवार देर रात अस्पताल में निधन हो गया था। उनके निधन से पूरा देश स्तब्ध और दुखी है। शांतनु नायडू रतन टाटा के सबसे करीबी दोस्त रहे हैं। साथ ही वह टाटा ट्रस्ट के सबसे युवा मैनेजर भी हैं।

शांतनु 2014 में पहली बार रतन टाटा से मिले, उन लोगों को भी धन्यवाद दिया जिन्होंने पिछले तीन दिनों में उन्हें शोक संदेश भेजे थे। इंस्टाग्राम पोस्ट में मुंबई के एक पुलिसकर्मी को आंसू भरी आंखों वाले शांतनु को थपथपाते और सांत्वना देते हुए देखा जा सकता है। शांतनु ने पोस्ट में लिखा है-आखिरकार बैठकर चीजों को महसूस करने का मौका मिल रहा है। अभी भी इस बात को स्वीकार करने की कोशिश कर रहा हूं कि मैं उन्हें फिर कभी मुस्कुराते हुए नहीं देख पाऊंगा या उन्हें मुस्कुराने का मौका नहीं दे पाऊंगा।

शांतनु ने अपने पोस्ट में आगे लिखा- पिछले तीन दिनों में, देशभर से अजनबियों ने ढेरों संदेश भेजे हैं। इन्हें पढ़कर ऐसा लग रहा है, जैसे आप और मैं सालों से परिवार हैं। हर बार जब मैं सोचता था कि दुख खत्म हो जाएगा, तो आप में से किसी एक का कोई संदेश या इशारा मुझे हौसला देता था।

# बीसीसीएल में पाँच दिवसीय संक्षिप्त अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन






धनबाद । बीसीसीएल के कोयला भवन में केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो, नई दिल्ली के सहयोग से पाँच दिवसीय संक्षिप्त अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक (कार्मिक) श्री मुरली कृष्ण रमैया द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम दिनांक 18 अक्तूबर, 2024 तक चलेगा। उदघाटन सत्र की अध्यक्षता श्री मुरली कृष्ण रमैया, निदेशक (कार्मिक) ने की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्री सरोज कुमार पाण्डेय, महाप्रबंधक, कल्याण और श्री सुनील कुमार, महाप्रबंधक, सीटीपी, श्री सत्यप्रिय रॉय, उपमहाप्रबंधक (अधिकारी स्थापना) शामिल रहे। कार्यक्रम के आरंभ में केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो से पधारे दोनों संकाय सदस्यों श्रीमती लेखा सरीन और श्री अरुण कुमार को पुष्पगुच्छ, शॉल एवं पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम सत्र में श्रीमती लेखा सरीन, केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो, नई दिल्ली की अनुवाद प्रशिक्षिका द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। द्वितीय सत्र में अनुवाद प्रशिक्षण श्री अरुण कुमार, प्रभारी, केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो, कोलकाता ने दिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीसीसीएल के विभिन्न अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया और अनुवाद के विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री मुरली कृष्ण रमैया, निदेशक (कार्मिक) ने अपने उद्बोधन में कहा कि "हिन्दी एक वैज्ञानिक भाषा है, जिसमें जो लिखा जाता है वही बोला भी जाता है।" उन्होंने अनुवाद एवं अनुवादकों के महत्व पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन श्री दिलीप कुमार सिंह, प्रबंधक (राजभाषा) द्वारा कुशलता पूर्वक किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बीसीसीएल के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक रहा बल्कि हिन्दी के प्रचार-प्रसार के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध हुआ।

## रणधीर वर्मा चौक पर आंगनबाड़ी सहायिका एवं सेविकाओं ने किया धरना प्रदर्शन

### विगत 5 अक्टूबर से राज्य भर की आंगनबाड़ी सहायिका एवं सेविकाएं अनिश्चित हड़ताल पर है



धनबाद, दुर्गा पूजा सम्पन्न होने के बाद एक बार फिर से झारखंड की आंगनबाड़ी सहायिका एवं सेविकाओं का आंदोलन चरम पर है। पिछले 5 अक्टूबर से राज्य भर की आंगनबाड़ी सहायिका एवं सेविकाएं अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।सोमवार को धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर सैकड़ों की संख्या में आंगनबाड़ी सहायिका एवं सेविकाओं का जुटान हुआ।धरना प्रदर्शन के माध्यम से इन्होने अपनी आवाज को बुलंद किया।राज्य कर्मचारी घोषित करने की मांग समेत सेवा शर्त नियमावली में आवश्यक संशोधन करते हुए समय पर मानदेय वार्षिक वृद्धि का लाभ दिया जाए। सहायक अध्यापक के तर्ज पर सेविका सहायिकाओं के लिए मानदेय का प्रावधान किया जाए ।मानदेय का केंद्रीय एवं राज्य के अंश का भुगतान एक साथ प्रति माह नियमित समय पर किया जाए आदि मांगे शामिल थी ।

22वीं पुण्यतिथि पर याद किए गए मजदूर नेता नगीना पासवान

## विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने पुष्प अर्पित कर किया नमन



धनबाद। सोमवार को झरिया के मजदूर नेता नगीना पासवान की 22वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, नगीना पासवान के पुत्र कृष्णा पासवान, जितेंद्र पासवान, दलित सेना के अध्यक्ष दिनेश पासवान समेत कई लोगों ने झरिया के बस्ताकोला गौशाला मोड पर लगे मजदूर नेता नगीना पासवान की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर पहुंची झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि नगीना पासवान मजदूर मसीहा थे। उन्होंने गरीब शोषित मजदूरों की आवाज हमेशा बुलंद की और मजदूरों को न्याय दिलाने का काम किया। आज हम सब उन्ही के बताए मार्गो पर चल कर मजदूरों की सेवा में जुटे हैं। नगीना बाबू हम सभी के अभिभावक समान थे। वह हमेशा हम सभी के प्रेरणास्त्रोत रहेंगे। इधर मजदूर नेता नगीना पासवान के पुत्र कृष्णा पासवान ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब मजदूरों पर प्रबंधक दमनकारी नीति अपनाते थे उस समय मजदूरों को हक दिलाने उनकी सुरक्षा प्रदान करने समेत कई कार्य के लिए नगीना बाबू हमेशा संघर्ष करते रहे । 1990 के समय जब बीसीसीएल समेत अन्य कोलियरियों में मजदूरों की घोर कमी थी तो इसके लिए उन्होंने केंद्र सरकार से मांग कर लगभग 8 हजार रिक्त पदों को भरवाने का काम किया। नगीना पासवान के मित्र रहे बस्ताकोला के पूर्व मुखिया रामबालक सिंह ने कहा आज अगर नगीना पासवान होते तो बीसीसीएल प्रबंधक इस तरह मजदूरों पर मनमानी नहीं करते।

# प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला में विभिन्न नियोजकों द्वारा 54 आवेदकों को किया गया शॉर्ट-लिस्ट






धनबाद।अवर प्रादेशिक नियोजनालय परिसर, बरटाँड़, धनबाद द्वारा गुरु नानक कॉलेज, बरमसीया, धनबाद मे प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला 2024 का आयोजन किया गया। इस आयोजन में आनन्द कुमार, नियोजन पदाधिकारी, धनबाद के द्वारा प्राचार्य, डॉ०, संजय प्रसाद, गुरु नानक कॉलेज, बरमसिया , धनबाद को स्वागत पौधा दिया गया। आनंद कुमार, नियोजन पदाधिकारी, धनबाद, राकेश कुमार, प्राचार्य, आईटीआई, गोविंदपुर एवं डॉ० संजय प्रसाद, प्राचार्य, गुरु नानक कॉलेज, बरमसीया, धनबाद द्वारा संयुक्त रूप से अप्रेंटिसशिप मेला का शुभारंभ किया गया ।सर्वप्रथम आनंद कुमार, नियोजन पदाधिकारी, धनबाद के द्वारा स्वागत भाषण दिया गया एवं शिक्षुता अधिनियम 1961 के अंतर्गत राज्य के निबंधित 30 एवं 30 से अधिक कामगारों वाले (संविदा सहित) (एमएसएमई, विनिर्माण क्षेत्र, सेवा क्षेत्र) एवं अन्य सभी प्रकार के प्रतिष्ठान, उपक्रम यथा होटल, रेस्टोरेन्ट, शॉपिंग मॉल, हॉस्पिटल, कोचिंग सेंटर, ओथोंराईज्ड सर्विस सेंटर, बैंक इत्यादि द्वारा तकनीकी प्रशिक्षणार्थियों (आई०टी०आई०, डिप्लोमा, इंजीनियरिंग, अल्पावधि कौशल) एवं गैर तकनीकी छात्रों (5वीं से स्नातक आदि) को नामित/वैकल्पिक व्यवसायों में 2.5-15 प्रतिशत बैण्ड में प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य है, जबकि 4 से 29 कामगारों वाले प्रतिष्ठानों हेतु यह वैकल्पिक है। प्राचार्य, डॉ०, संजय प्रसाद, गुरु नानक कॉलेज, बरमसीया, धनबाद ने अपने भाषण में बताया कि अप्रेंटिसशिप एक प्रकार का ट्रेनिंग कार्यकाल होता है, जिसमें अभ्यर्थी को औद्योगिक कार्य के लिए प्रशिक्षित किया जाता है | इस कार्यालय के दौरान व्यक्ति एक सामान्य वर्कर की तरह कार्य करता है | इस प्रोग्राम का सबसे बड़ा लाभ यह है कि उसमे अभ्यर्थी को उद्योग के बारे में सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान मिलता है जिनकी मदद से उसके कार्य कौशल में निखार आता है | प्रशिक्षण के दौरान अभ्यर्थी को वेतन भी दी जाती है | अभ्यर्थी को अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु (www.apprenticeshipindia.gov.in) पर अपना रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है | इसी प्लेटफॉर्म पर अनेक अनियोजक भी पंजीकृत होते है एवं योग्यता तथा रिक्तियों के आलोक में प्रशिक्षुओं के साथ अनुबंध करते है |अंत में नियोजन पदाधिकारी, धनबाद द्वारा धन्यवाद ज्ञापन करते हुए मेला की समाप्ति की गई।ज्ञात हो की इस अप्रेंटिसशिप मेला में 9 नियोजकों ने अपनी उपस्थिती दर्ज कराई तथा लगभग - 225 आवेदक, आवेदिकाओं ने भाग लिया। जिसमें विभिन्न नियोजकों द्वारा कुल – 54 आवेदकों को शॉर्ट-लिस्ट किया गया। अप्रेंटिसशिप मेला में आनन्द कुमार, नियोजन पदाधिकारी, धनबाद के अतिरिक्त, राकेश कुमार, प्राचार्य, आईटीआई, गोविंदपुर, सूरज कुमार, उच्च वर्गीय लिपिक, प्रशान्त गोयल, संजय कुमार साव एवं कार्यालय के सभी कर्मचारी मौजूद थे।

## सप्ताहव्यापी श्रीमद भागवत कथा आयोजन को लेकर निकाला गया भव्य कलश शोभा यात्रा, झूमें श्रद्धालु



धनबाद। निरसा के मदनपुर पंचायत स्थित तिलतोड़िया गांव में आयोजित 15 से 21अक्टूबर तक सप्ताह व्यापी श्रीमद भागवत कथा को लेकर मंगलवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई । कलश शोभा यात्रा की शुरुआत गांव में स्थित बड़ा तालाब समीप पूजा पाठ एवं वैदिक मंत्रउच्चारण के साथ सभी भक्तगण कलश पात्र में जल भरकर पुरे गांव का भ्रमण किया। इस दौरान भक्ति गीत से पूरा तिलतोड़िया गुंजामयान हो गया। कथावचक, उत्तम कृष्ण शास्त्री महाराज ने कहा की तिलतोड़िया में सप्ताह व्यापी भागवत कथा का आयोजन किया गया है। जो की प्रतिदिन संध्या 4 बजे से संध्या 7 बजे तक चलेगा। सभी श्रद्धालु इस पावन कथा में शामिल होकर अपने जीवन में कथा श्रवण करें,तिलतोड़िया गांव में श्रीमद् भागवत कथा को लेकर स्थानीय युवकों में काफी खुशी देखी जा रही है। पूर्व में भी तिलतोड़िया गांव में भव्य श्रीमद् भागवत कथा का सफल आयोजन किया जा चुका है । जिसका श्रेय समस्त तिलतोड़िया ग्रामवासियों को जाता है।

राजकमल में एक दिवसीय विज्ञान मेला संपन्न

# विज्ञान मेला से बच्चों में तार्किक क्षमता एवं विज्ञान के प्रति रूचि विकसित होती है : सुमन्त कुमार मिश्रा




धनबाद, राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर धनबाद में विद्यालय स्तरीय विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। जिसमें 200 की संख्या में बाल वैज्ञानिकों ने भाग लिया बताते चले कि विद्यालय से चयनित 50 बाल वैज्ञानिक प्रांतीय विज्ञान मेला में भाग लेने गिरिडीह जाएँगे ।विज्ञान मेला का उद्घाटन आईआईटी आईएसएम के दो विद्वान शिक्षक , प्रो• बॉबी एंथनी एवं डॉ• के पी अजीत, विद्यालय के संरक्षक शंकर दयाल बुधिया ,प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा के हाथों संपन्न हुआ। विद्यालय के प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा ने मीडिया को बताया कि प्रत्येक वर्ष विद्यालय स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक की आयोजित विज्ञान मेला में राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर के बाल वैज्ञानिक चैंपियनशिप लेकर आते हैं । इन आयोजनों से बच्चों में तार्किक क्षमता बढ़ती है एवं विज्ञान के प्रति उनकी सोच बृहद होती है । बाल वर्ग ने गति पर, कृषि एवं तकनीक पर, संवेदकों पर एवं नवाचार पर प्रदर्श बनाया ।किशोर एवं तरुण वर्ग ने नवीकरणीय ऊर्जा, वायु प्रदूषण, विद्युत चुंबकीय प्रेरण, नैनो तकनीक एवं नवाचार पर प्रदर्श का निर्माण किया । मेला में बतौर निर्णायक सुषमा पांडे ,सप्तमी मोईत्रा लाहिरी, कुणाल कुमार, प्रतिमा चौबे ,सरदार कृपाल सिंह, रतीश रंजन मिश्रा, अजय कुमार झा, ओमप्रकाश पांडे नवीन मिश्रा,रीता कुमारी एवं सिमरन सिन्हा उपस्थित थीं।कार्यक्रम में उप प्राचार्या उमा मिश्रा विज्ञान मेला के प्रमुख , विभूति सिंह ,मनोहर कुमार एवं कुणाल विश्वकर्मा सह प्रमुख के रूप में मेला की देखरेख कर रहे थे । इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक शंकर दयाल बुधिया, अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान ,उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार पटनिया, सचिन संजीव कुमार अग्रवाल ,सहसचिव दीपक रूईया, कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर अग्रवाल, प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा,उप प्राचार्या उमा मिश्रा,उप प्राचार्य मनोज कुमार प्रभारी प्रतिमा चौबे,पार्थ सारथी सरकार एवं सुमोना दीक्षित ने चयनित बाल वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए आगे बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामना दी ।

## झारखंड कुशवाहा समाज ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

धनबाद, सोमवार को झारखण्ड कुशवाहा महासभा के अध्यक्ष, हकीम प्रसाद महतो के नेतृत्व में कुशवाहा महासभा के एक प्रतिनिधि मंडल झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से रांची स्थित कांग्रेस भवन में मुलाकात की और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर झारखण्ड कुशवाहा महासभा के अध्यक्ष, हकीम प्रसाद महतो एवं प्रतिनिधि मंडल के द्वार अगामी विधानसभा को लेकर चर्चा की । जिसमें हकीम प्रसाद महतो ने मांग करते हुए कहा कि जिसकी जितनी संख्या है, उस हिसाब से उसको उतना हक भी मिलना चाहिए और यही बात कांग्रेस के लोकप्रिय और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी जनसभाओं में कहते है और सामाजिक न्याय की बात करतें है। जिस पर झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कामलेश ने आश्वस्त करते हुए कहा कि इस बात को मैं प्रदेश प्रभारी और केन्द्रीय चुनाव कमिटी के समक्ष भी रखूंगा। और झारखण्ड में कुशवाहा समाज को सांख्य के अनुरूप आगामी विधानसभा में प्रतिनिधित्व मिल सके । इसके लिए हर संभव प्रयास करूंगा। इस मौके पर कुशवाहा महासभा के महासचिव, सत्यदेव प्रसाद वर्मा,रविन्द्र वर्मा, नरेश वर्मा,राजेश कुमार आदि शामिल थे।

ईसीआरकेयू दाखिल करेगा 22 को नामांकन पत्र

## यूनियन के मान्यता प्राप्त करने के लिए 4-6 दिसम्बर को रेलकर्मी करेंगे मतदान



धनबाद, रेलवे में यूनियनों की मान्यता प्राप्त करने के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा मतदान के विभिन्न चरणों की तिथियों की घोषणा कर दी गई है। इसके तहत ईस्ट सेंट्रल रेलवे जोन में ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन, ईसीआरकेयू द्वारा हाजीपुर महाप्रबंधक मुख्यालय में 22 अक्तूबर को नामांकन दाखिल करने की तैयारी की जा रही है। इस अवसर पर यूनियन ने उक्त तिथि को रेलकर्मियों की एक विशाल जनसभा करने का कार्यक्रम किया जाएगा। ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा इस दिन उपस्थित रेलकर्मियों को संबोधित करेंगे। साथ ही ईसीआरकेयू को पुनः बहुमत से जीत दिलाने का आह्वान करेंगे। ईसीआरकेयू के अध्यक्ष डी के पाण्डेय और महामंत्री एस एन पी श्रीवास्तव भी अपने संबोधन में ईसीआरकेयू एवं फेडरेशन के उपलब्धियों को जनसभा में रेलकर्मियों के समक्ष रखेंगे । ईसीआरकेयू के पूर्व अपर महामंत्री तथा अनुभवी और वरीय कॉमरेड बी के सिंह भी रेलकर्मियों को एक मजबूत यूनियन बनाने के लिए ईसीआरकेयू को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए अपना संदेश देंगे । उक्त जानकारी देते हुए ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह धनबाद मंडल के पी एन एम प्रभारी मो, ज़्याऊद्दीन ने कहा की रेलवे में यूनियन को जोनल स्तर पर मान्यता प्राप्त करने के लिए रेलकर्मी अपने गुप्त मतदान द्वारा यूनियन का चुनाव करते आ रहे हैं। यह पद्धति 2007 से प्रारंभ किया गया । जिसमें पूर्व मध्य रेलवे में ईसीआरकेयू ने भारी मतों से जीत हासिल की। छः वर्ष बाद 2013 में भी हुए चुनाव में पुनः ईसीआरकेयू को बहुमत मिला। 2019 के कोरोना के संक्रमण काल में रेलप्रशासन चुनाव प्रक्रिया नहीं करा पाई और फिर विभिन्न राज्यों के विधान सभा एवं फिर संसदीय चुनाव में प्रशासनिक व्यस्तता के कारण भी यूनियन के चुनाव नहीं हो पाया । अंततः फेडरेशन के दबाव पर रेलवे बोर्ड ने 4 से 6 दिसम्बर' 2024 को रेलवे में यूनियन के मान्यता प्राप्त करने के लिए चुनाव कराने की घोषणा की। इसके अंतर्गत नामांकन दाखिल करने के लिए ईसीआरकेयू ने 22 अक्तूबर की तिथि निर्धारित किया है। ईसीआरकेयू धनबाद टू शाखा के अध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी एन के खवास ने बताया कि उक्त तिथि को धनबाद मंडल के सभी शाखा सचिव तैयारियों में जुटे हुए हैं। इस दिन की तैयारियों के लिए एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा, ईसीआरकेयू के सहायक महामंत्री ओमप्रकाश, केन्द्रीय संगठन मंत्री सोमेन दत्ता एवं नेताजी सुभाष, धनबाद टू के अध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी एन के खवास, चुनाव प्रभारी,राजेश कुमार,धनबाद मंडलीय युवा समिति के सचिव राकेश कुमार, शाखा सचिवगण सी पी पाण्डेय, उमेश कुमार सिंह,सुनील कुमार सिंह,आर एन चौधरी,अजीत कुमार,आर एन चौधरी,महेन्द्र प्रसाद महतो,चंदन शुक्ल,बसंत दूबे,आई एम सिंह,आर के सिंह,पी के सिन्हा,बृज किशोर साव,बी बी सिंह,जे के साव आदि अपने अपने स्तर पर प्रचार प्रसार में लगे हुए हैं।

राष्ट्रीय सीनियर महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के तहत

# राजगंज स्थित बड्स गार्डेन स्कूल में 8 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक लगाया गया कैम्प





राजगंज (धनबाद), राष्ट्रीय सीनियर महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के तहत "राजमाता जीजाबाई ट्रॉफी 2024- 25 " सिलीगुड़ी पश्चिम बंगाल में झारखंड की ओर से खेलने हेतु बड्स गार्डेन स्कूल ,राजगंज धनबाद में दिनांक 8 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2024 तक के लिए कैंप लगाया गया है । जिसमें पूरे झारखंड के विभिन्न जिलों जैसे धनबाद, हजारीबाग, रांची,गिरिडीह, गुमला, सिमडेगा, आदि से लगभग 40 महिला फुटबॉल खिलाड़ियों दिन-रात अभ्यास कर रही है।इसमें से कल 22 खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें झारखंड की ओर से सिलीगुड़ी में खेलने हेतु महिला टीम भेजी जाएगी।सिलीगुड़ी , पश्चिम बंगाल में इस चैंपियनशिप का कार्यक्रम दिनांक 18अक्टूबर 2024 से 23 अक्टूबर 2024 तक है । यदि झारखंड की टीम सिलीगुड़ी में प्रतियोगिता में विजय होती है तो उन्हें नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेने हेतु द्वितीय चक्र में भाग लेने हेतु 11 नवंबर से 22 नवंबर 2024 तक खेलने हेतु भेजी जाएगी।इस कैंप में पूर्व में नेशनल खेल चुकी कई महिला खिलाड़ियों जैसे पूर्णिमा लिंडा, सुनीता मुंडा, दुल्लर मरांडी, पूजा टोप्पो, संध्या कच्छप शामिल है जो कि एस. एस. बी. सीमा शक्ति बल में भी सेवा दे रही है। इसके अलावा वर्ल्ड कप में भाग ले चुकी अंजलि मुंडा, अनीता कुमारी एवं अनीशा उरांव व इंडिया टीम से पूर्व में खेल चुकी शिवानी टोप्पो, विक्षित बावा, दिव्यानी लिंडा ,अनुष्का कुमारी नीतू लिंडा ,ललिता बोएपी, बबीता कुमारी ,अमीषा कुमारी नसीमा कुमारी आदि व झारखंड फुटबॉल में भाग ले चुकी जोशना भाव ,मालती कुमारी ,चांमनी कुमारी ,प्रतीक्षा लकड़ा, तन्नु तिग्गा ,संगीता हांसदा ,पूजा कुमारी, रीना कुमारी ,सोनम कुमारी ,प्रतिभा कुमारी आदि भी इस कैंप में हिस्सा लेकर प्रतिदिन अभ्यास कर रही हैं। पूरी टीम को कोचिंग देने का काम ए एफ सी, बी डिप्लोमा कोच, पारस करमाली , जे एफ ए सदस्य डॉ, अविनाश टोप्पो एवं सहयोगी दीपक कुमार महतो को सौंपा गया है। झारखंड फुटबॉल संघ के सचिव गुलाब रब्बानी के निर्देश पर कैंप निदेशक, प्रमोद चौरसिया, प्राचार्य,बड्स गार्डेन स्कूल के देखरेख में इस ट्रायल शिविर का आयोजन किया गया है।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com ▶ समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।